जबलपुर, मंगलवार 17 मार्च 2026 ■ चैत्र मास कृष्ण पक्ष-13 ■ वर्ष : 20, अंक : 315 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 * मौसम अधि. 31 न्यून. 18 haribhoomi.com

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

मुंद्रा पोर्ट पर खड़ा शिवालिक शिप

मुंद्रा पोर्ट पहुंचा शिवालिक शिप लदी है लाखों सिलेंडर बराबर गैस

शिवालिक और नंदा देवी के बाद 'जग लाडकी' भी आ रहा भारत

तिरंगे वाले टैंकर दुनिया को दिखा रहे दम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान के युद्धग्रस्त होर्मुज स्ट्रेट से गुजर कर तिरंगे वाला पहली भारतीय जहाज 'शिवालिक' गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पहुंच चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान के बीच हुई बातचीत के बाद 'शिवालिक' एलपीजी टैंकर पहला जहाज है, जिसे ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने दिया। इसके बाद एलपीजी टैंकर 'नंदा देवी' को भी ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की अनुमति दी। हालांकि, भारतीय झंडे वाला तीसरा जहाज जो 'नंदा देवी' के पीछे-पीछे भारत की ओर शान से बढ़ता चला आ रहा है, वह एक तेल टैंकर 'जग लाडकी' है। नंदा देवी के मंगलवार को गुजरात में ही कांडला बंदरगाह पहुंचने की योजना है। दोनों टैंकरों पर लगभग 92,712 मीट्रिक टन एलपीजी लदे हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि 14 मार्च, 2026 को जब भारतीय झंडे वाला जहाज जग लाडकी, फुजैराह सिंगल प्वॉइंट मूरिंग में कच्चा तेल लोड कर रहा था, तब फुजैराह तेल टर्मिनल पर अटैक हुआ। फारस की खाड़ी के पश्चिमी क्षेत्र में भारतीय झंडे वाले 22 जहाज बच गए हैं, जिनपर 611 नाविक सवार हैं। मंत्रालय के मुताबिक ये जहाज और नाविक डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ शिपिंग की निगरानी में हैं। यह भारत की कूटनीति का परिणाम है कि धीरे-धीरे पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच भारतीय जहाजों को एक-एक करके सुरक्षित निकलने का मौका मिल रहा है।

कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में कृषि अभिमुखीकरण कार्यक्रम में सीएम का ऐलान

विधानसभावार होंगे कृषि सम्मेलन कृषि विभाग देगा '5 लाख रुपए'

प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को 9 से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का रखा गया लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री ने कहा कि गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने और क्षेत्र में नरवई प्रबंधन के लिए राज्य सरकार ट्रैक्टर-ट्रॉली और भूसे की मशीन उपलब्ध करवा रही

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हर विधानसभा क्षेत्र में कृषि यंत्रों की दुकानें खुलेंगी, जिनसे लघु कृषकों को खेती के लिए किराए पर यंत्र उपलब्ध करवाए जाएंगे। विधानसभावार कृषि सम्मेलन होंगे।

विधायक अपने क्षेत्र में 4 से 5 कृषि सम्मेलन करें, इसके लिए कृषि विभाग ने प्रति विधानसभा क्षेत्र 5 लाख रुपए आवंटित करने का निर्णय किया है। इन प्रयासों से कृषि कल्याण के लिए सकारात्मक वातावरण बनेगा। किसान सौर बिजली उत्पादन की सभी योजनाओं का लाभ उठाएं। लघु-कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए भी कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है। पिछले डेढ़ साल में प्रदेश का दूध कलेक्शन 25 प्रतिशत बढ़ा है। अब प्रदेश में प्रतिदिन 12.50 लाख लीटर दूध कलेक्शन किया जा रहा है। दूध का मूल्य भी 5 रुपए प्रति लीटर बढ़ा दिया गया है। इससे दुग्ध उत्पादकों को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार में कृषक कल्याण वर्ष में सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए आयोजित अभिमुखीकरण कार्यशाला में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने और क्षेत्र में नरवई प्रबंधन के लिए राज्य सरकार ट्रैक्टर-ट्रॉली और भूसे की मशीन उपलब्ध करवा रही है। राज्य सरकार ने स्कूली बच्चों के लिए निःशुल्क दूध वितरण के लिए माता यशोदा योजना शुरू करने की पहल की है। इस मौके पर दोनों उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेंद्र शुक्ला समेत एक दर्जन से अधिक मंत्री व बड़ी संख्या में अन्य लोग मौजूद थे।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

विधायक अपने क्षेत्र में 4 से 5 कृषि सम्मेलन करें

कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीएम

- लघु कृषकों को उन्नत खेती के लिए किराए पर उपलब्ध कराएं जाएंगे कृषि यंत्र
- डेढ़ साल में प्रदेश का दूध संकलन 25 प्रतिशत बढ़कर हुआ 12.50 लाख लीटर

मप्र क्षेत्रफल के हिसाब से कृषि में चौथे स्थान पर

प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह ने कहा कि हमारा मप्र अब हजार और लाख में नहीं, मिलियन, बिलियन और ट्रिलियन में बात करने के लिए तैयार है। मप्र क्षेत्रफल के हिसाब से कृषि में चौथे स्थान पर है। इसके बावजूद मप्र कई खाद्यान्नों के उत्पादन में देश में, पहले और दूसरे स्थान पर हैं। मध्यप्रदेश चौथे स्थान पर भी रहते हुए देश के खाद्यान्न उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रदेश के किसानों को सस्ती दरों पर बिजलीऔर सिंचाई के लिए पंप उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

पिछले 10 साल से कृषि क्षेत्र में 2 अंकों में वृद्धि

कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक वर्णवाल ने कहा कि मप्र पिछले 10 साल से कृषि क्षेत्र में 2 अंकों में वृद्धि कर रहा है। इस गति को बनाए रखने के लिए कई विभागों को जोड़कर कृषक कल्याण वर्ष मना रहे हैं। कार्यशाला में जैविक खेती, उद्यानिकी में नर्सरी, कोदो-रागी जैसे मोटे अनाजों से आइसक्रीम निर्माण, केज कल्चर सहित अनेक महत्वपूर्ण तकनीकी सत्र आयोजित किए गए।

पीएम से मुख्यमंत्री ने की सौजन्य भेंट

किसान कल्याण वर्ष की गतिविधियों से कराया अवगत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को नई दिल्ली में सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ प्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया।

नकली लैब रिपोर्ट से विदेशों में दूध उत्पाद बेचने पर ईडी की कार्रवाई

20 करोड़ की 'विदेशी मुद्रा' मामले में किशन मोदी गिरफ्तार

कंपनी डायरेक्टर किशन मोदी 18 मार्च तक रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दूध उत्पादन कंपनी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कारोबारी किशन मोदी को 13 मार्च को गिरफ्तार कर लिया है। ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रवीण पटेल के न्यायालय में पेश कर उससे अपराध के संबंध में पूछताछ करने के लिए 18 मार्च तक रिमांड पर दिए जाने का अनुरोध किया था। सुनवाई के बाद विशेष न्यायाधीश ने पूछताछ के लिए 18 मार्च तक रिमांड पर दे दिया। मोदी जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट कंपनी का मालिक है। आरोप है कि फर्जी लैब रिपोर्ट के आधार पर विदेशों में दूधउत्पादों का निर्यात कर अवैध तरीके से लगभग 20 करोड़ रुपए की विदेशी मुद्रा जमा की गई। ईडी ने कहा कि कंपनी 'मिल्क मैजिक' ब्रांड नाम से डेयरी उत्पादों की आपूर्ति करती थी। बयान के अनुसार जेजीएफपीपीएल कंपनी पर दूध के वसा के स्थान पर पाम ऑयल और अन्य हानिकारक रसायनों का उपयोग करके मिलावटी डेयरी उत्पाद बनाने का आरोप है। जांच एजेंसी के मुताबिक यह कार्रवाई पीएमएलए और फेमा के प्रावधानों के तहत की गई है।

कई शहरों में करोड़ों का निवेश कर आउटलेट खोले

जांच एजेंसी के अनुसार किशन मोदी ने देश के कई शहरों में करोड़ों रुपए का निवेश कर आउटलेट भी खोले थे। इनमें डोमिनोज और तिरुपति बाबाजी नाम से जुड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का भी उल्लेख सामने आया है। इस मामले में पहले भी आर्थिक अपराध प्रकोष और ईडी द्वारा वित्तीय अनियमितताओं को लेकर कार्रवाई की जा चुकी है। जांच एजेंसी अब विदेशी लेन-देन, फर्जी दस्तावेजों और निवेश के नेटवर्क की गहन पड़ताल कर रही हैं।

सहेली
आज के अंक के साथ

खबर संक्षेप

बैटल ऑफ गलवान फिल्म का बदला टाइटल

नई दिल्ली। सलमान खान की अपकमिंग फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का नाम बदल गया है। साल 2020 में गलवान घाटी में चीन के साथ लड़ी गई खूनी लड़ाई पर बनी इस फिल्म का नाम अब 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' होगा। यह घोषणा सोमवार, 16 मार्च को मेकर्स की ओर से की गई है। इसी के साथ फिल्म का नया पोस्टर भी जारी किया गया है। जिसमें सलमान खान का खतरनाक लुक नजर आ रहा है।

जबलपुर जिला अदालत के गेट पर 'धमाका'

जबलपुर। जिला अदालत परिसर में बम धमाके की घटना ने न्यायिक सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। जिला अदालत के द्वार क्रमांक-2 के पास अचानक तेज धमाका हुआ, जिससे परिसर में मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। घटना तब हुई जब अधिवक्ता अपने घरों को लौटने की तैयारी कर रहे थे।

धार भोजशाला: हाई कोर्ट का बड़ा फैसला

जज खुद करेंगे मुआयना, 2 अप्रैल से पहले होगा दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर/धार

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर बेंच ने धार जिले के अति-संवेदनशील भोजशाला मामले में एक अहम टिप्पणी की है। जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की बेंच ने कहा कि मामले से जुड़े कई विवादों को देखते हुए वे 2 अप्रैल की अगली सुनवाई से पहले स्वयं परिसर का मुआयना करेंगे। जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की बेंच ने इस विवादित परिसर से जुड़ी याचिकाओं की नियमित सुनवाई के लिए 2 अप्रैल की तारीख तय की। बेंच ने अपनी मौखिक टिप्पणियों में कहा कि कई विवादों को देखते हुए हम इस परिसर का दौरा करना।


■ इस दौरान कोई भी पक्ष वहां मौजूद नहीं रह पाएगा

संदिग्ध तकनीकी खराबी बनी कारण

न्यूयॉर्क से दिल्ली आ रही एयर इंडिया उड़ान आयरलैंड डायवर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एयर इंडिया की न्यूयॉर्क-दिल्ली फ्लाइट एआई 102 को संदिग्ध तकनीकी खराबी के चलते ऐहतियातन आयरलैंड के शैनन एयरपोर्ट पर उतारा गया। विमान में करीब 300 लोग सवार थे और सभी यात्री व क्रू सुरक्षित हैं। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बयान में कहा कि 15 मार्च को न्यूयॉर्क (जेएफके) से दिल्ली के लिए रवाना हुई फ्लाइट एआई 102 को संभावित तकनीकी समस्या के बाद शैनन, आयरलैंड की ओर डायवर्ट किया गया। एयरलाइन के अनुसार विमान ने स्थानीय समयानुसार सुबह 4:30 बजे शैनन एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग की और सभी यात्री व चालक दल सुरक्षित हैं।


■ विमान में करीब 300 लोग सवार थे

राजगढ़ में बाईपास पर बड़ी दुर्घटना

बिना ड्राइवर का डंपर बेकाबू दो छात्राओं को पीछे से रौंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यालय पर सोमवार दोपहर हुए हादसे में एक डंपर ने दो छात्राओं को पीछे से कुचल दिया। दुर्घटना में एक 20 वर्षीय छात्रा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, दूसरी छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे आसपास एकत्रित युवाओं ने तुरंत समीप के आरोग्य अस्पताल भिजवाया। जिसके चलते उसकी जान बच पाई। घटना सोमवार दोपहर करीब 1 बजे की है। डंपर (आरजे-17 जीबी-3374) दरगाह गेट के थोड़ा आगे अनियंत्रित हुआ। यहां पहले उसने एक कार को टक्कर मारी और उसके बाद आगे आरोग्य हॉस्पिटल के ठीक सामने जा रही दो छात्राओं को रौंद दिया। डंपर इसके बाद आगे जाकर सीधे नाले में जा गिरा।


■ एक छात्रा की मौत, दूसरी छात्रा गंभीर

माइकल बी. जॉर्डन बने बेस्ट एक्टर, जेसी बकले को बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड

प्रियंका चोपड़ा 2016 के बाद फिर एक बार ऑस्कर अवॉर्ड प्रेजेंटर बनी

एजेंसी ▶▶ लॉस एंजिल्स

98वीं ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में हुई। लियोनार्डो डिकैप्रियो की फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' बेस्ट फिल्म रही। फिल्म ने इस साल सबसे ज्यादा 6 अवॉर्ड हासिल किए। फिल्म सिनर्स के लिए माइकल बी.जॉर्डन को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला। 'हेमनेट' के लिए जेसी बकले बेस्ट एक्ट्रेस रहीं। जेसी ने इस फिल्म में मशहूर राइटर विलियम शेक्सपियर की पत्नी एग्नेस का किरदार निभाया। वे 11 साल के बेटे हेमनेट की मौत की ट्रैजडी से उबरने की कोशिश करती हैं। इस साल किसी भी भारतीय फिल्म को नॉमिनेशन नहीं मिला था।

लॉस एंजिल्स में 98वीं ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी

- लियोनार्डो की 'वन बैटल आफ्टर अनदर' को बेस्ट फिल्म समेत 6 पुरस्कार
- इस साल किसी भी भारतीय फिल्म को नॉमिनेशन नहीं मिला

पटवारी ने मांगी थी 50 हजार की रिश्वत

रिश्वत की अगली किस्त लेते ही लोकायुक्त ने घर में दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीधी

सीधी के हल्का मिर्चीवार में तैनात पटवारी मुनेन्द्र सिंह भदौरिया को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। लोकायुक्त टीम ने सोमवार सुबह पटवारी को 5 हजार की रिश्वत लेते हुए पकड़ा। मिर्चीवार निवासी मुनेश्वर प्रसाद सोनी से पटवारी मुनेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा वारिसाना सहित 3 अलग-अलग राजस्व मामलों में कुल 50 हजार की रिश्वत की मांग की जा रही थी। एक मामला पूरा करने के एवज में पटवारी पहले ही 25 हजार ले चुका था, जबकि बाकी दो मामलों को निपटाने के लिए लगातार पैसों की मांग की जा रही थी। मुनेश्वर प्रसाद सोनी ने बताया कि पटवारी द्वारा लगातार रिश्वत मांगे जाने से परेशान होकर उसने लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई।

मुनेन्द्र सिंह

कांग्रेस के तीन और राजद के एक विधायक ने मतदान प्रक्रिया में भाग ही नहीं लिया

राज्यसभा की कुल 11 सीटों पर डाले गए थे वोट, इनमें ओडिशा की 4 व हरियाणा की 2 सीटें भी शामिल थीं

बिहार में राज्यसभा की पांचों सीटों पर एनडीए की जीत, महागठबंधन सन्न

एजेंसी ▶▶ पटना

अंत में चार विधायकों ने खेला कर दिया। यह लोग मतदान के लिए ही नहीं पहुंचे। इस कारण महागठबंधन को हार का सामना करना पड़ा

बिहार में राज्यसभा की पांचों सीट राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार जीत गए हैं। चार सीटों पर जीत तो पहले से ही तय थी। लेकिन, पांचवीं सीट पर महागठबंधन के उम्मीदवार अमरेंद्र धारी सिंह से एनडीए के उम्मीदवार शिवेश राम का मुकाबला हुआ। एनडीए के सभी 202 विधायकों ने वोट किया। लेकिन, महागठबंधन की ओर से चार विधायक (कांग्रेस के तीन और राजद के एक) विधायक विधानसभा नहीं पहुंचे।

जीतने वाले उम्मीदवार

नीतीश कुमार जदयू | रामनाथ ठाकुर जदयू | नितिन नवीन भाजपा | शिवेश कुमार भाजपा | उपेंद्र कुशवाहा रालोमो

चुनावी रण तेजः 5 राज्यों में राजनीतिक माहौल गरमाया

बंगाल में 'ममता' के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे सुवेंदु अधिकारी

नई दिल्ली। देश के 5 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक माहौल गर्मा गया है। पश्चिम बंगाल में भाजपा ने बड़ा दांव खेला है। पार्टी ने अपने प्रमुख नेता सुवेंदु अधिकारी को मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के गढ़ माने जाने वाले भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतारने का फैसला किया है। ये सीट ममता बेनर्जी के लिए काफी अहम मानी जाती है। केरल में पार्टी ने लिस्ट में 47 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं। प्रमुख नामों में पूर्व केंद्रीय मंत्री वी. मुरलीधरन और राज्य भाजपा अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर शामिल हैं।

संयुक्त सचिव शर्मा का दावा

देश में एलपीजी की लगातार आपूर्ति जारी, कहीं कमी की सूचना नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण पैदा हुए आपूर्ति संकट पर पेट्रोलियम मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि मौजूदा स्थिति चिंताजनक है। हालांकि घरेलू उपभोक्ताओं की जरूरतें पूरा करने के लिए एलपीजी की आपूर्ति जारी है। देश में किसी भी एलपीजी वितरक के यहां गैस समाप्त होने की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते मालवाहक जहाजों की आवाजाही बाधित होने से हालांकि ऊर्जा आपूर्ति पर दबाव बना है। भारत अपनी जरूरत का लगभग 88 प्रतिशत कच्चा तेल, 50 प्रतिशत प्राकृतिक गैस और 60 प्रतिशत एलपीजी आयात करता है जिनमें से बड़ा हिस्सा पश्चिम एशिया से ही आता है।

सुजाता शर्मा ने कहा कि देश की सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और पेट्रोल पंप पर ईंधन की कोई कमी नहीं है। सीएनजी और पीएनजी उपभोक्ताओं को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति भी सामान्य रूप से जारी है

पीएनजी जैसे वैकल्पिक स्त्रोतों का करें उपयोग

गैस सिलेंडर की बुकिंग में 33 लाख की कमी

उप्र के मेरठ में एलपीजी वितरक के यहां लगी भीड़

पेट्रोल की कमी नहीं

सुजाता शर्मा ने कहा कि देश की सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और पेट्रोल पंप पर ईंधन की कोई कमी नहीं है। सीएनजी और पीएनजी उपभोक्ताओं को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति भी सामान्य रूप से जारी है। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर की बुकिंग 15 मार्च को घटकर करीब 50–55 लाख रह गई, जो ईरान युद्ध से पहले के स्तर के करीब है। इससे पहले शनिवार को यह आंकड़ा लगभग 77 लाख था और 13 मार्च को यह बढ़कर 88.8 लाख के उच्च स्तर पर पहुंच गया था। शर्मा ने कहा कि यह देखना अभी बाकी है कि सिलेंडर बुकिंग में आई यह गिरावट एक स्थायी रुझान है या फिर 15 मार्च को रविवार होने के कारण आई गिरावट है।

पीएनजी उपयोग के लिए कंपनियां दे रहीं छूट

संयुक्त सचिव ने कहा कि इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) दिल्ली और आसपास के शहरों में उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर के बजाय 'पाइप से मिलने वाली रसोई गैस' (पीएनजी) कनेक्शन लेने वाले घरेलू उपभोक्ताओं को 31 मार्च से पहले उपयोग शुरू करने पर 500 रुपए तक की मुफ्त गैस दे रही है। इसी तरह, मुंबई स्थित महानगर गैस लिमिटेड (एमजीएल) ने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 500 रुपए का पंजीकरण शुल्क माफ करने और वाणिज्यिक उपयोगकर्ताओं के लिए एक से पांच लाख रुपए तक की सुरक्षा जमा राशि में छूट देने की घोषणा की है। शर्मा ने कहा कि सरकारी गैस कंपनी गेल इंडिया और पेट्रोलियम कंपनी 'भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड' (बीपीसीएल) जैसी कंपनियों ने भी उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन लेने के लिए इसी तरह के प्रोत्साहन उपाय शुरू किए हैं।

ऑनलाइन बुकिंग करने की अपील

सुजाता शर्मा ने कहा कि एलपीजी बुकिंग में ऑनलाइन माध्यमों की हिस्सेदारी बढ़कर करीब 90 प्रतिशत हो गई है, जो पहले लगभग 87 प्रतिशत थी। उन्होंने उपभोक्ताओं से एलपीजी सिलेंडर की ऑनलाइन बुकिंग और घर तक आपूर्ति की सुविधा का उपयोग करने, घबराहट में बुकिंग करने से बचने और संभव होने पर पीएनजी जैसे वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोत अपनाने की अपील की।

खबर संक्षेप

स्कूल में टॉवेल डांस वीडियो वायरल

कोलकाता। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ स्कूली छात्राएं स्टेज

पर बॉलीवुड के मशहूर गाने 'मेरे ख्वाबों में' पर टॉवल लपेटकर डांस करती नजर आ रही हैं। बताया जा रहा है कि ये वीडियो कोलकाता के एक सीबीएसई प्राइवेट स्कूल के कार्यक्रम का है। कई यूजर्स इसे अनुचित ठहरा रहे हैं।

अग्निकांड पर पीएम ने दुख व्यक्त किया

दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओडिशा में कटक स्थित एससीबी मेडिकल

कॉलेज अग्निकांड पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। हादसे में अब तक 10 मरीजों की मौत हो गई और कई गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। पीएम ने ऐलान किया कि प्रत्येक परिवार को 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी।

आज से शुरू होगी नई एक्सप्रेस डिलीवरी सेवा

नई दिल्ली। इंडिया पोस्ट जल्द ही एक नई एक्सप्रेस डिलीवरी सेवा शुरू करने जा रहा है, जिसके तहत

पार्सल और कंसाइनमेंट को 24 घंटे के भीतर पहुंचाया जाएगा। संचार मंत्रालय ने बताया कि डाक विभाग 17 मार्च को '24 स्पीड पोस्ट' सेवा शुरू करेगा, जिसका उद्देश्य जरूरी और समयबद्ध पार्सल की अगले दिन गारंटी के साथ डिलीवरी करना है।

सड़क हादसे में 2 की मौत, 2 घायल

संत कबीर नगर। यूपी के संत कबीर नगर जिले में एक मिनी ट्रक की टक्कर में कार सवार दो लोगों

की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार खलीलाबाद थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर रसूलाबाद के पास एक मिनी ट्रक ने कार को टक्कर मार दी।

पश्चिम बंगाल में चुनाव पर थम नहीं रार, सीईसी और सीएम आमने-सामने

चुनाव आयोग ने 28 फरवरी के बाद ट्रांसफर किए पुलिस अधिकारियों की अब मांगी रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ कोलकता

चुनाव आयोग ने उन पुलिस स्टेशन-स्तर के अधिकारियों की सूची मांगी है, जिनके अधिकार क्षेत्र में 2021 के विधानसभा चुनावों में मतदान से पहले और मतदान के दिन हिंसा की घटनाएं घटी थीं। साथ ही 2024 के लोकसभा चुनावों में मतदान से पहले, मतदान दिन और मतदान के बाद हिंसा की घटनाएं घटी थीं

चुनाव आयोग (ईसीआई) ने पश्चिम बंगाल सरकार से उन पुलिस अधिकारियों के बारे में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है, जिनके ट्रांसफर के आदेश अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन की तारीख (28 फरवरी) के बाद जारी किए गए थे। इस रिपोर्ट में उन मामलों को शामिल नहीं किया गया है जिन्हें 'तार्किक विसंगति' श्रेणी के तहत वर्गीकृत किए जाने के बाद चल रहे न्यायिक निर्णय के लिए भेजा गया था। अतिरिक्त मुख्य चुनाव अधिकारी की तरफ से चुनावों के लिए अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (कानून) और राज्य पुलिस नोडल अधिकारी को लिखे पत्र में आयोग ने उन पुलिस अधिकारियों की रिपोर्ट भी मांगी है जिन्हें सेवानिवृत्ति के बाद नियुक्त किया गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने 2021 और 2024 में चुनाव संबंधी हिंसा में संलिप्तता या निष्क्रियता के लिए दोषी ठहराए गए पुलिस अधिकारियों के बारे में कहा कि आयोग इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करेगा। राज्य सरकार को भेजे गए एक अन्य पत्र में, चुनाव आयोग ने उन पुलिस अधिकारियों का विवरण भी मांगा है जिनके अधिकार क्षेत्र में 2021 के विधानसभा चुनावों और 2024 के लोकसभा चुनावों में चुनाव संबंधी हिंसा की घटनाएं घटी थीं। चुनाव आयोग ने दूसरे पत्र में लिखा कि आप उन पुलिस स्टेशन-स्तर के अधिकारियों की एक और सूची दें, जिनके अधिकार क्षेत्र में 2021 के विधानसभा चुनावों में मतदान से पहले और मतदान के दिन हिंसा की घटनाएं घटी थीं। साथ ही 2024 के लोकसभा चुनावों में मतदान से पहले, मतदान दिन और मतदान के बाद हिंसा की घटनाएं घटी थीं।

सेवानिवृत्ति के बाद नियुक्त किए लोगों के बारे में मांगी जानकारी

सीईसी ज्ञानेश कुमार

केंद्रीय चुनाव आयोग कार्यालय

अधिकारियों को हटाना महिला विरोधी सोचः ममता

तबादलों को लेकर सीएम ममता बेनर्जी ने आयोग और सत्तारूढ़ भाजपा को 'महिला विरोधी और बंगाल विरोधी' करार दिया। बेनर्जी ने कहा कि भगवा खेमा जितने चाहे उतने अधिकारियों को बदल सकता है, लेकिन वे सरकार को नहीं बदल पाएंगे। बनर्जी ने निर्वाचन आयोग का जिक्र किए बिना कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप बदले में किन

शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव होंगेः शुभेंदु

पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने उन अधिकारियों को फिर से जिम्मेदारी दी है जिन्हें ममता बेनर्जी सरकार ने 'पार्टी लाइन पर न चलने' के कारण किनारे कर दिया था। ईमानदार और निष्पक्ष आईएएस व आईपीएस अधिकारियों को अब कानून-व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी दी गई है, जिससे शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव हो सकेगा।

वाममोर्चा ने 192 प्रत्याशियों की सूची जारी की

वाम मोर्चा ने सोमवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए 192 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची की घोषणा की, जिसमें राज्यसभा के निवर्तमान सदस्य विकास रंजन भट्टाचार्य और माकपा की केंद्रीय समिति की सदस्य मीनाक्षी मुखर्जी प्रमुख प्रत्याशियों में हैं।

भाजपा का 47, माकपा का 81 उम्मीदवारों का ऐलान

केरल चुनाव

सीएम विजयन

तिरुवनंतपुरम। भारतीय जनता पार्टी ने केरल विधानसभा चुनाव के लिए 47 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है। दो पूर्व केंद्रीय मंत्रियों को भी टिकट दिया गया है। इनमें राजीव चंद्रशेखर शामिल हैं, जो नेमोम से चुनाव लड़ेंगे। दूसरा नाम वी मुरलीधरन का है, जो कझाकूट्टम से चुनाव लड़ेंगे। वहीं, केरल में सत्तारूढ़ एलडीएफ का हिस्सा माकपा ने 81 उम्मीदवारों का ऐलान किया। इसमें सीएम पिनाराई विजयन और 11 मंत्रियों के भी नाम शामिल हैं। 81 उम्मीदवारों में से छह पार्टी समर्थित निर्दलीय हैं। सीएम विजयन कन्नूर जिले की धर्मदम से मैदान में होंगे।

एपस्टीन के साथ नाम जोड़ने से खफा

पुरी की बेटी ने मीडिया हैंडल्स पर किया 10 करोड़ का मानहानि केस

झूठे पोस्ट हटाने की मांग की

सुनवाई एक दो दिन में होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की बेटी हिमायनी पुरी ने अपने खिलाफ चल रही कथित झूठी और दुर्भावनापूर्ण खबरों को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट में मानहानि का मुकदमा दायर किया है। इन खबरों में उनका नाम दोषी करार दिए जा चुके अमेरिकी यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से जोड़कर दिखाया गया है। याचिका में हिमायनी पुरी ने अदालत से विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को उनके खिलाफ अलग-अलग हैंडल्स से पोस्ट किए गए कथित झूठे और मानहानिकारक पोस्ट तुरंत हटाने के निर्देश देने की मांग की है। साथ ही हिमायनी पुरी ने इन पोस्ट्स से उनकी छवि को पहुंचे नुकसान के लिए आरोपी सोशल मीडिया हैंडल्स से 10 करोड़ रुपए का हर्जाना भी मांगा है।

एपस्टीन से फंडिंग मिलने की बात झूठी

मानहानि याचिका के अनुसार, 22 फरवरी 2026 से कई सोशल मीडिया अकाउंट्स और प्लेटफॉर्म्स पर ऐसे आरोप लगाए जा रहे हैं कि हिमायनी पुरी का जेफरी एपस्टीन या उसके क्राइम नेटवर्क से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष व्यावसायिक, वित्तीय या व्यक्तिगत संबंध रहा है। याचिका में यह भी कहा गया है कि जिन कंपनियों में वह काम कर चुकी हैं, उनमें से एक 'रियल पार्टनर्स एलएलसी' को एपस्टीन या उसके सहयोगियों से फंडिंग मिलने के आरोप लगाए गए। साथ ही यह दावा भी किया गया कि रॉबर्ट मिलार्ड ने हिमायनी पुरी के साथ मिलकर लेहमन ब्रदर्स के पतन की साजिश रची थी।

आरोप निराधार और मनगढ़ंत

हालांकि हिमायनी पुरी की याचिका में इन सभी आरोपों को पूरी तरह निराधार और मनगढ़ंत बताया गया है। इसमें कहा गया है कि सोशल मीडिया पर एडिटेड वीडियो, भ्रामक कैप्शन और छेड़छाड़ किए गए थंबनेल के जरिए इन आरोपों को वायरल किया गया, जिससे उनकी छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई। याचिका में यह भी कहा गया है कि हिमायनी पुरी को केवल इसलिए निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि वह केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की बेटी हैं। इस मामले की सुनवाई मंगलवार या बुधवार को दिल्ली हाई कोर्ट में होने की संभावना है।

महाराष्ट्र में धर्म परिवर्तन पर सख्ती

महिलाओं के शोषण को रोकने के लिए ऐसा कानून आवश्यक

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राज्य सरकार का नया धोखाधड़ी से धर्म परिवर्तन रोकने वाला बिल खास तौर पर महिलाओं के शोषण को रोकने के लिए लाया गया है। उन्होंने बताया कि कई मामलों में महिलाओं को झूठे प्यार के जाल में फंसाकर शादी की जाती है और बाद में उन्हें छोड़ दिया जाता है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए यह कानून जरूरी है। सीएम फडणवीस ने कहा कि विपक्ष इस मुद्दे को वोट बैंक की राजनीति के लिए बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहा है। उनका कहना है कि अगर विपक्षी दल इस बिल को ठीक से पढ़ेंगे तो उन्हें इसमें किसी समुदाय के खिलाफ कुछ भी नजर नहीं आएगा, क्योंकि इसका उद्देश्य सिर्फ जबरदस्ती, लालच या धोखे से किए जाने वाले धर्म परिवर्तन को रोकना है। महाराष्ट्र धर्म की स्वतंत्रता विधेयक 2026 में ऐसे धर्म परिवर्तन पर कड़ी सजा का प्रावधान रखा गया है।

सीएम फडणवीस

दिल्ली सरकार का अहम फैसला

ट्रांसजेंडर भी डीटीसी और बसों में करेंगे फ्री यात्रा प्रस्ताव मंजूर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

समावेशी और संवेदनशील शासन की दिशा में कदम बढ़ाते हुए दिल्ली सरकार ने एक अहम फैसला लिया है। सीएम रेखा गुप्ता के नेतृत्व में सरकार ने दिल्ली परिवहन निगम और परिवहन विभाग द्वारा संचालित सभी बस मार्गों में ट्रांसजेंडर यात्रियों को मुफ्त यात्रा योजना में शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस फैसले के तहत दिल्ली में रहने वाले पात्र ट्रांसजेंडर व्यक्ति अब डीटीसी की बसों और क्लस्टर बसों में मुफ्त यात्रा कर सकेंगे। उन्हें वही सुविधा दी जाएगी, जो फिलहाल दिल्ली की बसों में महिला यात्रियों को मुफ्त यात्रा योजना के तहत मिल रही है। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों को शहर में बिना किसी आर्थिक बाधा के सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराना है। यह कदम सेवाओं तक समान पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में उठाया गया है।

सीएम रेखा गुप्ता

कर्नाटक में चेन्नू उत्सव की धूम

मंगलुरु। कर्नाटक के मंगलुरु के पास पोलाली श्री राजा राजेश्वरी मंदिर में वार्षिक उत्सव (चेन्नू) के दौरान, विशेष औपचारिक अनुष्ठानों के बाद स्थानीय लोग देवी भगवती, भद्रकाली और अरासु की पवित्र वस्तुओं को पारंपरिक नावों के माध्यम से फाल्गुनी नदी के पार ले जाते हुए। चेन्नू एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और धार्मिक परंपरा है, जो सदियों से चली आ रही है। पवित्र वस्तुओं को नदी के एक किनारे से दूसरे किनारे तक नाव से ले जाना इस परंपरा का एक प्रमुख आकर्षण है।

दिल्ली शराब घोटाले में हाई कोर्ट से मिली राहत

केजरीवाल और सिसोदिया को सीबीआई की याचिका पर जवाब देने के लिए मिला समय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और 21 अन्य लोगों को आबकारी नीति मामले में दोषमुक्त किए जाने के फैसले को चुनौती देने वाली केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की याचिका पर जवाब देने के लिए समय दे दिया। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने अधीनस्थ न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका पर सुनवाई के लिए 6 अप्रैल की तारीख तय की।

पूरा रिकॉर्ड उपलब्ध, जवाब देना जरूरी नहीं

सीबीआई की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि अधीनस्थ न्यायालय का त्रुटिग्रस्त आदेश जरूरत के बाद एक सेकंड के लिए भी रिकॉर्ड पर नहीं रहना चाहिए और केजरीवाल व अन्य लोगों को अपना जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह से अधिक का समय नहीं दिया जाना चाहिए।

अगले सप्ताह होगी 'डिजिटल अरेस्ट' पर सुनवाई

शीर्ष अदालत अगले सप्ताह 'डिजिटल अरेस्ट' के पीड़ितों से संबंधित एक स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई करेगी। शीर्ष अदालत ने 9 फरवरी को डिजिटल धोखाधड़ी के माध्यम से 54,000 करोड़ रुपए से अधिक की हेराफेरी को सरासर 'लूट व डकैती' बताया था।

देशभर से भारत की विरासत को सहेजने का काम शुरू

ज्ञान भारतम मिशन के तहत पांडुलिपियों का होगा डिजिटलीकरण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत एक प्रमुख पहल के रूप में ज्ञान भारतम मिशन शुरू किया है। इसका उद्देश्य देशभर में शैक्षणिक संस्थानों, संग्रहालयों, पुस्तकालयों और निजी संग्रहों में उपलब्ध पांडुलिपियों का सर्वेक्षण, प्रलेखन, संरक्षण, डिजिटलीकरण और उन्हें आम लोगों के लिए सुलभ बनाना है। इस पहल को समर्थन देने के लिए स्थायी वित्त समिति (एसएफसी) ने वर्ष 2025 से 2031 की अवधि के लिए 491.66 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। मिशन का उद्देश्य भारत की पांडुलिपि विरासत को संरक्षित करने के लिए एक व्यवस्थित और तकनीक आधारित ढांचा तैयार करना है। यह जानकारी केंद्र सरकार में संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने लोकसभा में एक लिखित प्रश्न के उत्तर में दी।

एक करोड़ पांडुलिपियों का लक्ष्य

491.66 करोड़ रुपए की स्वीकृति

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत

पांडुलिपियों का वैज्ञानिक संरक्षण होगा

मिशन के तहत पांडुलिपियों का वैज्ञानिक संरक्षण और पुनर्स्थापन किया जाएगा। साथ ही उच्च मानकों के साथ डिजिटलीकरण कर डेटा को राष्ट्रीय डिजिटल रिपॉजिटरी (एनडीआर) में सुरक्षित रखा जाएगा। डेटा सुरक्षा के लिए एलटीओ-9 टेप और क्लाउड आधारित बैकअप के साथ आपदा पुनर्प्राप्ति प्रणाली भी विकसित की गई है।

एनएआई भी कर रहा काम

भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार (एनएआई) ने भी ऐतिहासिक अभिलेखों की उच्च-रिज़ॉल्यूशन डिजिटल प्रतियां तैयार करने के लिए बड़े पैमाने पर डिजिटलीकरण अभियान शुरू किया है। प्रत्येक डिजिटल छवि के लिए चेकसम तैयार किया जाता है, जिससे डिजिटल अभिलेखों की अखंडता और प्रामाणिकता सुनिश्चित की जा सके।

राष्ट्रव्यापी नेटवर्क विकसित कर रहे

मिशन के तहत देशभर में गतिविधियों के संचालन के लिए क्लस्टर केंद्रों और स्वतंत्र केंद्रों का राष्ट्रव्यापी नेटवर्क विकसित किया जा रहा है। अब तक 40 से अधिक ऐसे केंद्र इस पहल से जोड़े जा चुके हैं। 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को संबंधित क्षेत्रों में नोडल समन्वय प्राधिकरण के रूप में शामिल किया गया है। मिशन के तहत राष्ट्रीय स्तर पर पांडुलिपियों को व्यापक रूप से संचालित करने के लिए लगभग एक करोड़ पांडुलिपियों का लक्ष्य है।

होर्मुज मार्ग खुलवाने के लिए ट्रंप को सहयोग करने से सभी देशों ने किया इनकार

होर्मुज संकट से नाटो में दरार! दुनिया में अकेले पड़े ट्रंप ने मदद नहीं मिलने पर सहयोगी देशों को दे डाली चेतावनी

चीन, आस्ट्रेलिया ने ट्रंप को दिया करारा जवाब कहा नहीं देंगे साथ

ट्रंप ने सैन्य हथियार निर्माण कंपनियों के साथ की अहम बैठक

अमेरिका में भी ट्रंप का जमकर हो रहा है विरोध, उठ रहे गंभीर सवाल

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और होर्मुज जलडमरूमध्य के बाधित होने से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर चौतरफा दबाव पड़ रहा है। एक तरफ पश्चिम एशिया में अमेरिका और इजराइल के ठिकानों पर ईरानी हमले जारी हैं। वहीं दूसरी तरफ ट्रंप घरेलू मोर्चे पर भी घिरते जा रहे हैं। अमेरिका का एक बड़ा तबका इस संघर्ष के खिलाफ है। हैरानी की बात ये है कि इस मुश्किल समय में भी ट्रंप को अपने सहयोगी नाटो देशों की मदद नहीं मिल पा रही है। यही वजह है कि ट्रंप ने सहयोगी देशों को चेतावनी दी है कि नाटो समूह का भविष्य अच्छा नहीं है।

एक इंटरव्यू के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने नाटो के सहयोगी देशों को साफ संदेश दिया। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से फायदा लेने वाले देशों को इसकी सुरक्षा की भी जिम्मेदारी उठानी चाहिए। ट्रंप ने कहा, यह बिल्कुल ठीक है कि होर्मुज से फायदा लेने वाले देश ये सुनिश्चित करें कि वहां कुछ भी गलत न हो। ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा, अगर कोई कुछ नहीं करता या मदद नहीं करता तो मुझे लगता है कि यह नाटो के भविष्य के लिए बहुत बुरा होगा।

ट्रंप ने कहा, हमें यूक्रेन के मामले में उनकी मदद की जरूरत नहीं पड़ी। अब देखते हैं कि वे हमारी मदद करते हैं या नहीं, क्योंकि मैं लंबे समय से कहता आ रहा हूं कि हम उनके साथ खड़े रहेंगे, लेकिन वे हमारे साथ नहीं खड़े रहेंगे। गौरतलब है कि ट्रंप होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में बारूदी सुरंगों को साफ करने के लिए युद्धपोतों की तैनाती की मांग कर रहे हैं। हाल ही में भी मीडिया से बात करते हुए ट्रंप ने कहा था हम नाटो के लिए हमेशा तत्पर हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि कौन सा देश होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखने में हमारी मदद करेगा। पश्चिम एशिया संकट को लेकर अमेरिका फंसता नजर आ रहा है। सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई और कई अन्य शीर्ष नेताओं की मौत के बाद भी ईरान झुकने के लिए तैयार नहीं है और लगातार पश्चिम एशिया में अमरिकी ठिकानों और इजराइल पर हमले कर रहा है। अमेरिका और इजराइल की ईरान में सत्ता परिवर्तन की कोशिश भी सफल होती नहीं दिख रही है। ईरान के होर्मुज जलडमरूमध्य को बाधित करने के चलते वैश्विक तेल आपूर्ति पर दबाव पड़ा है। अमेरिकी तेल कंपनियों ने भी इसे लेकर चिंता जताई है और ट्रंप से अपील की है।

चीन ने अमेरिका को चेताया कहा-अमेरिका तुरंत रोके सैन्य अभियान



एआई इमेज

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य पर संकट के बीच चीन ने सभी देशों से तुरंत सैन्य कार्रवाई रोकने की अपील की है। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन सहित कई देशों से अपील की है कि वे अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्ग को सुरक्षित रखने के लिए अपने युद्धपोत तैनात करें। ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच बढ़ते टकराव के कारण दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति और वैश्विक व्यापार पर गंभीर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। चीन ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़ते सैन्य तनाव से अंतरराष्ट्रीय व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति और क्षेत्रीय शांति पर बड़ा खतरा पैदा हो गया है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बीजिंग में मीडिया से बातचीत में कहा कि सभी पक्षों को तुरंत सैन्य अभियान रोकना चाहिए, ताकि हालात और ज्यादा खराब न हों। उन्होंने कहा कि यदि तनाव बढ़ा तो इसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय स्थिरता पर भी पड़ सकता है।

ईरान ने दुबई एयरपोर्ट पर फिर किया हमला

ईरान ने एक बार फिर से संयुक्त अरब अमीरात के बड़े शहर दुबई पर हमला किया है। ईरान वे एक बार फिर से दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट को निशाना बनाया। इस बार ईरान का विस्फोटकों से भरा ड्रोन दुबई एयरपोर्ट के करीब बड़े फ्यूल टैंकर से टकराया जिसके बाद वहां जोरदार धमाका हुआ और देखते ही देखते वहां भीषण आग की लपटें उठने लगीं। ये हमला ठीक तब हुआ, तब एक दिन पहले ही यूएई की सरकार ने दुनिया को ये दिखाने और जताने की कोशिश की थी कि दुबई अभी भी दुनिया का सबसे सुरक्षित शहर है। दुबई की इस छवि को बचाने के उनके डैमेज कंट्रोल की कोशिशों को ईरान ने फिर से नाकाम कर दिया। दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के करीब ईंधन से भरे विशाल टैंकर से ड्रोन के टकराते ही वहां जोरदार धमाका हुआ, जिससे वहां भीषण आग लग गई। आग ऊंची उठती लपटें और काले धुंए के गुबार की वीडियो सोशल मीडिया में जमकर शेयर की जा रही हैं। दुबई प्रशासन ने शहर पर हुए हमले की पुष्टि की है, उन्होंने बताया कि घटना के तुरंत बाद इमरजेंसी रिस्पॉन्य टीम मौके पर पहुंची और आग को बुझाने का काम शुरु कर दिया गया है। फिलहाल इस हमले में किसी के मारे जाने की खबर नहीं है।

ईरान में जासूसी के आरोप में 500 लोगों को किया गया गिरफ्तार

इजरायल-अमेरिका के साथ जारी जंग के बीच ईरान अपने यहां कथित जासूसी नेटवर्क और सूचना लीक करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई शुरू कर दी है। ईरान के पुलिस प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल अहमद रेजा रादान ने कहा है कि देश की पुलिस बलों ने अमेरिका-इजरायल युद्ध के दौरान दुश्मनों के साथ सूचना साझा करने के आरोप में 500 लोगों को गिरफ्तार किया है। ईरानी मीडिया के मुताबिक, रविवार को एक टेलीविजन इंटरव्यू में बोलते हुए रादान ने कहा कि हिरासत में लिए गए 250 लोगों की पहचान महत्वपूर्ण मामलों के रूप में की गई है, जिन्होंने दुश्मन को जानकारी दी थी और हमले के स्थानों की फुटेज लेकर और उन्हें भेजकर छोटे समूहों के साथ सहयोग किया था। हालांकि, उन्होंने इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी कि गिरफ्तारियां कब और कहां हुईं। पुलिस प्रमुख ने बताया कि हिरासत में लिए गए लोगों में 20 बहुत महत्वपूर्ण मामले भी शामिल थे, जो एक जासूसी समूह के सदस्य थे जो ईरान के तीन प्रांतों में सक्रिय था और उन्होंने कहा कि समूह का भंडाफोड़ किया गया था। रादान ने आगे कहा कि तोड़फोड़ की कार्रवाई के मुख्य दोषियों को भी हिरासत में ले लिया गया है और उन्होंने बताया कि उन्होंने एक निजी कंपनी के बारे में जानकारी भेजी थी जिस पर दुश्मन ने हमला किया था। ईरानी मीडिया के अनुसार, रविवार को कई क्षेत्रों में दर्जनों लोगों को गिरफ्तार किया गया। तसनीम की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर पश्चिमी ईरान में 20 लोगों को ईरान की सैन्य और सुरक्षा संपत्तियों के स्थान संबंधी विवरण इजरायल के साथ साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। समाचार एजेंसी ने यह भी बताया कि उत्तरपूर्वी ईरान में 10 लोगों को हिरासत में लिया गया है, जो हवाई हमलों से अपेक्षाकृत अछूता रहा है, और कहा कि उनमें से कुछ पर संवेदनशील स्थानों और आर्थिक बुनियादी ढांचे के बारे में जानकारी एकत्र करने का आरोप है।

राजदूत ने कहा-ईरान की जमीन पर कब्जे का इरादा नहीं

भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने सोमवार को एक बहुत महत्वपूर्ण बयान दिया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि न तो अमेरिका और न ही ईरान की जमीन पर कब्जे का इरादा नहीं का ईरान पर हमला करने का इरादा है और वे ईरान की जमीन पर सैन्य कब्जा भी नहीं करना चाहते। राजदूत ने बताया कि उनका असली मकसद ईरान के अंदरूनी हालात में सुधार लाना है। वे चाहते हैं कि ईरान की जनता खुद अपनी सरकार पर नीतियों को बदलने के लिए दबाव बनाए। अगर वहां के लोग चाहें, तो वे अपने देश के नेतृत्व में बदलाव ला सकते हैं। ईरान की जमीन पर कब्जे का इरादा नहीं और अमेरिका का मानना है कि सैन्य कार्रवाई के बजाय वहां के नागरिकों के जरिए आने वाला बदलाव ज्यादा असरदार होगा। इससे न केवल ईरान के लोगों का भला होगा, बल्कि पूरे क्षेत्र में स्थिरता और सुरक्षा भी बढ़ेगी। रूवेन अजार ने जोर देकर कहा कि एक शांत और स्थिर पश्चिम एशिया से सबको फायदा होगा। इससे इस्त्राइल और उसके साथियों के साथ-साथ खाड़ी देशों और पूरी दुनिया को सुरक्षा मिलेगी। अंतरराष्ट्रीय समुदाय भी यही चाहता है कि यह इलाका उन खतरों से मुक्त रहे जो ईरान की मौजूदा नीतियों की वजह से पैदा हो रहे हैं।यह बयान ऐसे समय में आया है जब ईरान की जमीन पर कब्जे का इरादा नहीं और ईरान के बीच तनाव अपने चरम पर है। दोनों देश एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं।

ईरान में भारतीयों के लिए एडवाइजरी बिना हमें बताए बॉर्डर पार न करें

ईरान में रह रहे भारतीयों के लिए तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने सोमवार को एक नई एडवाइजरी जारी की है। इसमें भारतीय नागरिकों को सख्त सलाह दी गई है कि वे दूतावास को बिना बताए ईरान की सीमा पार करने की कोशिश न करें। एडवाइजरी में कहा गया है, दूतावास भारतीय समुदाय के लोगों के लगातार संपर्क में है और जरूरत पड़ने पर मिलकर जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं। बिना जानकारी दिए सीमा की ओर बढ़ना बिल्कुल मना है। दूतावास ने यह भी कहा है कि जो भारतीय नागरिक दूतावास को जानकारी दिए बिना जमीनी सीमा के रास्ते ईरान छोड़ने की कोशिश करेंगे, उन्हें गंभीर परेशानी और इमिग्रेशन से जुड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने साफ किया कि अगर कोई व्यक्ति बिना जानकारी दिए ईरान की सीमा पार कर बाहर चला जाता है।

खबर संक्षेप

लेह की सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब, राज्य का दर्जा देने की मांग

लेह। लद्दाख में छठी अनुसूची लागू करने और राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर लेह में एक शांतिपूर्ण रैली आयोजित की गई। इस रैली में लगभग 50 हजार लोगों ने भाग लिया। रैली में विभिन्न धर्मों के धार्मिक नेताओं और अलग-अलग समुदायों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने लद्दाख की एकता और सामूहिक समर्थन को दर्शाया। रैली की शुरुआत सिंगे नामग्याल चौक से हुई, जो आगे बढ़ते हुए लेह पोलो ग्राउंड तक पहुंची। इस दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में पंपलेट और तख्तियां लेकर छठी अनुसूची लागू करने और लद्दाख को राज्य का दर्जा देने की मांग की। रैली पूरी तरह शांतिपूर्ण रही। विभिन्न धार्मिक और सामाजिक समूहों के लोग एक साथ शामिल हुए और उन्होंने अपनी मांगों के समर्थन में एकजुट होकर आवाज उठाई।

सुरक्षित आवागमन के बदले ईरान को भारत की तरफ से कोई लाभ नहीं दिया

भारतीय झंडे वाले जहाजों को निकालने के लिए कोई समझौता नहीं: जयशंकर

केवल अमेरिका-इजराइली जहाजों के लिए होर्मुज बंद

जयशंकर ने कहा - यह अदला-बदला का मुद्दा नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में 17 दिन से जारी संघर्ष ने वैश्विक तेल बाजार को हिला कर रख दिया है। इसका बड़ा असर हॉर्मुज जलडमरूमध्य पर देखने को मिला, जिसके चलते दुनियाभर की तेल आपूर्तियों संकट के बादल तक दिखने लगे। इसी तनावपूर्ण स्थिति के बीच भारत ने कूटनीतिक कदम उठाया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया कि भारत ईरान के साथ सीधे और निर्णायक संवाद कर रहा है, जिससे भारतीय ध्वज के साथ जहाजों का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित हो रहा है। जयशंकर ने इस बात पर भी जोर दिया कि ईरानी अधिकारियों के साथ सीधे संवाद ने सकारात्मक परिणाम दिए हैं। इसके तहत अभी कई और भारतीय ध्वज वाले जहाजों को होर्मुज जलमार्ग से गुजरना बाकी है। इंटरव्यू में जयशंकर ने स्पष्ट किया कि हर भारतीय जहाज को व्यक्तिगत रूप से अनुमति दी जा रही है और इसके लिए भारत और ईरान के बीच कोई नया समझौता नहीं हुआ है। इस दौरान जयशंकर ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारतीय ध्वज वाले जहाजों के सुरक्षित आवागमन के बदले ईरान को भारत की तरफ से कोई लाभ नहीं दिया गया। उनका कहना था कि भारत और ईरान के बीच पुराना सहयोग रहा है, इसी आधार पर हमने यह कदम उठाया। यह कोई लेन-देन का मामला नहीं है। ईरान ने दो भारतीय झंडाधारी एलपीजी वाहनों को हॉर्मुज से गुजरने की अनुमति दी थी। यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेसीयान के टेलीफोनिक संवाद के कुछ ही घंटे बाद आया, जो अमेरिका-ईरान युद्ध शुरू होने के बाद पहला संपर्क था। जयशंकर और उनके ईरानी समकक्ष सैयद अब्बास अराघची के बीच भी चर्चा हुई। हॉर्मुज को केवल अमेरिकी और इजराइली जहाजों और उनके सहयोगियों के लिए के लिए बंद रखा है।

जयशंकर की महत्वपूर्ण बातें

- दो भारतीय एलपीजी टैंकर के होर्मुज से गुजरने को विदेश मंत्री ने कूटनीतिक प्रयासों में प्रगति का उदाहरण बताया।
- भारतीय एलपीजी टैंकर शिवालिक और नंदा देवी होर्मुज से गुजर चुके हैं और तीसरे को भी गुजरने का मौका मिल चुका है।
- शिवालिक और नंदा देवी करीब 92,712 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर आए हैं भारत।
- विदेश मंत्री जयशंकर ने स्पष्ट किया कि अभी भारतीय झंडे वाले सभी जहाजों के होर्मुज से गुजरने का रास्ता साफ नहीं हुआ है।
- न ही अभी तक की व्यवस्था के लिए भारत ने किसी तरह की रियायत दी है।

भारत ने अपनाया संवाद का रास्ता

गौरतलब है कि ऐसी कठिन परिस्थिति में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सहयोगियों से हॉर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा के लिए युद्धपोत भेजने का आह्वान किया है। हालांकि अधिकतर देशों से उनके इस आह्वान पर नकारात्मक संदेश ही आया है। जापान से लेकर ऑस्ट्रेलिया तक सभी देशों ने होर्मुज में अपना युद्धपोत भेजने से इनकार कर दिया। ऐसे में बात अगर भारत की करें तो भारत ने अपनी रणनीति के तहत सीधे संवाद और समझौते के बजाय सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने का रास्ता अपनाया है। जयशंकर ने यह भी कहा कि भारत अपनी रणनीति यूरोपीय देशों के साथ साझा करने को तैयार है, लेकिन प्रत्येक देश की ईरान के साथ स्थिति अलग है।बता दें कि पिछले हफ्ते, ईरान ने भारत के झंडे वाले दो एलपीजी कैरियर को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने दिया।

किश्तवाड़ में भूस्खलन से एक की मौत, भारी हिमपात के बीच सिंथन टॉप पर फंसे 235 लोगों का सफल रेस्क्यू

स्कूल, कॉलेज रहे बंद, आवागमन भी हुआ ठप

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में रविवार और सोमवार की दरम्यानी रात भारी वर्षा के कारण एक जलविद्युत परियोजना स्थल के पास भूस्खलन की घटना हुई। यह घटना डंगडूरू क्षेत्र के समीप हुई, जहां अचानक हुए भूस्खलन के कारण दो श्रमिक मलबे में फंस गए। प्रशासन और बचाव दल द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान एक श्रमिक को मृत अवस्था में बाहर निकाला गया, जबकि दूसरे घायल श्रमिक को सुरक्षित निकालकर उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया। इस घटना ने क्षेत्र में कार्यरत परियोजना कर्मियों और स्थानीय लोगों के बीच चिंता की स्थिति पैदा कर दी। इसी दौरान जिले के उच्च पर्वतीय क्षेत्र सिंथन टॉप में भारी हिमपात के कारण कई वाहन मार्ग में फंस गए। यह मार्ग जम्मू क्षेत्र के किश्तवाड़ को दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले से जोड़ता है और सर्द मौसम में यहां अक्सर कठिन परिस्थितियां उत्पन्न हो जाती हैं। लगातार हो रही बर्फबारी के कारण सड़क पर यातायात बाधित हो गया और कई वाहन आगे बढ़ने में असमर्थ हो गए, जिससे उनमें सवार यात्रियों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस, सेना और नागरिक प्रशासन ने संयुक्त रूप से बचाव अभियान शुरू किया। इस अभियान के दौरान कुल 38 वाहनों में सवार 235 यात्रियों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया। बचाए गए लोगों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। कठिन मौसम और बर्फीली हवाओं के बावजूद बचाव दलों ने निरंतर प्रयास करते हुए सभी यात्रियों को सुरक्षित निकालने में सफलता प्राप्त की।

केंद्रीय वाणिज्य सचिव ने दी जानकारी

नए टैरिफ लागू होने के बाद ही लगेगी भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर मुहर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-अमेरिका व्यापार करार पर वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि हम इस समय अमेरिका के साथ इसके विवरण पर बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर वास्तविक हस्ताक्षर तभी होंगे, जब टैरिफ की नई व्यवस्था लागू हो जाएगी। अमेरिका-इजराइल बनाम ईरान संघर्ष के कारण उत्पन्न व्यवधान पर वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा, कुछ रसद संबंधी चुनौतियां सामने आ रही हैं। उड़ानों में व्यवधान के कारण हवाई माल ढुलाई में भी कुछ दिक्कतें आ रही हैं। इसका कुछ असर जरूर पड़ेगा। भारत से आयात भी प्रभावित होगा क्योंकि आयात कई श्रेणियों के लिए भारत पर निर्भर है। दोनों पक्ष इन चुनौतियों का समाधान खोजने में लगे हुए हैं। इसका कुछ असर जरूर पड़ेगा, लेकिन यह पूरी तरह से बंद नहीं होगा। कुछ सहयोग कार्य चल रहे हैं, विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के तहत एक अंतर-मंत्रालयी समूह का गठन किया गया है, जिसकी बैठक हर सुबह होती है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर कहा, अमेरिका के साथ समझौता मार्च में होना था। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के कारण अब आईईईपीए (अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम) के तहत टैरिफ लागू नहीं हैं। अनुच्छेद 122 के तहत अब वैश्विक स्तर पर 10% टैरिफ लागू हैं। भारत जो भी समझौता करेगा, वह मौजूदा टैरिफ ढांचे के तहत ही होगा। अमेरिका वैश्विक स्तर पर एक नया टैरिफ ढांचा तैयार करने की कोशिश कर रहा है। जब अमेरिका ऐसा ढांचा तैयार कर लेगा, तब समझौता करना बेहतर होगा। वास्तविक समझौता तभी होगा जब अमेरिका वैश्विक स्तर पर टैरिफ का नया ढांचा तैयार कर लेगा।

सतर्क और सावधान रहने की है ज्यादा जरूरत

नई रिपोर्ट में हुए कई चौंकाने वाले बड़े खुलासे

भारत में डीपफेक मामलों में 900% उछाल महिलाओं को बनाया जा रहा है निशाना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई रिपोर्ट के अनुसार भारत में डीपफेक कंटेंट तेजी से बढ़ रहा है और हाल के वर्षों में इसमें 900% की बढ़ोतरी हुई है। चौंकाने वाली बात यह है कि ऑनलाइन फैल रहे 90% से ज्यादा आपत्तिजनक डीपफेक वीडियो महिलाओं को निशाना बनाते हैं। तकनीकी कंपनी पाई-लैब्स की 2026 की रिपोर्ट में भारत में बढ़ते डीपफेक खतरे को लेकर गंभीर चेतावनी दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले कुछ वर्षों में डीपफेक कंटेंट में करीब 900 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जिसे डिजिटल धोखे की महामारी बताया गया है। बता दें कि विशेषज्ञों ने लोगों को सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि



लोग अपनी हाई-क्वालिटी तस्वीरें और ऑडियो क्लिप्स सार्वजनिक रूप से कम साझा करें, क्योंकि यही डेटा एआई मॉडल के लिए "रॉ मटेरियल" बनता है। इसके अलावा सोशल मीडिया अकाउंट की प्राइवेसी सेटिंग्स मजबूत रखने और बॉट्स द्वारा डेटा स्क्रैपिंग से बचाव करने की भी सलाह दी गई है।

हर कंटेंट पर नजर जरूरी

वायरल होने की दौड़ में जब सच्चाई पर हमला होता है, तो व्यक्ति विशेष ही नहीं बल्कि पूरा समाज शिकार बनता है। एआई जनित सिंथेटिक कंटेंट और अफवाहों के प्रसार में कब और क्या ट्रिगर हो जाए, किसी को पता नहीं होता। ऐसे में हर कंटेंट पर निगरानी जरूरी है, चाहे वह टेक टूल्स के जरिए हो, फिर कानूनी शिकंजे से। इंटरनेट मीडिया पर कंटेंट साझा करने की स्पीड इतनी तेज होती है कि कोई भी एल्गोरिदम कंटेंट को सेंसर करने या तथ्यों की सत्यतता जांचने के लिए अभी तक पूरी तरह सक्षम नहीं बन पाया है।

महिलाओं की पहचान से की जा रही है छेड़छाड़

रिपोर्ट में सामने आया कि इंटरनेट पर फैल रहे आपत्तिजनक डीपफेक कंटेंट में 90 प्रतिशत से अधिक मामलों में महिलाएं निशाना बनती हैं। जनरेटिव एआई तकनीक का इस्तेमाल कर बिना सहमति के अश्लील तस्वीरें बनाना, इमेज मॉर्फिंग करना और पहचान से छेड़छाड़ जैसी घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं।

साइबर अपराध मामलों में भी बढ़ोतरी

सरकारी आंकड़ों के अनुसार महिलाओं से जुड़े साइबर अपराध के मामलों में भी तेज वृद्धि हुई है। 2024 में ऐसे करीब 50 हजार शिकायतें दर्ज हुई थीं, जो 2026 तक बढ़कर करीब 80 हजार तक पहुंच गईं। यानी दो साल में लगभग 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

बैटल ऑफ गलवान का बदला नाम, अब होगा 'मातृभूमि'

मुंबई। सलमान खान की अपकमिंग फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का नाम बदल गया है। जी हां, साल 2020 में गलवान घाटी में चीन के साथ लड़ी गई खूनी लड़ाई पर बनी इस फिल्म का नाम अब 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' होगा। यह घोषणा सोमवार, 16 मार्च को मेकर्स की ओर से की गई है। इसी के साथ फिल्म का नया पोस्टर भी जारी किया गया है, जिसमें सलमान खान का खतरनाक लुक नजर आ रहा है। हालांकि, इस नए पोस्टर से रिलीज डेट गायब है, जिसके बाद उन कयासों को फिर से हवा लगी है कि शायद फिल्म अगले महीने 17 अप्रैल को रिलीज नहीं होगी और पोस्टपोन होगी।

लाइफ Style

प्रियंका

व्हाइट गाउन में दिखीं बेहद ग्लैमरस

एजेंसी ▶▶ लॉस एंजिल्स

प्रियंका चोपड़ा ने ऑस्कर अवॉर्ड्स 2026 के रेड कार्पेट पर अपनी शानदार एंट्री से सभी का ध्यान खींच लिया। इस खास मौके पर वह अपने पति निक जोनस का हाथ थामे रेड कार्पेट पर पहुंचीं। इस साल सेरेमनी में एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा बतौर अवॉर्ड प्रेजेंटर ऑस्कर अवॉर्ड्स में शामिल हुईं।

वे अपने पति निक जोनस के साथ रेड कार्पेट पर नजर आईं। रेड कार्पेट पर दोनों ने साथ में पोज दिए और पैपराजी के सामने कई प्यारे पल भी शेयर किए। इस प्रतिष्ठित शाम के लिए प्रियंका ने डायर का बेहद खूबसूरत स्ट्रैपलेस सफेद गाउन चुना। ये व्हाइट कलर का था और नीचे की तरफ से लंबा फ्लोइंग डिजाइन था, जिसमें हाई स्लिट और स्कर्ट पर पंख जैसी डिटेलिंग नजर आ रही थी। प्रियंका ने अपने लुक को ब्लैक पॉइंटेड हील्स और चमकदार डायमंड नेकलेस के साथ पूरा किया। उन्होंने बालों को सीधा और स्लीक रखा। वहीं उनका मेकअप सॉफ्ट और ग्लोइंग था। निक जोनस की बात करें, तो वे क्लासिक ब्लैक वेलवेट टक्सीडो, सफेद शर्ट और बो टाई में बेहद स्टाइलिश नजर आए। दोनों का आउटफिट एक क्लासिक रेड कार्पेट लुक दे रहा था। रेड कार्पेट पर पहुंचने से पहले प्रियंका ने अपने फैंस के साथ इंस्टाग्राम स्टोरी पर तैयारियों की क्लिप्स भी शेयर की। एक छोटे से वीडियो में वह इसी सफेद डियोर गाउन में अवॉर्ड सेरेमनी के लिए तैयार होती नजर आईं और उनके साथ निक जोनस भी थे। उन्होंने अपने ड्रेसिंग रूम के कुछ बिहाइंड द सीन मोमेंट्स भी शेयर किए, जहां उनकी टीम उनके लुक को फाइनल टच दे रही थी।

हॉलीवुड मसाला

भारत में पोस्टपोन हुआ शो

लॉस एंजिल्स। रैपर कान्ये वेस्ट के भारत के कॉन्सर्ट को लेकर एक अहम जानकारी सामने आई है। अब कान्ये वेस्ट का इंडिया टूर टल गया है। पहले यह कॉन्सर्ट 29 मार्च को होने वाला था। रैपर और म्यूजिशियन कान्ये वेस्ट अपने भारत के कॉन्सर्ट को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। कान्ये वेस्ट का इंडिया टूर अब टल गया है। कान्ये वेस्ट का शो पहले 29 मार्च 2026 को नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होना था, लेकिन अब इसे 23 मई 2026 को कर दिया गया है।

यह तो मेरे लिए गर्व की बात है ...

लॉस एंजिल्स। फिल्म सिनर्स के स्टार माइकल बी. जॉर्डन के लिए इस साल का ऑस्कर अवॉर्ड्स बहुत खास रहे। 98वें ऑस्कर अवॉर्ड्स में उन्होंने पहली बार बेस्ट एक्टर का ऑस्कर जीतकर इतिहास रच दिया। रिपोर्ट के मुताबिक, वह लीड एक्टर कैटेगरी में ऑस्कर जीतने वाले छठे ब्लैक एक्टर बन गए हैं। अपने इमोशनल एक्सेप्टेंस स्पीच में माइकल बी. जॉर्डन ने उन दिग्गज कलाकारों को याद किया जिन्होंने ब्लैक कलाकारों के लिए रास्ता बनाया। उन्होंने खास तौर पर सिडनी पोइटियर और विल स्मिथ का जिक्र किया। उन्होंने आगे कहा, 'इन महान कलाकारों के बीच अपना नाम जुड़ना मेरे लिए गर्व की बात है।' माइकल बी. जॉर्डन का जन्म 9 फरवरी 1987 को अमेरिका के कैलिफोर्निया के सैंटा एना शहर में हुआ था। उनका पूरा नाम माइकल बकारी जॉर्डन है।

अब श्रेया भी लेंगी सिंगिंग से ब्रेक

मुंबई। अरिजीत सिंह के प्लेबैक सिंगिंग से संन्यास लेने के फैसले पर जहां अभी तक फैंस को यकीन नहीं हो रहा, वहीं अब सिंगर श्रेया घोषाल ने भी इस कदम की ओर इशारा किया है। 42 साल की श्रेया ने एक नए इंटरव्यू में इस बात पर जोर दिया कि लाइव सिंगिंग में स्टेज पर लिप-सिंकिंग करना ऐसी चीज है, जिस पर वह कभी निर्भर नहीं रहना चाहेंगी। अरिजीत सिंह के प्लेबैक सिंगिंग से ब्रेक लेने के फैसले पर फैंस के बीच चर्चा छिड़ने के बाद, अब श्रेया ने कहा है कि जिस दिन उन्हें ऐसा कुछ करना पड़ा, वह गाना बंद कर देंगी। 5 बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीत चुकीं श्रेया ने कहा कि कभी-कभी उनका मन भी ब्रेक लेने का करता है। सात बार फिल्मफेयर अवॉर्ड जीत चुकीं श्रेया ने कहा कि लाइव परफॉर्मेंस देना एक कलाकार के तौर पर उनकी पहचान का अहम हिस्सा है।

कुंभकर्ण के किरदार में नजर आएंगे फैसल

मुंबई। 'रामायण' सबसे ज्यादा इंतजार किए जाने वाले प्रोजेक्ट्स में से एक है। इस फिल्म में रणबीर कपूर, साई पल्लवी और यश जैसे कई बेहतरीन कलाकार शामिल हैं। फिल्म को लेकर फैंस उत्साहित हैं। खबर है कि इस फिल्म से 'पंचायत' फेम फैसल मलिक भी जुड़ रहे हैं। वह इसमें अहम किरदार निभाएंगे। 'रामायण' में कुंभकर्ण की भूमिका के लिए फैसल को चुना गया है। इससे पहले, इस भूमिका के लिए बॉबी देओल का नाम सामने आया था। फैसल को सीरीज 'पंचायत' में प्रह्लादचा का किरदार निभाने के लिए जाना जाता है। हाल ही में उन्हें अनिल कपूर की फिल्म 'सूबेदार' में भी देखा गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने फिल्म की शूटिंग का पहला शेड्यूल पूरा कर लिया है। वह मुंबई के प्राइम फोकस स्टूडियो में कुंभकर्ण के शुरुआती सीन के लिए यश के साथ शामिल हुए।

टीवी मसाला

तान्या ने राम-सीता प्रिंट वाली साड़ी से पोंछा एकता का मुंह

नई दिल्ली। 'बिग बॉस 19' के खत्म होने के बाद एक बार फिर तान्या मित्तल चर्चा में हैं। इस बार राम-सीता वाली प्रिंट की साड़ी को लेकर बवाल मचा हुआ है, जिससे उन्होंने एकता कपूर का मुंह पूछ दिया। ये सब देखकर लोग भड़क उठे हैं, जिसमें वड़ा पाव गर्ल भी कूद पड़ी हैं। हालांकि, लोगों ने यहां चंद्रिका को धो डाला है। बता दें कि 'बिग बॉस 19' के समय से ही तान्या मित्तल एकता कपूर के प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में रही हैं। पिछले कुछ समय से तान्या और एकता की कुछ झलकियां सोशल मीडिया पर भी खूब दिखी हैं जिसमें 'बिग बॉस' की कंटेस्टेंट्स टीवी क्वीन को गिफ्ट-शिफ्ट देती दिखीं। अब सोशल मीडिया पर छाए एक वीडियो में तान्या एकता के साथ दिख रही हैं। केवल साथ ही नहीं दिख रहीं बल्कि साड़ी को फ्लॉन्ट करते हुए कुछ ऐसा कर डाला कि लोगों का गुस्सा अब सातवें आसमान पर है। तान्या मित्तल ने एकता कपूर का मुंह उसी साड़ी के पल्लू से पोछ दिया जिस पर भगवान राम और सीता की तस्वीर छपी नजर आ रही है। लोगों ने भड़कते हुए तान्या के इस हरकत पर कॉमेंट किया है। एक यूजर ने वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा, 'इन लोगों ने भगवान का भी मजाक बनाकर रख दिया। एक ने गुस्से में कहा- बाप रे, भगवान का चित्र बना हुआ है और इससे उसने पसीना पोंछा। एक और ने कहा- वैसे पल्लू पर श्री राम जी और सीता जी बनवाए हुए हैं और उन्हीं से उसका मुंह पूछ रहे हैं, कितनी बेवकूफी है।

फलक से मांगी गई जन्म कुंडली

नई दिल्ली। टीवी एक्ट्रेस फलक नाज उस वक्त भड़क गईं, जब एक प्रोडक्शन हाउस ने उनसे उनकी जन्म कुंडली मांगी। प्रोडक्शन हाउस ने उन्हें एक बड़ा टीवी सीरियल ऑफर किया था। लेकिन फलक नाज ने सीरियल ठुकरा दिया और प्रोडक्शन हाउस को लताड़ते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इसमें फलक नाज ने बताया है कि कैसे क्या हुआ और किस तरह उन्होंने शो ठुकरा दिया। फलक नाज ने कहा कि उन्हें अभी भी बहुत गुस्सा आ रहा है, पर उन्होंने यह वीडियो उन लोगों के लिए शेयर किया है, जो एक्टिंग में आना चाहते हैं। फलक नाज हैरान हैं और गुस्सा रहा है कि प्रोडक्शन हाउस ने उन्हें सीरियल में रोल ऑफर करने से पहले उनकी कुंडली मांगी, ताकि चेक कर सकें कि उनके हिसाब से सीरियल कैसा चलेगा। फलक ने कहा कि टैलेंट के बजाय कुंडली के आधार पर किसी को काम देना गलत है और वह इस इंडस्ट्री में 15 साल से सिर्फ अपने एक्टिंग टैलेंट, स्किल्स और क्राफ्ट की वजह से हैं।

शाहरुख की वजह से जवान में काम करने के लिए हुए राजी : विजय

मुंबई। विजय सेतुपति ने शाहरुख खान की अदाकारी वाली फिल्म 'जवान' को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है। साल 2023 में रिलीज हुई इस फिल्म में उन्होंने काली गायकवाड नाम के विलेन का किरदार निभाया था। एटली के निर्देशन में बनी इस फिल्म में उनके अभिनय की काफी तारीफ हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर भी यह फिल्म कामयाब रही थी। विजय सेतुपति ने शाहरुख खान स्टारर 'जवान' में काम करने के अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने कहा 'एटली के फिल्म बनाने के तरीके की मैं तारीफ करता हूं। उन्हें पता है कि सीन को कहां उठाना है और कैसे दिलचस्प बनाना है।' तमिल एक्टर एटली ने कहा फिल्ममेकर अपने सीन को लेकर आत्मविश्वास से भरे हुए थे। उन्होंने आगे कहा 'यकीनन यह शाहरुख खान को लेकर है। सिर्फ उनकी वजह से मैंने इस फिल्म में काम किया।' एटली के निर्देशन में बनी फिल्म 'जवान' में शाहरुख खान, नयनतारा, दीपिका पादुकोण, विजय सेतुपति, सान्या मल्होत्रा और प्रियमणि नजर आए। इस फिल्म को शाहरुख खान के प्रोडक्शन हाउस का सपोर्ट मिला। बॉक्स ऑफिस पर ग्लोबली इस फिल्म ने 1100 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई की थी। शाहरुख खान अपनी अपकमिंग फिल्म 'किंग' की तैयारी में जुटे हैं। इसका निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं। इस फिल्म में दीपिका पादुकोण, अभिषेक बच्चन, अरशद वारसी, रानी मुखर्जी, अनिल कपूर और सुहाना खान नजर आएंगे। यह फिल्म इस साल दिसंबर में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। विजय सेतुपति अपकमिंग फिल्म 'मुथु आलिया काट्टान' में नजर आएंगे। यह फिल्म 27 मार्च, 2026 को एक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली है।

1980 में शुरू हुआ सिक्स पैक एब्स का ट्रेंड, नसीरुद्दीन ने की थी शुरुआत...

नई दिल्ली। बॉलीवुड में सिक्स-पैक एब्स का ट्रेंड आज बहुत आम हो गया है। हीरो फिल्म में शर्ट उतारकर अपनी फिट बॉडी फ्लॉन्ट करते हैं और फैंस उनकी बॉडी को देखकर इंस्पायर होते हैं। लेकिन, सवाल यह है कि इस ट्रेंड को सबसे पहले किस अभिनेता ने शुरू किया था? सचाई यह है कि बॉलीवुड में सिक्स-पैक एब्स को लीड एक्टर के तौर पर सबसे पहले दिखाने का श्रेय नसीरुद्दीन शाह को जाता है। 1987 में आई फिल्म 'जलवा' में नसीरुद्दीन ने एक सीआईडी ऑफिसर का रोल किया था। इस रोल के लिए उन्होंने अपनी बॉडी को पूरी तरह ट्रांसफॉर्म किया और स्क्रीन पर सिक्स-पैक एब्स दिखाए। उस समय यह बहुत नई और हैरान करने वाली बात थी, क्योंकि पहले ज्यादातर हीरो मजबूत बॉडी तो रखते थे, लेकिन साफ-साफ छह पैक एब्स वाला लुक लीड एक्टर्स में नहीं दिखता था।

दारा सिंह और धर्मेंद्र

दारा सिंह और धर्मेंद्र जैसे एक्टर्स को बहुत मजबूत और मस्कुलर बॉडी के लिए जाना जाता था। दारा सिंह को 'बॉलीवुड का ओरिजिनल सिक्स-पैक हीरो' भी कहा जाता है, क्योंकि वह पहलवान थे और उनकी बॉडी बहुत पावरफुल थी। वहीं, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में उन्हें 8-पैक तक बताया जाता है। लेकिन, उनका लुक ज्यादा सिंपल था।

सलमान की वजह से ट्रेंड हुआ पापुलर

सलमान खान ने 90 के दशक में फिल्म 'प्यार किया तो डरना क्या' के गाने 'ओ ओ जाने जाना' सॉन्ग में शर्टलेस होकर सिक्स-पैक दिखाए। जिसके बाद से फैंस और सेलेब्स के बीच सिक्स पैक एब्स का ट्रेंड ज्यादा पॉपुलर हो गया। आज सलमान की वजह से लाखों फैंस जिम जाने लगे, ताकि वह उनकी तरह बॉडी बना सकें।

ऋतिक और जॉन अब्राहम

ऋतिक रोशन ने इस ट्रेंड को फिल्म 'कहो ना प्यार है' से इसे और ज्यादा ग्लैमरस बनाया। वहीं जॉन अब्राहम को भी सिक्स-पैक का किंग कहा जाता है, खासकर 'दोस्ताना' और 'फोर्स' जैसी फिल्मों में उनका सिक्स पैक एब लुक फैंस को बेहद पसंद आया। इस लिस्ट में और भी कई अभिनेता शुमार हो चुके हैं, जिनमें रणवीर सिंह, टाइगर श्रॉफ और भी कई नामी स्टार्स शामिल हैं।

लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में किया गया 98वें एकेडमी अवॉर्ड्स का आयोजन

बेस्ट पिक्चर वन बैटल आफ्टर अनअदर को 6 अवॉर्ड, सिनर्स पिछड़ी

लॉस एंजिल्स। अमेरिका और इजराइल का ईरान के साथ चल रहे युद्ध और तमाम उथल-पुथल के दौरान 98वें एकेडमी अवॉर्ड्स का आयोजन लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में किया गया। 98वें एकेडमी अवॉर्ड्स के रेड कार्पेट पर दुनिया भर के सितारों का मेला लगा। इस अवॉर्ड के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच समारोह की शुरुआत हुई। नॉमिनेशन में सबसे आगे चल रही 'सिनर्स' जीत के मामले में पिछड़ गई। हालांकि, इस फिल्म ने मुख्य कैटिगरी में कई अवॉर्ड झटके। वहीं 'वन बैटल आफ्टर अनदर' ने छक्के मारे हैं। जिस अवॉर्ड फंक्शन पर दुनिया भर की नजरें टिकी रहीं, यहां भारतीय दर्शकों के लिए सबसे खास आकर्षण प्रियंका चोपड़ा रहीं। बता दें कि वो इस साल अवॉर्ड्स में प्रेजेंटर के तौर पर जुड़ी हैं। वहीं, प्रियंका चोपड़ा के अलावा रॉबर्ट डाउनी जूनियर, ऐन हैथवे, ग्वेनेथ पाल्ट्रो, पॉल मेस्कल और विल आर्नेट भी अलग-अलग कैटिगरी में अवॉर्ड पेश किए।

सिनर्स को मिला 4 अवॉर्ड

98वें एकेडमी अवॉर्ड समारोह अपने अंतिम चरण की ओर बढ़ते हुए, 'वन बैटल आफ्टर अनदर' फिलहाल कुल 6 अवॉर्ड्स के साथ सबसे आगे रही है। 'सिनर्स' को अब तक चार अवॉर्ड मिले हैं।

बेस्ट ऑरिजनल स्क्रीनप्ले

इस अवॉर्ड्स में सबसे अधिक नॉमिनेशन पाने वाली फिल्म 'सिनर्स' ने बेस्ट ऑरिजनल स्क्रीनप्ले में भी जगह बनाई है। रयान कूगलर को बेस्ट ऑरिजनल स्क्रीनप्ले का एकेडमी अवॉर्ड मिला है। रॉबर्ट डाउनी जूनियर और क्रिस इवांस ने ये पुरस्कार प्रदान किया।

सिनर्स को मिली एक और ट्रॉफी

इस अवॉर्ड्स में 16 नॉमिनेशंस के साथ उतरी फिल्म 'सिनर्स' के निर्देशक लुडविग गोरान्सन ने बेस्ट ऑरिजनल म्यूजिक के लिए एकेडमी अवॉर्ड जीता। उन्होंने कहा, 'मेरे पिताजी ने अपना पहला ब्लूज एल्बम 1964 में स्वीडन में खरीदा था।

बेस्ट डायरेक्टर: पॉल थॉमस एंडरसन

इस समारोह में सबसे बड़ी जीत हासिल करते हुए फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' के पॉल थॉमस एंडरसन ने बेस्ट डायरेक्शन का अवॉर्ड जीता लिया है। अपकमिंग फिल्म 'द ड्रामा' के स्टार्स जेंडाया और रॉबर्ट पैटिनसन ने ये अवॉर्ड इन्हें दिया।

धर्मेंद्र को नहीं मिली श्रद्धांजलि

इस साल के ऑस्कर 2026 में उन सभी दिग्गज दिवंगत अभिनेताओं को श्रद्धांजलि दी गई जो फिल्मी दुनिया के सितारे थे। मगर भारतीय सिनेमा के मशहूर अभिनेता धर्मेंद्र को ऑस्कर के मंच पर याद न किए जाने से फैंस काफी निराश हुए। हालांकि, कई हॉलीवुड अभिनेताओं के नाम इस लिस्ट में शामिल थे। हर साल ऑस्कर के मंच से दुनियाभर के महान कलाकारों को मंच से याद किया जाता है। इसी क्रम में हॉलीवुड के साथ बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता धर्मेंद्र को भी श्रद्धांजलि मिलने की फैंस इंतजार कर रहे थे। मगर ऑस्कर में ऐसा कुछ नहीं हुआ।

बेस्ट पिक्चर : वन बैटल आफ्टर अनदर

बेस्ट फिल्म कैटिगरी में पॉल थॉमस एंडरसन की ब्लैक कॉमेडी एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' ने जीत हासिल की है। इसने सिनर्स, ब्युगोनिया, एफ1, फ्रैंकस्टीन, हैमनेट, मार्टी सुप्रीम, द सीक्रेट एजेंट, सेंटिमेंटल वैल्यू और ट्रेन ड्रीम्स को पीछे छोड़ दिया। इस तरह, फिल्म ने कुल 6 अवॉर्ड मिले और 2026 के ऑस्कर में धूम मचा दी।

दिखा भारतीय कारीगरी का जलवा

ऑस्कर अवॉर्ड में इस बार सेलेब्स ने भारतीय पारंपरिक शिल्प को अपने परिधान में जोड़ा। जाना रॉबर्ट्स ने जहां भारत की बुनाई का सहारा लिया वहीं, प्रितिका स्वरूप ने पारंपरिक हार को अपने पहनावे का हिस्सा बनाया। जाना रॉबर्ट्स रस्सी ने स्वदेश x अबू जानी और संदीप खोसला की डिजाइन किए गए परिधान को अपने रेड कार्पेट के लिए चुना। इस ड्रेस के पूरी तरह भारतीय कारीगरों ने बनाया था। जिसमें भारत के वस्त्र शिल्प का शानदार काम देखने को मिला। उन्होंने जो क्रॉप टॉप पहन रखा था। उसमें हजारों बीड्स, पत्थरों और क्रिस्टल का उपयोग किया गया था। इस खूबसूरत टॉप को बनाने के लिए सिल्क ब्रोकेड के कपड़े का उपयोग हुआ था।

हत्या के मामलों में तेजी से खुलासा, 154 बदमाश जिला बदर, आठ पर एनएसए की कार्रवाई

अपराधियों पर जबलपुर पुलिस का शिकंजा

अपराध नियंत्रण के लिए लगातार अभियान

दो महीनों में आठ अंधी हत्याओं का खुलासा, 58 फरार आरोपियों पर इनाम

शहर में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के लिए जबलपुर पुलिस लगातार सख्त और सुनियोजित कार्रवाई कर रही है। वर्ष 2026 के शुरुआती दो महीनों में पुलिस ने हत्या जैसे गंभीर मामलों में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।

शुभम् शुक्ला

हरिभूमि, जबलपुर। 1 जनवरी से 28 फरवरी 2026 के बीच पुलिस ने आठ अंधी हत्याओं का सफल खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही फरार अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए 58 मामलों में इनाम घोषित कर सख्त संदेश दिया गया है कि कानून से बचना अब आसान नहीं है।

पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025 में 1 जनवरी से 28 फरवरी के बीच हत्या के 15 मामले सामने आए थे, जबकि वर्ष 2026 में इसी अवधि में 14 हत्या के मामले दर्ज किए गए। इन मामलों में से आठ अंधी हत्याओं का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने आरोपियों तक पहुंच बनाई और उन्हें गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचाया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक इन मामलों की जांच में तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर तंत्र और सतत निगरानी का सहारा लिया गया, जिसके परिणाम स्वरूप कई जटिल मामलों का भी तेजी से खुलासा संभव हुआ।

अपराधियों पर निवारक कार्रवाई तेज

अपराधियों के खिलाफ निवारक कार्रवाई के तहत भी पुलिस ने कड़ा रुख अपनाया है। शहर की शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से इस वर्ष अब तक 154 बदमाशों को जिला बदर किया जा चुका है। इससे आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर अंकुश लगाने में मदद मिली है। वहीं गंभीर अपराधों में संलिप्त पाए गए आठ आरोपियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत कार्रवाई कर उन्हें कड़ी कानूनी गिरफ्त में लिया गया है।

फरार अपराधियों की तलाश में अभियान

जबलपुर पुलिस फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए भी लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में 1 जनवरी से 28 फरवरी 2026 के बीच कुल 58 मामलों में फरार आरोपियों पर इनाम घोषित किया गया है। अधिकारियों का मानना है कि इनाम घोषित होने से आरोपियों की गिरफ्तारी में तेजी आती है और आम नागरिकों से भी महत्वपूर्ण सूचनाएं प्राप्त होती हैं, जिससे पुलिस को कार्रवाई में सफलता मिलती है।

अंधी हत्याओं का खुलासा

पुलिस ने शहपुरा, माढ़ोताल, पाटन, पनागर, रांझी और लार्डगंज थाना क्षेत्रों में हुई आठ अंधी हत्याओं का सफलता पूर्वक पर्दाफाश किया। इन मामलों में कहीं आपसी रंजिश, कहीं प्रेम प्रसंग तो कहीं मामूली विवाद ने हत्या का रूप ले लिया था। पुलिस ने मामले की गहन जांच कर आरोपियों को गिरफ्तार किया और घटनाओं में प्रयुक्त हथियार, वाहन व अन्य साक्ष्य भी जब्त

अपराधियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा

शहर में अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और हत्या जैसे जघन्य अपराधों में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस तकनीकी जांच, खुफिया तंत्र और सतत गश्त के माध्यम से सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क और प्रतिबद्ध है और अपराधियों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

-संपत उपाध्याय, पुलिस कप्तान

अतिक्रमण की कार्रवाई से सुगम हुई यातायात व्यवस्था : निगमायुक्त

जबलपुर। शहर को व्यवस्थित, सुंदर और यातायात सुगम बनाने के उद्देश्य से नगर निगम ने आज एक बड़ा अभियान चलाया। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर निगम की टीम ने शहर के विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाकर सड़कों को मुक्त कराया, जिससे नागरिकों को बेहतर यातायात व्यवस्था का अनुभव हुआ। अतिक्रमण प्रभारी मनीष तड़से ने बताया कि घमापुर चौक और क्षेत्रीय बस स्टैंड क्षेत्र में व्यवस्थित रूप से अतिक्रमण हटाया गया। रेत नाका से साउथ एवेन्यू मॉल तक की सड़क को साफ कर नागरिकों के आवागमन को सुगम बनाया गया। इसी तरह, छोटी लाइन फाटक क्षेत्र में अस्थाई सब्जी बाजार को खाली कराया गया और छोटी लाइन से रामपुर चौक तक सड़कों के किनारे के अवरोध दूर किए गए। शहर की पहचान गौरीघाट और जिलेहरीघाट की सीढ़ियों पर किए गए अतिक्रमण हटाने से दर्शनार्थियों और पर्यटकों को घाटों पर चलने में अब सुविधा होगी। मेडिकल तिराहा से पुराने बस स्टैंड तक निगम टीम ने मुनादी कराई। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण टीम समेत संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

शहपुरा में दो मारुति वेन से गैस किट निकलवाई गई

जबलपुर। स्कूली बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर राजस्व विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा सोमवार को शहपुरा में वाहनों का औचक निरीक्षण किया गया। तहसीलदार शहपुरा सुमित गुप्ता के नेतृत्व में कई गई निरीक्षण की कार्यवाही के दौरान दो मारुति वेन को एलपीजी से संचालित पाये जाने पर दो शहपुरा थाना ले जाकर उनकी गैस किट को पृथक करवाया गया।

हाईकोर्ट ने कहा, पिता को पुत्र द्वारा नशा मुक्ति केन्द्र में बंधक बनाकर रखे जाने का मामला

मेडिकल रिपोर्ट के साथ बुजुर्ग को न्यायालय में करो पेश

जबलपुर। सम्पति संबंधित विवाद के कारण पिता को पुत्र द्वारा नशा मुक्ति केन्द्र में बंधक बनाकर रखे जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने याचिका की सुनवाई करते हुए वृद्ध की मेडिकल रिपोर्ट के साथ उन्हें न्यायालय में पेश करने के निर्देश दिए हैं। अगली सुनवाई 25 मार्च को निर्धारित की गयी है। जबलपुर निवासी अक्षय चौधरी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि याचिकाकर्ता दुर्गेश पटेल के पास काम करता है। उनके पुत्र रूपेश पटेल ने पिता दुर्गेश पटेल को जबरन नशा मुक्ति केंद्र में बंधक बनाकर रखा है। हाईकोर्ट के आदेश पर विगत 26 फरवरी को तिलवारा पुलिस ने वृद्ध को हाईकोर्ट में पेश किया था। वृध्द ने युगलपीठ को बताया था कि वह कोई साइकोट्रोपिक सब्सटेंस नहीं लेते हैं और प्रॉपर्टी के झगड़े की वजह से उसे नशा मुक्ति केंद्र में रखा है। कोर्ट में अनावेदकों की तरफ से बताया गया कि वह साइकोट्रोपिक सब्सटेंस लेते है। वह भू-माफिया के प्रभाव में है जो प्रॉपर्टी पर कब्जा करना चाहते हैं। युगलपीठ ने पुलिस जांच अधिकारी को वृद्ध की मेडिकल जांच नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, डॉक्टर से करवाने के आदेश जारी किये थे।

पिछली सुनवाई के दौरान वृध्द की मेडिकल रिपोर्ट हाईकोर्ट में पेश की गयी। मेडिकल रिपोर्ट में बताया गया कि वृद्ध कई गंभीर से पीड़ति है और उसकी विस्तृत जांच आवश्यक है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि हॉस्पिटल में एक नशा मुक्ति मेडिकल ट्रीटमेंट फैसिलिटी सेंटर है, जो नई दिल्ली में ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के साथ कोऑर्डिनेशन में चलाया जाता है। रिपोर्ट में सिफारिश की वृद्ध को उसकी हॉस्पिटल में भर्ती कराया जाए। सोमवार को युगलपीठ को बताया गया कि वृद्ध मानसिक रूप से ठीक है परंतु कई बीमारियों से ग्रस्ति है। अनावेदक पुत्र, पत्नी व बेटी की ओर से बताया गया कि पिता को नशे की लत है।

विभागीय योजनाओं की लक्ष्यपूर्ति समय सीमा में सुनिश्चित करें : संभागायुक्त

जबलपुर। संभागायुक्त धनंजय सिंह ने संभागीय अधिकारियों के साथ समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने विभागवार लंबित प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाओं को गर्भवती महिलाओं के एएनसी पंजीयन, सिकल सेल रोगियों की स्क्रीनिंग और उपचार, तथा वय वंदना योजना के तहत सीनियर सिटीजन के आयुष्मान कार्ड बनवाने की कार्यवाही पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कृषि वर्ष 2026 की कार्ययोजना के अनुसार उन्होंने विभागीय योजनाओं और गतिविधियों के निर्धारित लक्ष्यों को समय सीमा में प्राप्त करने का निर्देश दिया। कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, सहकारिता और मत्स्य विभागों की फील्ड स्तर पर क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा करते हुए संभागायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे योजनाओं की प्रगति लक्ष्य अनुरूप सुनिश्चित करें और विभागीय पोर्टल में एंट्री करें। उन्होंने कृषि क्षेत्र में किसानों की आय वृद्धि और रोजगार सृजन के लिए शासन निर्देशानुसार कार्य करने तथा नरवाई प्रबंधन हेतु आवश्यक उपाय सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

प्रदेश में प्रतिदिन 41 मौत होने का आंकडा प्रस्तुत

खराब सड़कें और जानलेवा गड्ढों के कारण भी प्रदेश में होती हैं सड़क दुर्घटनाएं, याचिका दायर

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर आरोप लगाया गया कि खराब सड़कें और जानलेवा गड्ढों के कारण भी प्रदेश में सडक दुर्घटनाएं होती हैं और लोगों की जान जाती है। याचिका में कहा गया है कि सड़क दुर्घटना सिर्फ चालकों की गलती के कारण नही बल्कि खराब सड़क इंजीनियरिंग, जानलेवा गड्ढों, अवैध अतिक्रमण और बिना उचित ट्रेनिंग के बांटे गए ड्राइविंग लाइसेंस के कारण भी होती हैं। प्रदेश में प्रतिदिन 41 मौत होने का आंकडा प्रस्तुत किया गया है। मामले पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने नगर निगम आयुक्त जबलपुर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले पर न्यायालय की मदद के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता अरिहंत तिवारी को कोर्ट मित्र नियुक्त किया गया है। मामले पर अगली सुनवाई 27 अप्रैल को निर्धारित की गई है।

जबलपुर निवासी आशीष शिवहरे की ओर से दायर याचिका में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की रिपोर्ट का हवाला देते हुए देते हुए कहा गया था कि मध्य प्रदेश में हर दिन लगभग 41 व्यक्ति की मौत होती है। देश में रोजना साढे तीन सौ से अधिक व्यक्तियों की मौत होती है। प्रशासन हर दुर्घटना को सिर्फ चालक की गलती बताकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला नहीं झाड़ सकता। दुर्घटनाएं अक्सर खराब सड़क इंजीनियरिंग, जानलेवा गड्ढों, अवैध अतिक्रमण, और बिना उचित ट्रेनिंग के बांटे गए ड्राइविंग लाइसेंस के कारण होती है। याचिका में राहत चाही गयी थी कि पुलिस और नगरीय प्रशासन की एकीकृत जवाबदेही तय की जाये। इंजीनियरों और ठेकेदारों पर मोटर वाहन अधिनियम की धारा 198 का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाये। खराब सड़क डिजाइन या गड्ढों के कारण किसी की जान जाती है, तो संबंधित इंजीनियरों और ठेकेदारों पर आपराधिक मामला दर्ज हो। खराब सड़कों पर टोल वसूली पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाये। लाइसेंसिंग सिस्टम में सुधार करते हुए सभी मौजूदा ड्राइविंग लाइसेंस धारकों के लिए एक डिजिटल री-ट्रेनिंग एप के माध्यम से नियमों की जानकारी दी जाये।

वाहनों में हो बदलाव

दोपहिया वाहनों में हेलमेट चोरी की समस्या से बचने और सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए इन-बिल्ट हेलमेट लॉकर अनिवार्य किये जाये। ऐसा रोड सेफ्टी ऐप बने जहां आम जनता खतरनाक सड़कों, ब्लैक स्पॉट्स और गड्ढों की फोटो सहित सीधी शिकायत कर सके और उस पर वैज्ञानिक जांच हो। हाईवे पर ढाबों के पास अवैध पार्किंग, शराब की बिक्री और आवारा पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओं के लिए स्थानीय थाना प्रभारी और प्रशासन की व्यक्तिगत जवाबदेही तय की जाए।

स्वच्छ जबलपुर अभियानः गंदगी फैलाने वाले संस्थानों पर निगम की सख्ती

जबलपुर। शहर की स्वच्छता रैंकिंग सुधारने और नागरिकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम सक्रिय है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर उन व्यावसायिक संस्थानों पर शिकंजा कसा जा रहा है जो स्वच्छता नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने होटल बी.के. कैसल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान होटल के बेसमेंट में भारी गंदगी और कचरे का अव्यवस्थित अंबार पाया गया। निगम अधिकारियों ने इसे गंभीरता से लेते हुए होटल प्रबंधन पर 25,000 रुपये का स्पॉट फाइन लगाया। निगमायुक्त ने कहा कि शहर की सुंदरता और स्वास्थ्य के साथ समझौता करने वाले संस्थानों को बख्शा नहीं जाएगा। होटल प्रबंधन ने तत्काल जुर्माना राशि का भुगतान किया। निगमायुक्त ने शहर के सभी होटल संचालकों और व्यापारियों से अपील की है कि वे अपने परिसर के साथ-साथ आस-पास के क्षेत्र को भी स्वच्छ रखें। इस कार्रवाई में सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव और मुख्य स्वच्छता निरीक्षक श्रीमती अगस्ते उपस्थित रहे। निगम की इस त्वरित कार्रवाई को शहरवासियों ने सराहा, क्योंकि इससे अन्य संस्थानों में भी स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी का भाव जागेगा।

आरोपी के पास 100 फर्जी आईडी और 250 से ज्यादा लड़कियों के फोटो मिले

सोशल मीडिया पर हनी ट्रैप का जाल

हरिभूमि जबलपुर।

आरोपी को नागपुर से गिरफ्तार कर लाई पुलिस

सोशल मीडिया के जरिए युवतियों को फंसाकर ब्लैकमेल करने वाले एक शातिर आरोपी को बरगी पुलिस ने महाराष्ट्र के नागपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी फर्जी आईडी बनाकर युवतियों से दोस्ती करता था और बाद में उनके निजी फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पैसे और शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डालता था।

पुलिस के अनुसार बरगी नगर निवासी 22 वर्षीय युवती ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि साहिल विश्वकर्मा नाम का युवक उसे सोशल मीडिया पर परेशान कर रहा है। आरोपी उसके निजी फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा था। इसके बदले वह पैसों की मांग कर रहा था और शारीरिक संबंध बनाने का दबाव भी बना रहा था।

शिकायत की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने साहिल विश्वकर्मा के खिलाफ धारा 75(1)(ii), 78(1)(ii), 308(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया। तलाश के बाद रविवार को उसे नागपुर से गिरफ्तार कर लिया गया।

अब तक की जांच में सामने आया है कि बरगी नगर निवासी 23 वर्षीय साहिल ग्रेजुएट है। उसके पिता ड्राइवर हैं और घर में मां व छोटी बहन हैं। जांच में सामने आया कि आरोपी ने इंस्टाग्राम पर 100 से ज्यादा फर्जी आईडी बना रखी थीं। पुलिस को उसकी आईडी में सैकड़ों लड़कियां एड मिलीं। मोबाइल और पेन ड्राइव की जांच में 250 से ज्यादा लड़कियों के फोटो मिले। ये लड़कियां मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, यूपी और छत्तीसगढ़ की बताई जा रही हैं। जांच में सामने आया कि आरोपी कई फर्जी सोशल मीडिया आईडी बनाकर अन्य युवतियों को भी अपने जाल में फंसाता था और उन्हें ब्लैकमेल करता था।

पुलिस के मुताबिक वारदात के बाद आरोपी राज्य से बाहर भाग गया था। सुराग मिलने पर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक सरिता पटेल के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर टीम ने नागपुर में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से मोबाइल फोन, पेनड्राइव और कई सिम कार्ड जब्त किए गए हैं, जिनका उपयोग ब्लैकमेलिंग में किया जाता था। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और यह जांच की जा रही है कि उसने अब तक कितनी युवतियों को निशाना बनाया है।

अलर्टः अपहरण की आशंका ने चिंता बढ़ाई

पाटन के गांव से 2 किशोरियां लापता

जबलपुर। जिले के ग्रामीण अंचलों से किशोरियों के अचानक लापता होने की घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पाटन थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों से दो किशोरियों के संदिग्ध परिस्थितियों में गायब होने के मामलों ने न सिर्फ परिवारों बल्कि पूरे इलाके में चिंता का माहौल बना दिया है। पुलिस ने दोनों मामलों में गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, वहीं ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की जा रही है।

पहला मामला पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम टपरिया गाड़ाघाट का है। जानकारी के अनुसार शनिवार रात परिवार के सभी सदस्य भोजन के बाद सो गए थे। 17 वर्षीय किशोरी अपनी मां के साथ कमरे में सो रही थी। रात करीब तीन बजे मां की नींद खुली तो बेटी बिस्तर पर नहीं थी। परिजनों ने तुरंत घर और आसपास तलाश शुरू की। गांव के रास्तों, खेतों और रिश्तेदारों के यहां खोजबीन की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। सुबह होते-होते मामला पूरे गांव में फैल गया और हड़कंप की स्थिति बन गई। इसके बाद परिजन थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

बिना बताए घर से निकली

दूसरा मामला ग्राम वर्धाघाट का है। यहां एक महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी, जिसने इस वर्ष शासकीय स्कूल रिठौरी से 10वीं की परीक्षा दी है, शनिवार शाम 4 से 6 बजे के बीच घर से बिना बताए कहीं चली गई। शाम तक वापस नहीं लौटने पर परिवार को चिंता हुई। देर रात तक आसपास के गांवों और परिचितों के यहां तलाश की गई, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। मजबूर होकर परिजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई।

अपहरण की आशंका से बढ़ी चिंता

दोनों परिवारों ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अपहरण की आशंका जताई है। लगातार दो गांवों से किशोरियों के लापता होने की घटनाओं ने ग्रामीणों में भय का माहौल बना दिया है। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते सख्ती नहीं की गई तो ऐसे मामले बढ़ सकते हैं। पाटन थाना पुलिस ने दोनों मामलों में गुमशुदगी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। आसपास के इलाकों में पूछताछ की जा रही है। मोबाइल लोकेशन, कॉल डिटेल्स और संभावित संपर्कों की जांच की जा रही है। पुलिस ने बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी निगरानी बढ़ा दी है।

जागरुकता की जरूरत

लगातार सामने आ रहे ऐसे मामलों को देखते हुए पुलिस और सामाजिक संगठनों ने अभिभावकों से अपील की है कि वे किशोरियों की गतिविधियों पर ध्यान रखें, उनके मित्रों और संपर्कों की जानकारी रखें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

लंबित पत्रों पर सख्तीः कलेक्टर ने तय की जवाबदेही

योजनाओं की प्रगति पर मांगी समयबद्ध रिपोर्ट

जबलपुर। जिले में लंबित प्रकरणों को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में विभागों की कार्यप्रणाली और योजनाओं की जमीनी प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने साफ कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपनी-अपनी योजनाओं की अद्यतन जानकारी विभागीय पोर्टल पर दर्ज करना सुनिश्चित करें, ताकि मॉनिटरिंग प्रभावी ढंग से हो सके।बैठक में संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा करते हुए शिविरों में प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध निराकरण पर जोर दिया गया। कलेक्टर ने पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री जनमन योजना, किसानों की ई-केवाईसी, विद्यालयों में बालिका शौचालय निर्माण, आंगनवाड़ियों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग, डॉग बाइट नियंत्रण, कक्षा पहली में प्रवेश उत्सव, वन ग्राम और राजस्व ग्राम संबंधी कार्यों की प्रगति रिपोर्ट मांगी।एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति और वितरण व्यवस्था, बीएलसी घटक के तहत विशेष पट्टा अभियान, स्वावलंबी गौशालाओं और स्वरोजगार योजनाओं के संचालन पर भी विशेष चर्चा की गई। सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण में देरी पर नाराजगी जताते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी प्रकरण तय समय सीमा में निपटाए जाएं।बैठक में प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समितियों में अशासकीय सदस्यों के नामांकन व अनुमोदन पर भी चर्चा हुई। शासकीय और निजी अस्पतालों में बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट की स्थिति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने प्राइवेट कॉलेजों का भौतिक सत्यापन करने और महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन वातावरण तैयार करने के निर्देश दिए।इसके अलावा निर्माण एजेंसियों और ठेकेदारों के भुगतान से पहले रॉयल्टी राशि खनिज मद में जमा कराने की सख्त हिदायत दी गई। बैठक के अंत में पेंशन कार्यालय द्वारा नवीन पेंशन नियम और राज्य केंद्रीकृत पेंशन प्रोसेसिंग प्रणाली पर प्रस्तुतीकरण दिया गया। बैठक में नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद की कोर कमेटी गठित

जबलपुर। राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद मध्यप्रदेश इकाई के कार्यों में त्वरित निर्णय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कोर कमेटी का गठन किया गया है। इसकी घोषणा राष्ट्रीय मुख्य महासचिव रजत गुप्ता ने की। उन्होंने बताया कि यह कमेटी पत्रकारों, पत्रकारिता तथा परिषद से जुड़े अतिआवश्यक विषयों पर शीघ्र निर्णय लेने का कार्य करेगी।

घोषित कोर कमेटी में गंगा पाठक (राष्ट्रीय संरक्षक), नलिन कांत बाजपेयी (राष्ट्रीय संयोजक), परमानंद तिवारी (राष्ट्रीय अध्यक्ष), देव शंकर अवस्थी (राष्ट्रीय सचिव), मदन मोहन अवस्थी (प्रदेश संयोजक), राजेश दुबे (प्रदेश अध्यक्ष), विलोक पाठक (प्रदेश मुख्य महासचिव), राजेश शुक्ला (प्रदेश उपाध्यक्ष), अनुरोध पटेरिया (प्रदेश संगठन महासचिव), के. जी. शर्मा (प्रदेश प्रमुख अनुशासन समिति) तथा चंद्रशेखर शर्मा (प्रदेश प्रवक्ता) को शामिल किया गया है। रजत गुप्ता के अनुसार यह कोर कमेटी परिषद के कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने के साथ पत्रकारों से जुड़े आवश्यक विषयों पर समयबद्ध निर्णय सुनिश्चित करेगी।

सुप्रीम कोर्ट से भी खाली हाथ लौटी सोम डिस्टिलरी, अब हाईकोर्ट की सिंगल बेंच में फिर होगी सुनवाई

जबलपुर। विवादों में घिरी सोम डिस्टिलरी को राहत पाने की कोशिश में एक और बड़ा झटका लगा है। जिस आदेश के खिलाफ कंपनी सीधे सुप्रीम कोर्ट पहुंची थी, वहां से भी उसे कोई अंतरिम राहत नहीं मिल सकी। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया कि मामला पहले से ही मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में लंबित है और इसकी सुनवाई वहीं की सिंगल बेंच करेगी। इसके बाद कंपनी को खाली हाथ लौटना पड़ा और मामला फिर हाईकोर्ट में ही आ गया है। दरअसल, जस्टिस विवेक अग्रवाल की सिंगल बेंच पहले ही सोम डिस्टिलरी को अंतरिम राहत देने से इनकार कर चुकी है। कोर्ट ने राज्य सरकार को दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए कहा था कि शासन का पक्ष सुने बिना किसी भी प्रकार का अंतरिम आदेश देना उचित नहीं होगा।

इस आदेश के खिलाफ कंपनी ने हाईकोर्ट में रिट अपील दायर करने के साथ-साथ सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दायर की, लेकिन दोनों ही स्तर पर उसे राहत नहीं मिल सकी। मामला आबकारी विभाग की उस कार्रवाई से जुड़ा है, जिसमें सोम डिस्टिलरी के लाइसेंस निलंबित किए गए थे। विभाग ने फर्जी परमिट के जरिए शराब परिवहन और अन्य अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। कंपनी इन आरोपों को चुनौती देकर अदालत से राहत चाहती है, लेकिन फिलहाल उसे किसी भी स्तर पर राहत नहीं मिली है। अब पूरे मामले की अगली सुनवाई फिर से हाईकोर्ट की उसी सिंगल बेंच में होने की स्थिति बन गई है, जहां राज्य सरकार के जवाब के बाद आगे की कानूनी दिशा तय होगी।

18 मार्च को आनंदकुंज गढ़ा में नव संवत्सर पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में होगी काव्य रस की फुहार

जबलपुर। भारतीय संस्कृति में नव संवत्सर (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) केवल कैलेंडर बदलने का दिन नहीं है, बल्कि इसके पीछे गहरा आध्यात्मिक, वैज्ञानिक और ऐतिहासिक आधार है। यह समय प्रकृति के पुनर्जन्म का होता है, जब वसंत ऋतु का आगमन होता है और चारों ओर हरियाली फैल जाती है। इसे 'सृष्टि का जन्मदिन' भी माना जाता है। शास्त्रों में इसे ब्रह्मा जी की सृष्टि की रचना के आरंभ का दिन बताया गया है, और मर्यादा पुरुषोत्तम राम का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ था।

इन परंपराओं और शाश्वत सनातन संस्कृति को जीवित रखने के लिए सृजन भारती परिवार द्वारा 18 मार्च 2026 को रात्रि 8 बजे आनंदकुंज तिराहा, गढ़ा में विक्रम संवत 2083, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नव संवत्सर उत्सव के रूप में "विराट अखिल भारतीय कवि सम्मेलन" का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में राष्ट्रीय स्तर के ख्यातिलब्ध कवि अपनी ओजपूर्ण, हास्य-व्यंग्य और सरस गीतों से श्रोताओं को आनंदित करेंगे। कार्यक्रम में गुलाबी नगरी जयपुर से कमल मनोहर, लखनऊ से विनय शुक्ला, लखीमपुर खीरी से कनक तिवारी, इंदौर से रोहित शर्मा, राजस्थान बॉसबाड़ा से सुश्री रोहिणी पांडे और भोपाल से सभीहा असर सहित अन्य कवि अपनी काव्य रचनाओं से श्रोताओं को भाव-विभोर करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति के सहयोगी डॉ. संजय गौतम, मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर शर्मा, कृष्ण कुमार तिवारी, सुशील उपाध्याय, संजय तिवारी, कमलेश यादव, दीपक सोनी, और प्रवीण भारद्वाज ने सभी से इस कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है। यह आयोजन न केवल काव्य रस की फुहार देगा, बल्कि संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने का एक महत्वपूर्ण प्रयास भी होगा।

पिता के साथ बेटे ने की मारपीट

जबलपुर। पाटन थाना अतंर्गत ग्राम आरछा में नाती को मारने से मना करने की बात पर एक बेटे ने अपने पिता के साथ मारपीट कर लकड़ी से हमला कर घायल कर दिया। पाटन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम आरछा निवासी 65 वर्षीय तुलसीराम गौंड अपनी पत्नी गुड्डी बाई के साथ अपने छोटे बेटे आकाश के पास ग्राम नटवारा जाने की तैयारी कर रहा था तभी उसका 8 वर्षीय नाती साहिल उनके साथ जाने का कहने लगा, तभी उसके बड़े बेटे मुकेश ने साहिल को जाने के लिए मना कर दिया और साहिल के साथ मारपीट कर दी। पिता तुलसीराम ने नाती साहिल को मारने से मना किया तो मुकेश ने अपने पिता तुलसीराम के साथ गालीगलौज व मारपीट कर लकड़ी से हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 118(1), 351(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया

खेती के साथ पशुपालन और मछली पालन से बढ़ रही किसानों की आय

जबलपुर। पारंपरिक खेती के साथ आधुनिक और समन्वित कृषि प्रणाली अपनाकर किसान अब केवल अनाज उत्पादन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि मछली पालन, पशुपालन और बागवानी के माध्यम से भी अच्छी आय अर्जित कर रहे हैं। इसका स्पष्ट उदाहरण पाटन विकासखंड के बेनीखेड़ा ग्राम में कृषक विकास ग्रोवर के खेत में देखा जा सकता है। उप संचालक कृषि डॉ. एस. के. निगम और अनुविभागीय कृषि अधिकारी डॉ. इंदिरा त्रिपाठी ने क्षेत्र निरीक्षण के दौरान विकास ग्रोवर द्वारा की जा रही समन्वित खेती का जायजा लिया। श्री ग्रोवर ने अपनी कृषि भूमि को अलग-अलग हिस्सों में विभाजित किया है, ताकि संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। खेत के निचले हिस्से में तीन तालाब बनाकर वे कतला, रोहू, ग्रास कॉपर और मृगल जैसी उन्नत नस्ल की मछली का पालन कर रहे हैं। इन तालाबों का पानी पोषक तत्वों से भरपूर होने के कारण फसलों की सिंचाई में भी उपयोग किया जाता है। श्री ग्रोवर के खेत में आम, अमरूद, सेव, केला, एवोकैडो, अनार और नींबू के बाग लगाए गए हैं। उनके पास दुधारू पशु भी अच्छी संख्या में हैं, जिनसे प्राप्त दूध सीधे बाजार में बेचा जाता है। पशुओं का गोबर और मूत्र वर्मी कंपोस्ट (केंचुआ खाद) बनाने के काम आता है, जिससे खेतों की उर्वरता बढ़ती है। उप संचालक कृषि डॉ. निगम ने निरीक्षण के दौरान उपस्थित वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पंकज श्रीवास्तव और कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती सीमा राउत को निर्देश दिए कि वे क्षेत्र के अन्य किसानों को समन्वित खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित करें, ताकि अधिक से अधिक किसान कम रिस्क वाली खेती कर अधिक आय अर्जित कर सकें।

रिवाल्वर सहित पकड़ा गया बदमाश

जबलपुर। गढ़ा पुलिस ने मदनमहल पहाड़ी दरगाह के पास पिस्टल लेकर घूम रहे एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से एक देशी रिवाल्वर एवं एक कारतूस जब्त की। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ 17 अपराधिक मामलें दर्ज हैं। गढ़ा थाना प्रभारी प्रसन्न कुमार शर्मा ने बताया कि गत दिवस मुखबिर की सूचना पर मदनमहल पहाड़ी दरगाह के पास अपराध करने की नीयत से कमर में पिस्टल खोसे घूम रहे देवताल रामनगर गढ़ा निवासी 26 वर्षीय शिवा उर्फ बंबू चौधरी को गिरफ्तार कर उसके पास से एक देशी रिवाल्वर एवं एक कारतूस जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर मामला जांच में लिया है।

सूने घर का ताला तोड़कर जेवर चोरी

जबलपुर। रांझी थाना अतंर्गत पुरानी बस्ती कटनी दफाई में 40 वर्षीय श्रीमति माला बिहुनिया के सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। घटना वाली रात वे पति एवं बच्चों के साथ ननद के घर शादी में ग्राम घाना खमरिया गयी थी।

शासकीय प्राथमिक सैटेलाइट शाला हिनोतिया को संदीपनि विद्यालय में मर्ज किए जाने पर हो रहा विरोध

बरेला। शासन की मंशा के अनुसार नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 में 2 किलोमीटर के अंदर के विद्यालयों को सी एमराइस संदीपनि विद्यालय में मर्ज किया जाना है। इस क्रम में समीपस्थ ग्राम पंचायत जमुनिया अंतर्गत शासकीय प्राथमिक सैटेलाइट शाला हिनोतिया को सांदीपनि विद्यालय बरेला में मर्ज किया जा रहा है। इस निर्णय के खिलाफ पालकों में रोष व्याप्त है। पालकों का कहना है कि बिना आवागमन की उचित सुविधा के वे अपने बच्चों को दूर पैदल भेजने के लिए तैयार नहीं हैं, क्योंकि इस मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएँ हो रही हैं। स्थानीय अभिभावक अंजलि गौंड और अर्चना गौंड ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि शाला के बच्चों का स्थानांतरण होने पर शाला छोड़ने और शाला त्यागी होने की संभावना बढ़ जाएगी। स्थानीय अभिभावकों का यह भी कहना है कि जब तक आवागमन की सुविधा नहीं जुटाई जाती, तब तक शाला का स्थानांतरण न किया जाए। इस संबंध में स्थानीय जनों ने शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों और कलेक्टर को शिकायत भी दी है।

रंगदारी वसूलने युवक से मारपीट

जबलपुर। भेड़ाघाट थाना अतंर्गत भड़पुरा नई बस्ती में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर दो बदमाशों ने एक युवक को जातिगत रुप से अपमानित कर कड़े से हमला कर दिया और उसे जमीन पर पटक दिया, जिससे वह घायल हो गया। भेड़ाघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार भड़पुरा निवासी 26 वर्षीय योगेश गौंड ठाकुर गत दिवस अपने दोस्त दीपक पाटकर एवं संजय झारिया के साथ गांव के सुलभ काम्पलेक्स के पास खड़ा था तभी लगभग 9.15 बजे ग्राम तेवर निवासी सिल्लू पटैल अपने साथी धम्मू के साथ आया और गालीगलौज कर शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगा, मना करने पर जातिगत रूप से अपमानित करते हुये सिल्लू पटेल ने हाथ में पहने कड़े से हमला कर दिया तथा धम्मू ने जमीन पर पटक दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 119(1), 115(2), 351(2), 3(5), बीएनएस तथा 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)(व्हीए) एससी एसटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

दिवंगत अधिवक्ताओं की स्मृति में आयोजित किया गया स्व. पी.एस. तिवारी स्मृति दिवस

जबलपुर। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दिवंगत वरिष्ठ अधिवक्ताओं की स्मृति में स्व. पी.एस. तिवारी स्मृति दिवस कार्यक्रम का आयोजन म.प्र. उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ के सिल्वर जुबली हॉल में किया गया। कार्यक्रम म.प्र. उच्च न्यायालय के न्यायाधीश महिन्दर सिंह भट्टी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर न्यायाधीश महिन्दर सिंह भट्टी ने अपने उद्बोधन में कहा कि अपने पूर्वजों को स्मरण करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है और मनीष तिवारी विगत कई वर्षों से इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए दिवंगत अधिवक्ताओं को याद कर रहे हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राधेलाल गुप्ता ने कहा कि पूरे प्रदेश में प्रतिवर्ष 14 मार्च को दिवंगत अधिवक्ताओं की स्मृति में स्मृति दिवस मनाया जाना चाहिए। मनीष तिवारी द्वारा वर्ष 2015 से लगातार 14 मार्च को यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर 85 युवा अधिवक्ताओं को विधि पुस्तकें भेंट की गईं। साथ ही म.प्र. राज्य अधिवक्ता परिषद से प्राप्त टी.ए.डी./ए. की राशि 64,400 रुपये एक गंभीर रूप से अस्वस्थ अधिवक्ता को उपचार हेतु प्रदान की गई।

कार्यक्रम में अधिवक्ता हित से जुड़े कार्यों के तहत अधिवक्ता संघों को एम्बुलेंस, ई-रिक्शा, कम्प्यूटर लाइब्रेरी, वॉटर कूलर सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए दिवंगत अधिवक्ताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में मनीष तिवारी, श्रीमती आरती तिवारी, आशीष तिवारी सहित परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। वहीं अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित जैन, सचिव पारितोष त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र प्रताप सिंह, सह सचिव योगेश सोनी, लाइब्रेरी सचिव रजनीश उपाध्याय, कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुशवाहा, सपना तिवारी, गरिमा तिवारी, रविन्द्र प्रताप सिंह, स्मिता केहरी सहित सैकड़ों अधिवक्तागण मौजूद रहे।

समय पूर्व संपन्न हुआ कक्षा पांचवी एवं आठवीं वार्षिक परीक्षा का मूल्यांकन कार्य

बरेला। पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सालीवाडा गौर जबलपुर ग्रामीण में वार्षिक परीक्षा 2025 - 26 कक्षा पांचवी एवं आठवीं का मूल्यांकन केंद्र बनाया गया था जिसमें मूल्यांकन केंद्र प्रभारी श्रीमती आभा वानखेडे के मार्गदर्शन में सहायक मूल्यांकन केंद्र प्रभारी अंजना सराफ, सीमा सोनी स्ट्रांग रूम प्रभारी संगीता तिवारी, जयप्रकाश धुर्वे तथा तकनीकी कार्यों को दक्षता पूर्वक करने वाले शिक्षक राजेश पटेल ने अनुशासित मूल्यांकन कार्य करवाते हुए मूल्यांकन कार्य समय के पूर्व संपन्न करवाया । जबलपुर ग्रामीण ब्लाक अंतर्गत मूल्यांकन केंद्र पीएमश्री सालीवाडा गौर में अन्यत्र ब्लॉक की लगभग 29092 कॉपियां मूल्यांकन हेतु आयी थी जिसके लिए राज्य शिक्षा केंद्र की ओर से 15 मार्च की तिथि निर्धारित की गई थी समय सीमा के पूर्व शांतिपूर्वक मूल्यांकन कार्य संपन्न हुआ।मूल्यांकन केंद्र प्रभारी श्रीमती आभा वानखेडे ने मूल्यांकन कार्य समय के पूर्व संपन्न होने पर मूल्यांकन कार्य में संलग्न टीम एवं सभी मूल्यांकन कर्ताओं को बधाई दी।

जलप्लावन की तैयारियों को लेकर महापौर और निगमायुक्त ने की बैठक

जबलपुर। वर्षा ऋतु के आगमन से पूर्व महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने स्वास्थ्य अमले के साथ बैठक कर जलप्लावन रोकथाम के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में नागरिकों के हित में कई ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। महापौर ने नाला-नालियों की सफाई के लिए विस्तृत रोस्टर तैयार करने के निर्देश दिए। नवाचार के तहत, सफाई के बाद नालों की दीवारों पर सफाई की तिथि और सफाई टीम के सदस्यों के नाम अंकित किए जाएंगे, ताकि जवाबदेही तय हो और नागरिकों को भी निगरानी में शामिल किया जा सके। बैठक में बताया गया कि शहर के सभी छोटे-बड़े नालों की 'तड़ीझाड़' सफाई सुनिश्चित की जा रही है। एल एण्ड टी नाला और एन.एम.टी. के पास स्थित प्रमुख नालों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पिछले दो वर्षों में शहर में जलभराव में आई कमी को देखते हुए इस वर्ष और बेहतर तैयारी की जा रही है, ताकि वर्षा ऋतु में जलप्लावन न हो। महापौर ने स्वास्थ्य अमले को डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन और नाईट स्वीपिंग व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

उनका उद्देश्य केवल नालों की सफाई नहीं बल्कि एक ऐसी व्यवस्थित प्रणाली बनाना है, जिससे नागरिक वर्षा ऋतु में किसी भी प्रकार की असुविधा से बच सकें। बैठक में निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार, अपर आयुक्त देवेन्द्र चौहान, उपायुक्त संभव अयाची, सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा, सभी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी और मुख्य स्वच्छता निरीक्षक उपस्थित रहे।

सिविल अस्पताल में दिव्यांगजनों के लिए शिविर आयोजित

सिहोरा। जुबेनाइल जस्टिस कमेटी हाईकोर्ट की अनुशंसा के परिपालन में दिव्यांगजनों के दिव्यांग प्रमाण पत्र यूडीआईडी कार्ड बनाए जाने हेतु सोमवार को शासकीय अस्पताल सिहोरा में स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन नगर पालिका द्वारा किया गया। जिसमें सभी आयु वर्ग के दिव्यांगजनों की चिकित्सकीय जांच कर उन्हें दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूनिक डिसेबिलिटी आईडी कार्ड के साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा उपस्थित दिव्यांगजनों का परीक्षण कर आवश्यक दस्तावेजों के आधार पर प्रमाण पत्र बनाये गये। शिविर का उद्देश्य दिव्यांगजनों को शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़ना तथा उन्हें आवश्यक प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना है ताकि वे शिक्षा,स्वास्थ्य, पेंशन एवं अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। शिविर में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन एवं उनके परिजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ संजय जैन आर्थोपेडिक स्पेशलिस्ट,डॉ संदीप भगत मेडिकल स्पेशलिस्ट,डॉ एहतिशाम नेत्र रोग विशेषज्ञ,डॉ विद्या रतन बरकड़े मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ ऊषा दत्त के अलावा नगर पालिका से सुशील वर्मा, कल्पना दीक्षित, यशस्विनी गजोरिया, मयंक जैन, अमर चौहान सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

भगवान चैतन्य महाप्रभु का जीवन परिचय पाठ्यक्रम में जोड़ने की मांग

जबलपुर। जबलपुर चैतन्य महाप्रभु का जीवन परिचय मध्य प्रदेश पाठ्यक्रम में जोड़ा जाए इस मांग को लेकर आज 17 मार्च को सुबह 10.30 बजे एक ज्ञापन मध्य प्रदेश पाठ्य पुस्तक स्थाई समिति भोपाल के अध्यक्ष डॉ अल्केश चतुर्वेदी को महाकौशल कॉलेज सिविल लाइन में सौंपा जाएगा। सभी भक्तों से राईट टाउन स्थित डॉक्टर सुधीर अग्रवाल के निवास पर एकत्रित होने की अपील की गई यहां से सभी लोग महाकौशल कॉलेज के लिए रवाना होंगे।

श्री प्रदीप कहार- इंदिरा नगर कुशवाहा कॉलोनी रांझी निवासी श्री प्रदीप कहार (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री हरी सिंह लोधी- मड़ई व्हीकल निवासी श्री हरी सिंह लोधी (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती शांति देवी सातोकर- सैनिक सोसायटी शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री वामन राव सातोकर की धर्मपत्नी श्रीमती शांति देवी सातोकर (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

श्रीमती रुक्मणी मतेल- ललित कॉलोनी निवासी श्री सुखलाल मतेल की धर्मपत्नी श्रीमती रुक्मणी मतेल (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

श्रीमती दुर्गा देवी गुप्ता- अवतार काम्प्लेक्स गोरखपुर निवासी श्री बिंदेश्वरी प्रसाद गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गा देवी गुप्ता (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

श्री नर्मदा प्रसाद चौधरी- वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री नर्मदा प्रसाद चौधरी

(71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

श्री शिवराज सिंह ठाकुर- स्नेहनगर गढ़ा रोड निवासी श्री शिवराज सिंह ठाकुर (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री मणिशंकर चौधरी- ब्यौहारबाग नेहरू वार्ड निवासी श्री मणिशंकर चौधरी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री मनोहर सिंह- नगर निगम क्वार्टर्स बस स्टैंड के पास निवासी श्री मनोहर सिंह (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

श्री राज कुचबंधिया- रामहरख का बगीचा कुचबंधिया मोहल्ला शीतलामाई निवासी श्री राजेश कुचबंधिया के पुत्र श्री राज कुचबंधिया (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती फुल्लो बाई बेन- प्रेमसागर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री मिठाई लाल बेन की धर्मपत्नी श्रीमती फुल्लो बाई बेन (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति कालम से.मी.
डिस्प्ले साइज:- 1x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
डिस्प्ले साइज:- 1x4 से.मी. रंगीन 400/-
डिस्प्ले साइज 1x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

शेयर बाजार में तीन दिन से जारी गिरावट थमी

सेंसेक्स 939 अंक चढ़ा और निफ्टी 23,400 अंक के पार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 939 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 23,400 अंक के पार निकल गया। प्रमुख कंपनियों के शेयरों में निचले स्तर पर लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 938.93 अंक यानी 1.26 प्रतिशत बढ़कर 75,502.85 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 75,805.27 अंक तक गया और नीचे में 73,949.76 अंक तक आया।

- प्रमुख कंपनियों के शेयरों में निचले स्तर से खरीदारी

वहीं 50 शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 257.70 अंक यानी 1.11 प्रतिशत चढ़कर 23,408.80 अंक पर बंद हुआ।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, '' बाजार में कारोबार समाप्त होने से पहले तेजी आई। वाहन, बैंक और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में निचले भाव पर लिवाली से बाजार बढ़त में रहा...।''

नायर ने कहा, ''निकट भविष्य में निवेशकों का रुख होर्मुज जलडमरूमध्य में होने वाले घटनाक्रमों पर निर्भर करेगा। आपूर्ति श्रृंखला पर प्रतिकूल प्रभाव कम होने से बाजार को और समर्थन मिल सकता है।'' मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.36 प्रतिशत नीचे आया जबकि छोटी कंपनियों से जुड़ा स्मॉलकैप 0.25 प्रतिशत टूटा।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''सप्ताह की शुरुआत बाजार में उतार-चढ़ाव के साथ हुई और निचले स्तर पर लिवाली के चलते एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त दर्ज की गई। इसके साथ हाल की गिरावट का सिलसिला टूट गया। उछाल का कारण मुख्य रूप से बाजार में आई भारी गिरावट के बाद चुनिंदा बड़ी कंपनियों के शेयरों में निचले स्तर पर लिवाली है।''

एशियाई बाजार में रही घटबढ़

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त में रहे। यूरोप के बाजार दोपहर के कारोबार में गिरावट में थे। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। मानक ब्रेंट क्रूड 1.41 प्रतिशत बढ़कर 104.4 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

इन शेयरों में रही तेजी-मंदी

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में से अल्ट्राटेक सीमेंट में सबसे ज्यादा 4.22 प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इटर्नल, बजाज फाइनेंस, आईटीसी, टाटा स्टील और भारतीय स्टेट बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, सन फार्मा, पावर ग्रिड और भारती एयरटेल शामिल हैं।

सीएमपीडीआईएल का आईपीओ 20 को खुलेगा

नई दिल्ली। कोल इंडिया की अनुषंगी इकाई केंद्रीय खान योजना एवं डिजाइन संस्थान (सीएमपीडीआईएल) का 1,842 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 20 मार्च को खुलेगा। कंपनी ने सोमवार को बताया कि इस निर्गम के लिए मूल्य दायरा 163 से 172 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। मूल्य दायरे के ऊपरी स्तर पर कंपनी का मूल्यांकन 12,280 करोड़ रुपये बैठता है। यह पूरी तरह से कोल इंडिया द्वारा 10.71 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) के रूप में होगा। इसमें कोई नए शेयर जारी नहीं किए जाएंगे। यह आईपीओ 24 मार्च को बंद होगा। कंपनी के शेयर 30 मार्च को बाजार में सूचीबद्ध होंगे।

ओला इलेक्ट्रिक बैटरी इकाई बेचकर जुटाएगी राशि

नई दिल्ली। ओला इलेक्ट्रिक ने अपनी बैटरी इकाई ओला सेल टेक्नोलॉजीज (ओसीटी) में हिस्सेदारी बेचकर 2,000 करोड़ रुपये तक जुटाने की योजना शुरू की है। सूत्रों के अनुसार, कंपनी यह कदम अपने परिचालन के पुनर्गठन और बही-खाते को मजबूत करने के प्रयासों के तहत उठा रही है। तमिलनाडु स्थित इस इकाई की वर्तमान क्षमता 1.5 गीगावाट घंटा है, जिसे चालू वित्त वर्ष के अंत तक बढ़ाकर छह गीगावाट घंटा करने की योजना है।

कार्यालय कलेक्टर जिला सिवनी एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

क्रमांक /919/ भू-अर्जन/2026 — **प्रारंभिक अधिसूचना** — सिवनी दिनांक 06/03/2026

चूँकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि, इसमे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (14) में उल्लेखित वर्णित भूमि की पेंच व्यपवर्तन परियोजना की ड़ी-4 वितरिका नहर की बजरवाड़ा माईनर के निर्माण हेतु सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है। अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा - 11 की उपधारा (1) के उपबंधो के अनुसार एतद् द्वारा सभी संबंधित हितबद्ध व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि, राज्य शासन इसके द्वारा कार्यपालन यंत्री पेंच व्यपवर्तन परियोजना नहर संभाग सिंगना तहसील चौरई जिला छिंदवाड़ा को संबधित भूमि के संबंध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-12 में दी गई शक्तियों के प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है । अर्जित की जाने वाली भूमि के संबंध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-6 के अंतर्गत, सिचाई परियोजनाओं की बाबत जहां तत्समय प्रवृत किसी अन्य विधि के उपबंधो के अधीन पर्यावरणीय समाघात निर्धारण की प्रक्रिया की अपेक्षा की जाती है, इस अधिनियम के सामाजिक समाघात निर्धारण उपबंध लागू नही होंगे । उपरोक्त के संबंध में पेंच व्यपवर्तन परियोजना के निर्माण हेतु पर्यावरण एंव वन मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा दिनांक 21 अप्रैल 1985 को स्वीकृति प्रदान की गई है अत: अधिनियम की धारा - 11 (3) के अंतर्गत सामाजिक सामाघात निर्धारण रिपोर्ट का सारांश प्रकाशित नही किया जा रहा है। अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि का विवरण निम्नानुसार है :-

1- ग्राम का नाम:-जेवनारामाल, ब.नं.: -216, प.ह.नं.:-45, 2- रा.नि.मं. :-भोमा, तहसील: -सिवनी, जिला:- सिवनी
3- अर्जन हेतु प्रस्तावित क्षेत्रफल:-1.30 हेक्टेयर

स. क्र.	सर्वेक्षण क्रमांक	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्र. हे. में	हितबद्ध व्यक्ति का नाम और पता	सीमाएँ उत्तर	दक्षिण	पूर्व	पश्चिम	वृक्ष प्रजाति किस्म	वृक्ष संख्या	संरचना प्रकार	संरचना प्लिथ एरिया
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
1	171	भूमिस्वामी	कृषि	0.10	बजरो पत्नी बजारी, बजारी पुत्र झाडू गोंड पता जेवनारामाल सिवनी म.प्र. भूमि स्वामी अहस्तातरणीय	आशीष पाठक पिता आनंदी प्रसाद पाठक	सरहद	सरहद	सावत्री पति सुकलाल	-	-	-	-
2	183/2	भूमिस्वामी	कृषि	0.23	सावित्री पुत्री सुखलाल जाति अहीर पता सिवनी म.प्र. भूमि स्वामी	पंखी पिता तेजलाल	बजारी पिता झाडू	बजारी पिता झाडू	सुखदास, सुकदू, पि. तेजलाल	-	-	-	-
3	184	भूमिस्वामी	कृषि	0.11	सुखदास, सुकदू पिता तेजलाल जाति अहीर पता जेवनारामाल सिवनी म.प्र. भूमि स्वामी	अखिलेश कुमार पिता महेश कुमार	सरहद	सुखदास, सुकदू, पि. तेजलाल	अनिल कुमार पिता महेश कुमार	-	-	-	-
4	186/1	भूमिस्वामी	कृषि	0.12	संदीप कुमार पिता सुरेन्द्र कुमार जाति कलार पता पता सिवनी म.प्र. भूमि स्वामी	अनिल कुमार पिता महेश कुमार	सरहद	सुखदास, पि. तेजलाल	शिवकुमार पि. विन्देलाल	-	-	-	-
5	188	भूमिस्वामी	कृषि	0.20		अखिलेश कुमार पिता महेश कुमार	संदीप कुमार पिता सुरेन्द्र	शिवकुमार पि. विन्देलाल	प्रमलाल पिता बराती	-	-	-	-
6	187/2	भूमिस्वामी	कृषि	0.28		शासकीय	सरहद	अनिल कुमार पिता महेश कुमार	संदीप कुमार पिता सुरेन्द्र कुमार	-	-	-	-
7	189	भूमिस्वामी	कृषि	0.03	अखिलेश पिता महेशकुमार जाति कलार पता जेवनारामाल सिवनी म.प्र. भूमि स्वामी	सरहद	संदीप कुमार पिता सुरेन्द्र	शांति पिता नंदलाल	प्रमलाल पिता बराती	-	-	-	-
8	191	भूमिस्वामी	कृषि	0.06	देबबंद, दयाराम, गनेश बिराजो गनेशी पिता भंगी जाति गोड़ पता सिवनी म.प्र. भूमि स्वामी	सरहद	शासकीय	प्रमलाल पिता बराती	सरहद	-	-	-	-
9	190	भूमिस्वामी	कृषि	0.07	प्रेमलाल पिता बराती जाति गोड़ पता सिवनी म.प्र. भूमि स्वामी	सरहद	शासकीय	संदीप कुमार पिता सुरेन्द्र	सरहद	-	-	-	-
10	187/1	भूमिस्वामी	कृषि	0.10	शिवकुमार पिता बिन्दे लाल जाति कलार पता सिवनी म.प्र. भूमिस्वामी	शासकीय	सरहद	टनिल कुमार पिता महेश कुमार	संदीप कुमार पिता सुरेन्द्र	-	-	-	-
	10			1.30	योग								

1. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी सिवनी जिला सिवनी के कार्यालय में किया जा सकता है। 2. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय कार्यपालन यंत्री पेंच व्यपवर्तन परियोजना नहर संभाग सिंगना तहसील चौरई जिला छिंदवाडा के कार्यालय में किया जा सकता है। 3. अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई भी व्यक्ति कलेक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना किसी ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से भूमि का कोई भी संव्यवहार नहीं करेगा या कोई भी संव्यवहार नही होने देगा अर्थात क्रय / बिक्रय आदि नही करेगा या ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगम सृजित नही करेगा। 4. अधिनियम की धारा-15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से 60 (साठ) दिनों के भीतर कोई भी व्यक्ति द्वारा भूमि अर्जन के बारे में कलेक्टर के समक्ष आक्षेप यदि कोई हो फाइल किये जा सकेगे

(पूर्वी तिवारी) मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार (शीतला पटले)
अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कलेक्टर सिवनी एवं पदेन उपसचिव
एवं भू-अर्जन अधिकारी सिवनी "स्वच्छता ही सेवा" मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला सिवनी (म.प्र.)
G-27408/25

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ / स) संभाग क्र - 1, सिवनी

निविदा आमंत्रण क्र.12/1051/व.ले.लि./2025-26 — **निविदा - सूचना** — सिवनी, दिनांक 13.03.2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है । उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :-

क्र.	टेण्डर क्र.	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रमांक	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में)	अनुमानित लागत (लाख मे)	धरोहर राशि (रू.में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा खोलने का कार्यालय का नाम एवं पता ।
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	2026_PWD RB_490205	उपसंभाग क्र–1 एवं 2 सिवनी के अंतर्गत खुर्सीपार सरंडिया मार्ग लंबाई 1.60 कि.मी., छपारा बस्ती पहुंच मार्ग लंबाई 0.70 कि.मी. एवं मोहगांव झिरियाटोला मार्ग लंबाई 0.77 कि.मी. मे विशेष मजबूतीकरण का कार्य ।	प्रथम	5000	29.44 लाख	58880	03 माह वर्षाकाल सहित	मुख्य अभियंता लो.नि.वि. जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर
2	2026_PWD RB_490207	उपसंभाग लखनादौन के अन्तर्गत निवारीटोला से मठघोघर मार्ग लंबाई 2.50 कि.मी. एवं जमुआ रहली मार्ग लंबाई 2.59 कि.मी. मे विशेष मजबूतीकरण का कार्य ।	प्रथम	5000	49.13 लाख	50000	03 माह वर्षाकाल सहित	मुख्य अभियंता लो.नि.वि. जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर
		योग 2 कार्य			78.57 लाख			

उपरोक्त वेबसाइट पर आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 26.03.2026 (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है । निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा । पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा । मध्यप्रदेश शासन के आदेश क्र. 205 / प्रस/ लोनिवि / 20, भोपाल दिनांक 03.11.2020 से प्राप्त निदेर्शानुसार भौतिक रूप से कोई भी दस्तावेज प्राप्त नही किये जायेगें, सम्पूर्ण दस्तावेज ऑनलाईन ही अपलोड किये जायेगे एवं सम्पूर्ण दस्तावेज ऑनलाईन अपलोड नही किये जाने की स्थिति में निविदा पर विचार नही किया जावेगा । इलेक्ट्रानिक ई.एम.डी. (धरोहर राशि) RTGS/NEFT के माध्यम से ही स्वीकार किये जावेगें । इलेक्ट्रानिक के अलावा अन्य किसी भी रूप मे ई. एम. डी. (धरोहर राशि) स्वीकार नही की जावेगी ।

(इंजी. आर. के. हनुमंते) कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि.(भ/स) संभाग क्र- 1 सिवनी
G-27411/25

कार्यालय कलेक्टर जिला सिवनी एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

क्रमांक /935/ भू-अर्जन/2026 — सिवनी दिनांक 06/03/2026

भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 15 (1) के अंतर्गत प्रारंभिक अधिसूचना के प्रकाशन तारीख से प्रावधानित समय सीमा 60 दिवस की अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने के कारण अधिनियम की धारा 15 (2) के अंतर्गत कोई रिपोर्ट की आवश्यकता नहीं है। इस आधार पर समुचित सरकार का यह समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित परियोजना हेतु अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित निजी भूमि एवं उस पर स्थित स्थावर परिसंपत्तियों की सार्वजनिक लोक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 19 के अंतर्गत यह घोषित किया जाता है कि निम्न अनुसूची के पद (2) में वर्णित निजी भूमि एवं उस पर स्थित स्थावर परिसंपत्तिया लोक प्रयोजन हेतु आपेक्षित है :-

1- परियोजना का नाम- शेर सिंचाई कॉम्पलेक्स परियोजना बांध क्रमांक 4
2- भूमि का विवरण :- (क) जिला- सिवनी (ख) तहसील-लखनादौन (ग) नगर/ग्राम-करपडोल, प.ह.न.-57 (घ) लगभग क्षेत्रफल-0.05 हेक्टेयर

स. क्र.	सर्वेक्षण क्रमांक	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्र. हे. में	हितबद्ध व्यक्ति का नाम और पता	सीमाएँ उत्तर	दक्षिण	पूर्व	पश्चिम	वृक्ष प्रजाति किस्म	वृक्ष संख्या	संरचना प्रकार	संरचना प्लिथ एरिया
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
1	409	भूमिस्वामी	कृषि	0.05	अघ्घनसा पिता बराती जाति गौंड पता करपडोल लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी	खसरा 445 की भूमि	खसरा 451 की भूमि	खसरा 450 की भूमि	खसरा 448 /1 की भूमि	अर्जन	5	-	-
कुल योग				0.05						वृक्ष	5		

1. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी लखनादौन जिला सिवनी के कार्यालय में किया जा सकता है। 2. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय कार्यपालन यंत्री पेंच व्यपवर्तन बांध जल संसाधन संभाग क्रमांक 1 चौरई जिला छिंदवाड़ा के कार्यालय में किया जा सकता है। 3. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित भूमि के सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण जिसके लिये भूमि की आवश्यकता है :- शेर सिंचाई कॉम्पलेक्स परियोजना के डूब क्षेत्र स्थिल एवं प्रपोच चैनल निर्माण कार्य हेतु निजी भूमि के अर्जन के संबंध में । **मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**

(रवि कुमार सिहाग) (शीतला पटले)
अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कलेक्टर सिवनी एवं पदेन उपसचिव
एवं भू-अर्जन अधिकारी लखनादौन "स्वच्छता ही सेवा" मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला सिवनी (म.प्र.)
G-27422/25

कार्यालय नगर पालिक निगम सतना (म.प्र.)

एन.आई.टी. क्र. 10(ई.टी.) / जलप्रदाय / न. पा.नि./2025-26 — सतना, दिनांक 13.03.2026

/ / निविदा सूचना / /

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

क्र.	निविदा क्र.व दि.	टे.क्र.	कार्य का प्रकार	अनुमानित लागत	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	सामग्री आपूर्ति की अवधि
1	10/01 13.03.2026	2026_UAD_ 490065_1	घरेलू नल कनेक्शन का कार्य निगम क्षेत्रान्तर्गत	46,84,900/-	50,000/-	5,000/-	08 माह
2	10/02 13.03.2026	2026_UAD_ 490067_1	वार्ड क्र. 01 से 45 में 1 HP से 06 HP तक सबमर्सिबल पम्प के मरम्मत कार्य	21,07,756/-	42,200/	5,000/-	वित्तीय वर्ष 2026-27
3	10/03 13.03.2026	2026_UAD_ 490068_1	वार्ड क्र. 01 से 45 में 7.5 HP से 15 HP तक सबमर्सिबल पम्प के मरम्मत कार्य	17,85,683/-	35,800/-	2,000/-	वित्तीय वर्ष 2026-27
4	10/04 13.03.2026	2026_UAD_ 490069_1	वर्षिक बोर खनन हैण्ड पम्प प्लेटफार्म सहित कार्य।	16,41,349/-	32,900/-	2,000/-	वित्तीय वर्ष 2026-27
5	10/05 13.03.2026	2026_UAD_ 490071_1	एनीकेट कृपालपुर में जल भंडारण हेतु करी शटर प्लेट लगाने एवं निकालने का कार्य	16,71,701/-	33,500/-	2,000/-	वित्तीय वर्ष 2026-27
6	10/06 13.03.2026	2026_UAD_ 490074_1	विभिन्न क्षेत्रों में उच्च स्तरीय पानी टंकी की सफाई कार्य ।	11,72,960/-	23,500/-	2,000/-	वित्तीय वर्ष 2026-27

शर्तें 1. निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर दिनांक 14.03.2026 समय 15:30 से दिनांक 13.04.2026 समय 17:30 बजे तक ऑनलाइन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेगा ।
2. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

विभागाध्यक्ष
(जलप्रदाय - शाखा)
नगर पालिक निगम, सतना (म. प्र.)
" स्वच्छ सतना - लक्ष्य अपना"

कार्यालय कलेक्टर जिला सिवनी एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

क्रमांक /926/ भू-अर्जन/2026 — **प्रारंभिक अधिसूचना** — सिवनी दिनांक 06/03/2026

चूकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि, इसमें संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (14) में उल्लेखित वर्णित भूमि की गुनगुव जलाशय परियोजना के बांध एवं नहर निर्माण हेतु सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंधो के अनुसार एतद् द्वारा सभी संबंधित हितबद्ध व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि, राज्य शासन इसके द्वारा कार्यपालन यंत्री तिलवारा बायी तट नहर संभाग केवलारी जिला सिवनी को संबंधित भूमि के संबंध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 12 मे दी गई शक्तियों के प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है । अर्जित की जाने वाली प्रस्तावित भूमि के संबंध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा - 6 के अंतर्गत सिचाई परियोजनाओं की बाबत जहां तत्समय प्रवृत किसी अन्य विधि के उपबंधो के अधीन पर्यावरणीय समाघात निर्धारण की प्रक्रिया की अपेक्षा की जाती है, इस अधिनियम के सामाजिक समाघात निर्धारण उपबंध लागू नही होंगे । उपरोक्त के संबंध में पर्यावरण एवं वन मंत्रालय भारत सरकार भोपाल द्वारा दिनांक 17/04/2015 को स्वीकृति प्रदान की गई है। अत: अधिनियम की धारा 11 (3) के अंतर्गत सामाजिक सामाघात निर्धारण रिपोर्ट का सारांश प्रकाशित नही किया जा रहा है । अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि का विवरण निम्नानुसार है :-

1. ग्राम का नाम :-पिन्द्रावोडी, प.ह.नं.:-13, रा.नि.मं.:-धनौरा, तहसील:-धनौरा,जिला:-सिवनी
2. अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि का क्षेत्रफल :- 0.55 हेक्टेयर

स. क्र.	सर्वेक्षण क्रमांक	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्र. हे. में	हितबद्ध व्यक्ति का नाम और पता	सीमाएँ उत्तर	दक्षिण	पूर्व	पश्चिम	वृक्ष प्रजाति किस्म	वृक्ष संख्या	संरचना प्रकार	संरचना प्लिथ एरिया
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
1	128/1	भूमिस्वामी	कृषि	0.20	मंगलोबाई पति बब्बू जाति गोंड नि.ग्रा. भूमि स्वामी	सरहद	मोजे माकू की भूमि	मंगलो पि. बब्बू की भूमि	मंगलो पि. बब्बू की भूमि	-	-	-	-
2	128/2	भूमिस्वामी	कृषि	0.05	मोजे माकू दीपसिंह मेरसिंह पिता पंचम जाति गोंड नि.ग्रा. भूमि स्वामी	मंगलो पि. बब्बू की भूमि	फुलसिंह पि. दीपसिंह	मोजे माकू की भूमि	मोजे माकू की भूमि	-	-	-	-
3	130/1 /1	भूमिस्वामी	कृषि	0.04	गुल्लो बेवा पंचम परशोतम राजू संजू खेलवती पिता पंचम कोमल परमी धनोती पिता मंगल जाति अहीर नि.ग्रा. भूमिस्वामी	फुलसिंह पि. दीपसिंह	लखनलाल की भूमि	गुल्लो की भूमि	गुल्लो की भूमि	-	-	-	-
4	130/1 /2	भूमिस्वामी	कृषि	0.04	लखनलाल चमरलाल चमरीबाई दुलारीबाई केशनाबाइ पिता गुल्लू जाति अहीर नि. धनौरा भूमिस्वामी	गुल्लो की भूमि	अकरमखान की भूमि	लखनलाल की भूमि	लखनलाल की भूमि	-	-	-	-
5	130/2	भूमिस्वामी	कृषि	0.07	फागू पुत्र भूरा जाति अहीर निवासी ग्राम भूमिस्वामी	अकरमखान की भूमि	ख.नं. 133 की भूमि	फागू की भूमि	फागू की भूमि	-	-	-	-
6	130/3	भूमिस्वामी	कृषि	0.09	अकरमखान पुत्र अब्दुलसमद जाति मुसलमान नि. गोपेवानी केवलारी भूमिस्वामी	गुल्लो की भूमि	फागू की भूमि	अकरमखान की भूमि	अकरमखान की भूमि	-	-	-	-
7	129	भूमिस्वामी	कृषि	0.06	फुलसिंग पुत्र दीपसिह जाति गोंड नि. ग्रा. भूमिस्वामी	मोजे माकू की भूमि	गुल्लो की भूमि	फुलसिंह पि. दीपसिंह	फुलसिंह पि. दीपसिंह	-	-	-	-
योग	7			0.55									

1. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी घंसौर जिला सिवनी के कार्यालय में किया जा सकता है । 2. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय कार्यपालन यंत्री, तिलवारा बायी तट नहर संभाग केवलारी जिला सिवनी के कार्यालय में किया जा सकता है। 3. अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई भी व्यक्ति कलेक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना किसी ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से भूमि का कोई भी संव्यवहार नहीं करेगा या कोई भी संव्यवहार नही होने देगा अर्थात क्रय / विक्रय आदि नही करेगा या ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगम सृजित नही करेगा। 4. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के बारे में हितबद्ध कोई भी व्यक्ति " भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा - 15 (1) के अधीन इस अधिसूचना प्रकाशन के 60 दिनो के अंदर भूमि अर्जन के बारे में कलेक्टर के समक्ष आक्षेप यदि कोई हो, फाईल किए जा सकेगे।

(विसन सिंह गौंड) मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार (शीतला पटले)
अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कलेक्टर सिवनी एवं पदेन उपसचिव
एवं भू-अर्जन अधिकारी लखनादौन "स्वच्छता ही सेवा" मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला सिवनी (म.प्र.)
G-27403/25

कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जबलपुर मण्डल जबलपुर

कार्यालय पता तहसील चौक अम्बेडकर भवन के सामने, जबलपुर
दूरभाष 0761(2625425) ई-मेल seresjabalpur@mp.gov.in

क्रमांक/301/निविदा/ग्रायांसेवा/2026 — **संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 21/2025-26** — जबलपुर, दिनांक 11/03/2026

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मण्डल जबलपुर के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभागों के निम्नांकित निर्माण कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से प्रतिशत दर पर तालिका के कॉलम क्रमांक 6 में अंकित पी.ए.सी. की राशि रुपये 1.00 करोड से अधिक होने पर तीन लिफाफा पद्धति एवं पी.ए. सी. की राशि रुपये 1.00 करोड़ से कम होने पर दो लिफाफा पद्धति में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा लागू निविदा प्रपत्र एपेंडिक्स 2.10 में निर्धारित तिथि (Key Date) अनुसार, ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। (निविदा संशोधन से संबंधित जानकारियां ऑनलाईन देखी जा सकती है, पृथक से प्रकाशित नही की जायेगी।) विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.	ग्रायांसेवा संभाग	सिस्टम टेण्डर नं.	कार्य का नाम	जनपद पंचायत	निविदा लागत (PAC) (राशि रुपए में)	अमानत राशि (राशि रुपए में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि रुपए में)	समयावधि (वर्षाकाल सहित)	आमंत्रण का क्रम	ग्रामीण यांत्रिकी सेवा में लागू दर अनुसूची का दिनांक
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	नरसिंहपुर	2026_RES _489257_1	ग्राम पंचायत अर्जुनगांव में सामुदायिक भवन निर्माण	चीचली	2277399.00	50000.00	5000.00	180 दिवस	द्वितीय	11.04.2022
2	नरसिंहपुर	2026_RES _489258_1	सामुदायिक भवन निर्माण कार्य ग्राम पंचायत तूमड़ा	साईखेड़ा	2960326.00	50000.00	5000.00	180 दिवस	द्वितीय	11.04.2022
3	नरसिंहपुर	2026_RES _489259_1	सी.सी. रोड निर्माण कार्य, शनि मंदिर से बरी केन्द्र तक ग्राम पंचायत उमरिया	करेली	2335818.00	50000.00	5000.00	180 दिवस	प्रथम	11.04.2022
4	छिंदवाडा-1	2026_RES _489260_1	शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल खैरीभुताई में एक अतिरिक्त कक्ष एवं तीन प्रयोगशाला निर्माण कार्य	छिंदवाड़ा	4488668.00

चिंतन

वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए खतरा बनता जा रहा है युद्ध

चुनाव
राज कुमार सिंह

दुनिया एक बार फिर ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां युद्ध की लपटें केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रह जातीं, बल्कि पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था को अपनी चपेट में ले लेती हैं। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ता तनाव अब केवल कूटनीतिक या सैन्य संघर्ष नहीं रह गया है, बल्कि इसका सीधा असर आम आदमी की जेब और रसोई तक पहुंच गया है। यह युद्ध वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए धीरे-धीरे एक बड़े खतरे का रूप लेता जा रहा है। इतिहास गवाह है कि जब भी मध्य-पूर्व में संघर्ष बढ़ता है, तो उसका पहला और सबसे बड़ा असर ऊर्जा बाजार पर पड़ता है। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी इसका तात्कालिक परिणाम होती है। तेल महंगा होने का मतलब है परिवहन महंगा होना, उद्योगों की लागत बढ़ना और अंततः हर वस्तु की कीमत में वृद्धि। यही कारण है कि जैसे-जैसे इस युद्ध की आहट तेज हो रही है, वैश्विक बाजारों में अस्थिरता भी बढ़ती जा रही है। निवेशकों में घबराहट है, शेयर बाजार गिर रहे हैं और अर्थव्यवस्था की रफ्तार पर अनिश्चितता का साया गहरा रहा है। इस संकट का असर अब आम जनजीवन पर भी स्पष्ट दिखने लगा है। विमान किराए में अचानक बढ़ोतरी इसका एक उदाहरण है। इसी तरह रसोई गैस और कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से घरेलू बजट पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। होटल और ढाबों में खाना भी महंगा हो गया है, क्योंकि कमर्शियल गैस की उपलब्धता कम हो रही है और कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। बाजार की स्थिति भी चिंता पैदा करने वाली है। शेयर बाजार में लगातार गिरावट से निवेशकों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। जिन लोगों ने अपनी बचत और पूंजी बाजार में लगाई थी, वे अनिश्चितता और अस्थिरता के दौर से गुजर रहे हैं। वैश्विक तनाव का असर केवल बड़े निवेशकों पर ही नहीं, बल्कि छोटे निवेशकों और मध्यम वर्ग पर भी पड़ रहा है। युद्ध का एक और बड़ा असर वैश्विक सप्लाई चेन पर पड़ता है। जब अंतरराष्ट्रीय व्यापार और परिवहन प्रभावित होते हैं, तो जरूरी सामानों की आपूर्ति बाधित हो जाती है। हाल के दिनों में इंडक्शन चूल्हों की मांग में 400 से 500 प्रतिशत तक बढ़ोतरी इसी का उदाहरण है। रसोई गैस की अनिश्चितता के कारण लोग वैकल्पिक साधनों की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं, लेकिन इनकी आपूर्ति भी सीमित है। चीन से कच्चा माल आने में लगभग 45 दिन का समय लगने के कारण बाजार में इनकी उपलब्धता तुरंत बढ़ पाना संभव नहीं है। महंगाई का यह दबाव केवल घरेलू स्तर तक सीमित नहीं रहेगा। थोक महंगाई दर में वृद्धि होने पर उसका असर खुदरा बाजार में भी दिखाई देता है। यानी रोजमर्रा की जरूरत की चीजें खाद्य पदार्थ, परिवहन, बिजली और अन्य सेवाएं सब कुछ महंगा हो जाता है। इसका सबसे ज्यादा असर गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ता है, जिनकी आय सीमित होती है, लेकिन खर्च लगातार बढ़ता चला जाता है। ऐसे समय में वैश्विक शक्तियों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। कूटनीति और संवाद के माध्यम से समाधान निकालना ही इस संकट से बाहर निकलने का एकमात्र रास्ता है। यदि यह संघर्ष लंबा खिंचता है, तो न केवल ऊर्जा संकट गहराएगा, बल्कि वैश्विक आर्थिक मंदी का खतरा भी बढ़ सकता है। इसका असर विकासशील देशों पर सबसे ज्यादा पड़ेगा, जहां पहले से ही महंगाई और बेरोजगारी जैसी चुनौतियां मौजूद हैं। आज जरूरत इस बात की है कि विश्व समुदाय मिलकर इस युद्ध को रोकने की दिशा में ठोस कदम उठाए। शांति और स्थिरता ही वह आधार है जिस पर वैश्विक अर्थव्यवस्था टिक सकती है।

राष्ट्रीय राजनीति भी तय करेंगे विस चुनाव

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की रणभेरी बज गई है, लेकिन सबसे ज्यादा निगाहें पश्चिम बंगाल के चुनाव पर रहेंगी। कांग्रेस छोड़ अपनी अलग तृणमूल कांग्रेस बनाने वाली ममता बनर्जी वहां तीन बार से मुख्यमंत्री हैं। दिलचस्प समीकरण यह कि पहले सत्ता में रही कांग्रेस और फिर तीन दशक से भी ज्यादा सत्तारूढ़ रहा वाम मोर्चा अब बंगाल की राजनीति में हाशिये पर हैं, जबकि भाजपा मुख्य विपक्षी दल बन चुकी है। पिछले चुनाव में भी भाजपा ने बंगाल में बदलाव का माहौल तो बनाया था, लेकिन 294 सदस्यीय विधानसभा में 100 का आंकड़ा भी नहीं छू पाई, जबकि ममता की तृणमूल 215 सीटें जीत गई। दोनों दलों के मत प्रतिशत में भी 10 प्रतिशत का भारी अंतर रहा।

पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुदुचेरी में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज गया है। चुनाव परिणाम इन पांच राज्यों में भावी सरकार का फैसला ही नहीं करेंगे, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति की दिशा भी बताएंगे। इन राज्यों का सत्ता संग्राम ज्यादा दिलचस्प इसलिए भी होगा, क्योंकि दो राज्यों में केंद्र में सत्तारूढ़ गठबंधन राजग की सरकारें हैं तो तीन में विपक्षी गठबंधन इंडिया की। सत्ता तो हर राज्य की महत्वपूर्ण होती है, पर सबसे ज्यादा निगाहें पश्चिम बंगाल के चुनाव पर रहेंगी। कांग्रेस छोड़ अपनी अलग तृणमूल कांग्रेस बनाने वाली ममता बनर्जी वहां तीन बार से मुख्यमंत्री हैं। दिलचस्प समीकरण यह कि पहले सत्ता में रही कांग्रेस और फिर तीन दशक से भी ज्यादा सत्तारूढ़ रहा वाम मोर्चा अब बंगाल की राजनीति में हाशिये पर हैं, जबकि भाजपा मुख्य विपक्षी दल बन चुकी है। पिछले चुनाव में भी भाजपा ने बंगाल में बदलाव का माहौल तो बनाया था, लेकिन 294 सदस्यीय विधानसभा में 100 का आंकड़ा भी नहीं छू पाई, जबकि ममता की तृणमूल 215 सीटें जीत गई। दोनों दलों के मत प्रतिशत में भी 10 प्रतिशत का भारी अंतर रहा।

बेशक तीन सीटों से 77 सीटों की छलांग कम चमत्कारिक नहीं, पर बहुमत का आंकड़ा 147 है। तमाम तिकड़मों के बावजूद भाजपा उसका आधा सफर ही तय कर पाई। दो सीटों से लड़ीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को चर्चित नंदीग्राम सीट से शुभेंदु अधिकारी द्वारा हरा देना शायद भाजपा की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। कभी कांग्रेस, फिर तृणमूल कांग्रेस में रहे शुभेंदु बंगाल में भाजपा के सबसे बड़े नेता हैं। लगातार तीन कार्यकाल के बाद ममता और तृणमूल के विरुद्ध सत्ता विरोधी भावना की संभावना से इनकार नहीं, पर उसका चुनावी लाभ उठाने के लिए स्वीकार्य विश्वसनीय चेहरा और मजबूत संगठन तो चाहिए।

विशाल अल्पसंख्यक वोट बैंक तृणमूल कांग्रेस की बड़ी चुनावी ताकत है। इसीलिए भाजपा हिंदू मतदाताओं को अपने पक्ष में गोलबंद करने की कवायद करती रहती है। इस कवायद और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सक्रियता से भाजपा अपने और तृणमूल के बीच के फासले को कितना तय कर पाएगी पश्चिम बंगाल का चुनाव परिणाम इस पर काफी निर्भर करेगा। पिछली बार मिल कर लड़े कांग्रेस और वाम मोर्चा इस बार अलग-अलग चुनाव मैदान में उतरेंगे। उनकी सीमित चुनावी भूमिका में यह देखना दिलचस्प रहेगा कि वे तृणमूल के अल्पसंख्यक वोट बैंक में सेंध लगाते हैं या फिर सत्ता विरोधी मतदाताओं में हिस्सा बंटा कर भाजपा को नुकसान पहुंचाते हैं। एक बात तय है कि यह चुनाव ममता और भाजपा, दोनों के लिए करो या मरो वाला रहेगा। ममता के लिए यह चुनाव सबसे चुनौतीपूर्ण होगा। इसलिए भाजपा के लिए बंगाल में सरकार बनाने का यह सबसे अनुकूल अवसर भी माना जा रहा है।

अगर ममता चौथी बार भी जनादेश पाने में सफल रहीं तो विपक्षी गठबंधन इंडिया के जरिये राष्ट्रीय राजनीति में उनकी भूमिका को नजरअंदाज करना कांग्रेस के लिए मुश्किल हो जाएगा। तमिलनाडु की राजनीति अरसे तक

द्रमुक और अन्नाद्रमुक के बीच दो ध्रुवीय रही, लेकिन जयललिता के निधन के बाद वह संतुलन गड़बड़ा गया है। अन्नाद्रमुक के एकीकरण और उससे गठबंधन के जरिये भाजपा वहां सत्ता परिवर्तन की संभावनाएं तलाश रही है, लेकिन एम के स्टालिन सरकार के कार्यकाल में रह-रह सनातन धर्म और हिंदी भाषा को ले कर उठते रहे विवादों के बावजूद यह आसान नहीं लगता। हां, टीवीके नामक दल बना कर फिल्म अभिनेता से राजनेता बने थलापति विजय अगर बड़ी ताकत बन कर उभरे तो तमाम समीकरण गड़बड़ा सकते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर तो द्रमुक और कांग्रेस, इंडिया गठबंधन में शामिल हैं ही, तमिलनाडु में भी दोनों में पुराना गठबंधन है। अगर द्रमुक गठबंधन सत्ता बचाने में सफल रहा तो उससे राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन का भी मनोबल बढ़ेगा ही। अन्य क्षत्रपों की तरह एम के स्टालिन भी अपने बेटे उदयनिधि की ताजपोशी करना चाहते हैं, लेकिन उनकी राष्ट्रीय राजनीतक महत्वाकांक्षाओं का कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिला है। वैसे सनातन और हिंदी विरोधी छवि के मद्देनजर एम के स्टालिन के लिए राष्ट्रीय राजनीति की डगर आसान होगी भी नहीं। इंडिया गठबंधन भी उनसे जुड़े विवादों से बचना ही चाहेगा। अगर टीवीके की चुनावी मौजूदगी से गैर द्रमुक दलों की सत्ता संभावनाएं बनीं तो वह एक धुर दक्षिण भारतीय राज्य में भाजपा के लिए बिना टिकट खरीदे ही लॉटरी खुल जाने से कम नहीं होगा। पांच चुनावी राज्यों में भाजपा की जीत की सबसे बेहतर संभावनाएं असम में हैं। अरसे से घुसपैठ और जनसांख्यिकी परिवर्तन जैसे मुद्दों से घिरे रहे असम में लगातार दूसरी बार भाजपा सरकार है। पूर्व कांग्रेसी हिमंत बिस्वा सरमा ने पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा का जैसा विस्तार करवाया, उसके पुरस्कार स्वरूप उन्हें पिछले चुनाव के बाद असम का मुख्यमंत्री बनाया गया। भाजपा के लाड़ले हिमंत इस समय कांग्रेस ही नहीं, राहुल गांधी के भी सबसे मुखर आलोचक हैं। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन बोरा को भाजपा में शामिल करवा कर हिमंत ने कांग्रेस को एक और बड़ा झटका चुनाव से ठीक पहले दिया। बेशक असम की राजनीति में गठबंधन आज भी निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा और कांग्रेस में से कौन बेहतर ढंग से चुनावी गठबंधन को अंजाम दे पाता है। राहुल के करीबी गौरव गोगोई के राजनीतिक भविष्य का फैसला भी काफी हद तक ये चुनाव कर देंगे।

केरल की दो ध्रुवीय राजनीति में भाजपा के लिए ज्यादा संभावनाएं हैं नहीं। बेशक वहां से लोकसभा चुनाव जीते अभिनेता गोपी केंद्र में मंत्री बनाए गए। हाल ही में कांग्रेस सांसद शशि थरूर के निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा अपना मेयर भी बनाने में सफल हो गई, लेकिन केरल की सत्ता की जंग अभी भी मुख्यतः वाम मोर्चा यानि एलडीएफ और कांग्रेसनीत मोर्चा यूडीएफ के बीच ही सिमटी है। कोई भी जीते, सत्ता इंडिया गठबंधन के पास ही रहेगी, लेकिन ध्यान रहे कि देश में केरल एकमात्र राज्य है, जहां वाम सत्ता बची हुई है। उस किले का ढहना वाम राजनीति पर विराम जैसा होगा। केंद्रशासित पुदुचेरी की राजनीति बहुत कुछ तमिलनाडु की तर्ज पर चलती है। पिछली बार पासा पलट गया, क्योंकि द्रमुक की दोस्त कांग्रेस का चुनावी प्रदर्शन बेहद लचर रहा। परिणामस्वरूप क्षेत्रीय दल एनआरकांग्रेस और भाजपा मिल कर सरकार बनाने में सफल हो गए। इस बार वहां गठबंधन की बिसात पर कौन कैसा प्रदर्शन करेगा, सत्ता का जनादेश उसी समीकरण पर निर्भर करेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

ग्लोबल वार्मिंग
ऋतुपर्ण दवे

क्यों मार्च का यह महीना माथे पर ला रहा पसीना?

इस बार मार्च में होने वाली तपन का अहसास फरवरी से ही होने लगा था, लेकिन इस बात का अंदेशा जरूर नहीं था कि गर्मी कई इलाकों में रिकॉर्ड तोड़ेगी। इसके पीछे प्राकृतिक कारणों से ज्यादा मानवीय कारण हैं, जिसके चलते जलवायु परिवर्तन का असर साफ-साफ दिखने लगा है। ज्यों ही फरवरी का वैश्विक तापमान 1.49 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज हुआ, मार्च को लेकर वैज्ञानिक चिंतित हो गए। हुआ भी वही। भारत के संदर्भ में देखें तो अभी से भीषण गर्मी की स्थिति मिश्रित जलवायु जोखिम की घटनाएं बन रही है। इसे कम्पाउंड क्लाइमेट रिस्क कहते हैं जो कई खतरनाक स्थितियों के चलते एक साथ, या एक के बाद एक लगातार उत्पन्न होती है। इसके ठीक उलट रात अपेक्षाकृत ठण्डी होती है और कई जगह दिन बहुत गर्म। यही सब मिलकर अत्याधिक विनाशकारी परिणामों का कारण बनते हैं। ऐसा लगता है कि अप्रैल-मई सा कहर अभी शेष बचे पखवाड़े में इसी मार्च दिखेगा। हालांकि भारत के मौसम विभाग (आईएमडी) ने मार्च के लिए अपने अनुमान में पहले ही साफ कर दिया था कि पश्चिमी हिमालय क्षेत्र, मध्य भारत और प्रायद्वीपीय में दिन का तापमान सामान्य से ज्यादा रह सकता है और गुजरात, मध्यप्रदेश व आंध्र प्रदेश में सामान्य से ज्यादा तेज गर्म हवाएं चलेंगी। दिल्ली में तो 7 मार्च को ही अधिकतम तापमान 35.7 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा जो बीते 50 वर्षों में पहली बार मार्च के पहले हफ्ते में इतना अधिक था, जबकि महानगर मुंबई भी बुरी तरह से गर्मी की चपेट में है यहां दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच रहा है और लोग गर्मी से इस कदर बेचैन हैं कि भारत मौसम विज्ञान विभाग को सचेत करते हुए वहां ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी करना पड़ा। जबकि गुजरात के राजकोट और सुरेंद्रनगर में तापमान 41.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो देश में सबसे अधिक था। भारत के कई क्षेत्रों विशेषकर उत्तर-पश्चिमी राज्यों में मार्च की शुरुआत में ही अच्छी खासी गर्मी महसूस होने लगी। कई जगहों पर तापमान सामान्य से 8 से 13 डिग्री सेल्सियस ज्यादा दर्ज किया गया। अमूमन ऐसी स्थिति को हीटवेव माना जाता है। हैरानी वाली बात यह है कि पहाड़ी ठंडे क्षेत्रों में पारा तेजी से बढ़ रहा है जो बेहद चिंताजनक है। इसी दौरान हिमाचल की राजधानी शिमला में भी तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया। वहीं, राज्य के कांगड़ा, मंडी, कुल्लू और सोलन जिलों में जबरदस्त गर्मी की चेतावनी जारी की गई है, जबकि 15 मार्च तक बारिश का पूर्वानुमान है। बीता 8 मार्च पूरे राज्य में शुष्क मौसम के रूप में दर्ज हुआ, जबकि सुंदरनगर, धर्मशाला, सोलन और भुंतर में जबरदस्त गर्मी रही। अब प्रकृति का संतुलन कहें या बिगड़ा मिजाज दोनों देखने को मिल रहे हैं। उना की ऐसी ही मौसमी घटना चिंता बढ़ाने वाली है जहां दिन में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा जबकि कुकुमसेरी (लाहौल-स्पीति) में रात का तापमान 2.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अब यह गर्मी दुनिया भर में महज आंकड़े गिनाने तक सीमित नहीं रही बल्कि कई देशों में बाढ़, बारिश और भीषण तूफानों के रूप में भी लोगों के जीवन पर भारी पड़ रही है। जहां फरवरी में यूरोप और उत्तरी अफ्रीका के तमाम देशों में लगातार बारिश से शहर और गांव डूब गए वहीं ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में आई बाढ़ ने बड़ी जनसंख्या को बेघर कर दिया। फ्रांस, स्पेन, पुर्तगाल और मोरक्को में लगातार भारी बारिश से कई शहर और गांव डूब गए। सड़कों पर नदियां बहने लगीं, घरों में पानी भर गया और हजारों लोगों की जिंदगी और रोजी-रोजगार भी तबाह हो गए। इसकी वजह मौसम वैज्ञानिक बताते हैं कि सर्दियों में बारिश कम होती है तो पश्चिमी विक्षोभ यानी वेस्टर्न डिस्टरबेंस कम आते हैं जिससे जमीन सूखी रह जाती है और ऐसे हालातों में धूप जमीन पर पड़ते ही तेज गर्म होने लग जाती है। वहीं यदि बारिश होती तो जमीन नम रहती और भाप बनकर उड़ती जिस कारण गर्मी हौले-हौले बढ़ती, जो नहीं हुआ। मौसम के जानकार बताते हैं कि नवंबर 2025 से पर्याप्त वेस्टर्न डिस्टर्बेंस नहीं आए, जिसके चलते सर्दियों में बारिश-बर्फबारी कम हुई साथ ही समुद्र से नमीं लाने वाली हवाएं भी नहीं चलना, दूसरा बड़ा कारण बना। दरअसल, वेस्टर्न डिस्टर्बेंस वो मौसम तंत्र होते हैं, जो पश्चिम से पूर्व की ओर बढ़ते हुए बारिश या बर्फबारी लाते हैं। ये सिस्टम भारत के लिए ईरान के आसपास के क्षेत्रों में बनते हैं और भूमध्य सागर से नमी लेकर भारत तक आते हैं। अच्छा होता कि वक्त रहते सजग हो जाते और पर्यावरण को बिगाड़ने का खेल रोक पाते जिससे मानव के अस्तित्व पर आए संकट को टाला जा सकता है वरना धीरे-धीरे वो दिन करीब आ रहा है जब डायनासोर की तरह कभी धरती पर इंसान भी आबाद था की ओर बढ़ रहे हैं। काश, इतना समझ पाते?

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

अहिंसा के प्रयोग

संकलित
दर्शन

हिंसा को किसी भी प्रकार से रोकना या इसके प्रभाव को कम करना, समाज का अनिवार्य कर्तव्य है। हिंसा अनेक तरह की हो सकती है। शारीरिक हिंसा के अतिरिक्त यह मानसिक, शाब्दिक या परोक्ष भी हो सकती है। ऐसी स्थितियां उत्पन्न कर देना, जिससे भय एवं आतंक की छाया में जीवन हर समय आशंकित हो, अव्यवस्थित हो-अप्रत्यक्ष हिंसा है। इसलिए प्रत्येक हिंसा का शमन ही मानव के लिए हितकारी है। हिंसा किसी पशु या अमानुष का विषय हो सकती है, परंतु मानव का धर्म कतई नहीं हो सकती। अहिंसा परमो धर्मः, यही सत्य वचन है। हिंसा किसी समस्या का हल नहीं है। अहिंसा सभी समस्याओं का हल है। लोगों के मन के भीतर प्रेम का बीज होता है, घृणा का फल नहीं। सावधानी से आदर्श व्यवहार का धैर्यपूर्वक पालन किया जाए तो विवाद की स्थिति नहीं आ सकती। किसी विवाद के उत्पन्न होने से शांति के लिए सदैव एक राह शेष रहती है, इस तथ्य को गांठ बांध लेना चाहिए। वार्ता से रास्ता निकलता है। संवेदनहीनता से मानवता का मार्ग अवरुद्ध होगा। आप भगवान को मानें या न मानें, इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ेगा, बल्कि इससे आपका महत्व अवश्य बढ़ेगा या घटेगा। इसी तरह प्रकृति के विषय में सार्थक सोच होना चाहिए। नैतिकता के पाठों में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। हिंसा तो मानवता के लिए विष के समान है। अहिंसा का प्रयोग करने वाले व्यक्ति शांति के सच्चे नायक हैं। जीवन में अहिंसा का मूल मंत्र सबसे उपयोगी तंत्र बन सकता है, व्यवस्था और जनता दोनों के हित में यही कारगर उपाय भी है।

कद्दू का तीर्थ स्नान

संकलित
प्रेरणा

एक बार तीर्थ यात्रा पे जाने वाले लोगो का संघ, संत तुकाराम जी के पास जाकर उनके साथ चलने की प्रार्थना की। तुकारामजी ने अपनी असमर्थता बताई। उन्होंने तीर्थयात्रियो को एक कड़वा कद्दू देते हुए कहा-मैं तो आप लोगो के साथ आ नहीं सकता लेकिन आप इस कद्दू को साथ ले जाईए और जहां-जहां भी स्नान करे, इसे भी पवित्र जल में स्नान करा लाये। लोगो ने उनके गूढार्थ पे गौर किये बिना ही वह कद्दू ले लिया और जहां-जहां गए, स्नान किया वहां-वहां स्नान करवाया। मंदिर में जाकर दर्शन किया तो उसे भी दर्शन करवाया। ऐसे यात्रा पूरी होते सब वापस आए और उन लोगो ने वह कद्दू संतजी को दिया। तुकारामजी ने सभी यात्रिओ को प्रीतिभोज पर आमंत्रित किया। तीर्थयात्रियों को विविध पकवान परोसे गए। तीर्थ में घूमकर आये हुए कद्दूकी सब्जी विशेष रूपसे बनवायी गयी थी। सभी यात्रियों ने खाना शुरू किया और सबने कहा कि यह सब्जी कड़वी है। तुकारामजी ने आश्चर्य बताते कहा कि यह तो उसी कद्दू से बनी है, जो तीर्थ स्नान कर आया है। बेशक यह तीर्थाटन के पूर्व कड़वा था, मगर तीर्थ दर्शन तथा स्नान के बाद भी इसी में कड़वाहट है! यह सुन सभी यात्रियों को बोध हो गया कि हमने तीर्थाटन किया है लेकिन अपने मन को एवं स्वभाव को सुधारा नहीं तो तीर्थयात्रा का अधिक मूल्य नहीं है। हम भी एक कड़वे कद्दू जैसे कड़वे रहकर वापस आए है।

अंतर्मन

आज की पाती

जल संरक्षण के ठोस उपाय जरूरी

हर साल 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य पूरी दुनिया को यह याद दिलाना है कि पानी केवल एक प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन की मूलभूत आवश्यकता है। पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व जल पर ही निर्भर है। फिर भी आज मानव गतिविधियों के कारण जल संकट तेजी से गंभीर होता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1993 से शुरू किया गया यह दिवस दुनिया भर में मीठे पानी के महत्व को रेखांकित करने, जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सतत जल प्रबंधन को प्रोत्साहित करने का एक वैश्विक प्रयास है। पृथ्वी की सतह का लगभग 71 प्रतिशत हिस्सा पानी से ढका हुआ है, लेकिन इसमें से केवल लगभग 2 .5 प्रतिशत ही मीठा पानी है और उसमें भी बहुत कम मात्रा सीधे मानव उपयोग के लिए उपलब्ध है। जल संरक्षण निहायत ही जरूरी है।

-कविता रानी, सोनीपत

करंट अफेयर

किम ने बेटी के साथ रॉकेट प्रक्षेपण प्रणालियां देखीं

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अपनी बेटी के साथ बहु रॉकेट प्रक्षेपण प्रणालियों के परीक्षण का निरीक्षण किया। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। इसे अमेरिका और दक्षिण कोरिया के जारी सैन्य प्रशिक्षण के संभावित जवाब के रूप में देखा जा रहा है। उत्तर कोरिया ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यासों का जवाब देने की हाल में धमकी दी थी। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच 'फ्रीडम शील्ड' सैन्य अभ्यास जारी है। दोनों देश के संयुक्त सैन्य अभ्यासों को उत्तर कोरिया अपने ऊपर आक्रमण की तैयारी बताता रहा है। सरकारी 'कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने बताया कि किम ने शनिवार को उत्तर कोरिया के पूर्वी तट के पास 12 अति-सटीक 600 मिमी कैलिबर के रॉकेट प्रक्षेपकों के परीक्षण को देखा। दक्षिण कोरिया की सेना ने शनिवार को जानकारी दी थी कि उत्तर कोरिया ने शनिवार को पूर्वी सागर की ओर लगभग 10 बैलिस्टिक मिसाइल दागीं। दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने इन प्रक्षेपणों को ऐसा उकसावे वाला कदम बताया जो उत्तर कोरिया की किसी भी बैलिस्टिक गतिविधि पर रोक लगाने संबंधी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन करता है।

ऑफ बीट

पार्किंसंस के लक्षण मर्दों व औरतों में होते हैं अलग

पार्किंसंस एक लगातार बढ़ने वाली बीमारी है जिसमें मस्तिष्क के 'सबस्टैंशिया नाइग्रा' नामक भाग में डोपामाइन नामक रासायनिक संदेशवाहक का उत्पादन करने वाली कोशिकाएं मरने लगती हैं। इसके साथ ही मस्तिष्क में कई अन्य परिवर्तन भी होते हैं। आमतौर पर इसे गति विकार माना जाता है। सामान्य मोटर लक्षणों में आराम की स्थिति में कंपन, धीमी गति (ब्रैडीकाइनेसिया), मांसपेशियों में अकड़न और संतुलन संबंधी समस्याएं शामिल हैं। लेकिन पार्किंसंस रोग में कई कम ज्ञात गैर-गतिशील लक्षण भी शामिल होते हैं। इनमें निम्नलिखित हो सकते हैं- मनोदशा में परिवर्तन स्मृति और संज्ञानात्मक क्षमता में कठिनाई (जिसमें धीमी गति से सोचना, योजना बनाने या एक साथ कई कार्य करने में चुनौतियां और ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई शामिल है) नींद संबंधी विकार स्वायत्त तंत्रिका तंत्र की शिथिलता (जैसे कब्ज, निम्न रक्तचाप और मूत्र संबंधी समस्याएं)। हालांकि इन्हें कभी-कभी पार्किंसंस के 'अदृश्य' लक्षण कहा जाता है, लेकिन ये अक्सर गति विकार लक्षणों की तुलना में जीवन की गुणवत्ता पर अधिक नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। अध्ययन ने इस बात की पुष्टि की कि गैर-गतिशील लक्षण कितने आम हैं।

ट्रेंड

जन्मदिन की शुभकामनाएं

केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। मोदी जी के नेतृत्व में आप जल संसाधनों के संरक्षण, प्रबंधन और हर घर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करता हूँ। **-अमित शाह,** केंद्रीय गृह मंत्री

ईरान से पूर्व निधारित समझौता नहीं

होर्मुज जलडमरूमध्य से भारतीय ध्वज वाले जहाजों के पारगमन के लिए भारत का ईरान के साथ कोई "पूर्व निर्धारित समझौता" नहीं है और प्रत्येक जहाज की आवाजाही एक अलग घटना है। भारत व तेहरान के बीच हुई बातचीत के बाद भारतीय ध्वज वाले दो टैंकर इस महत्वपूर्ण मार्ग से गुजर सके हैं। **-एस जयशंकर,** विदेश मंत्री

जमीनी हकीकत अलग

पेट्रोलियम मंत्री ने लोकसभा में दावा किया कि एलपीजी की कमी नहीं है, लेकिन जमीनी हकीकत सरकारी दावों को गलत साबित कर रही है। अगर सरकार समय रहते इंतजाम कर लेती, तो हालात इतने खराब नहीं होते। **-मल्लिकार्जुन खरगे,** कांग्रेस, अध्यक्ष

देश में ईंधन संकट का डर

प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर पैदा हो रहे संकट की पहले से जानकारी थी। इसके बावजूद सरकार ने ईरान के साथ अपने संबंधों को मजबूत नहीं रखा, जिसकी वजह से अब देश में एलपीजी की कमी और ईंधन संकट का डर पैदा हो गया है। **-संजय सिंह,** सांसद आप

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

अलग-अलग हिस्सों को तेज और आधुनिक सड़क नेटवर्क से जोड़ना मकसद

छह आर्थिक कॉरिडोर से बदलेगा मप्र का सड़क नेटवर्क, 3368 किमी के एक्सप्रेस वे और प्रगतिपथ से 55 जिले जुड़ेंगे, उद्योग-व्यापार व पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में सड़क और औद्योगिक विकास को नई रफ्तार देने के लिए राज्य सरकार छह बड़े आर्थिक कॉरिडोर विकसित करने जा रही है। इन कॉरिडोर की कुल लंबाई 3368 किलोमीटर होगी और इनके निर्माण पर करीब 36,483 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इन परियोजनाओं का मकसद प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों को तेज और आधुनिक सड़क नेटवर्क से जोड़ना है, जिससे उद्योग, व्यापार, पर्यटन और परिवहन गतिविधियों को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। सरकार ने इन सभी परियोजनाओं को जून 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य तय किया है। इन कॉरिडोर में नर्मदा प्रगतिपथ, विंध्य एक्सप्रेस-वे, मालवा-निमाड़ विकासपथ, अटल प्रगतिपथ, बुंदेलखंड विकासपथ और मध्यभारत विकासपथ शामिल हैं। इनमें से दो कॉरिडोर भोपाल से होकर गुजरेंगे। परियोजनाओं का अंतिम प्रारूप तैयार हो चुका है और इनके निर्माण का काम लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम मिलकर करेंगे। सरकार की योजना के अनुसार इन कॉरिडोर के जरिए प्रदेश को आठ हिस्सों में विभाजित करते हुए सड़क नेटवर्क को व्यवस्थित किया जाएगा।

इन जिलों को होगा सीधा फायदा

इन आर्थिक कॉरिडोर के बनने से प्रदेश के सभी जिलों तक सड़क संपर्क बेहतर होगा। विंध्य एक्सप्रेस-वे बनने से भोपाल सीधे सिंगरौली से जुड़ जाएगा। इस मार्ग में भोपाल, सागर, दमोह, कटनी और रीवा सहित करीब दस जिले आएंगे। मालवा-निमाड़ विकासपथ के जरिए मंदसौर, उज्जैन, इंदौर, खंडवा और बुरहानपुर को बेहतर सड़क संपर्क मिलेगा। गरोठ-उज्जैन 136 किलोमीटर और इंदौर-बुरहानपुर 215 किलोमीटर खंड पर काम जारी है। अटल प्रगतिपथ पश्चिम में दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर से शुरू होकर बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे से जुड़ेगा। इससे श्योपुर, मुरैना और भिंड जैसे जिलों को फायदा होगा। बुंदेलखंड विकासपथ बनने से भोपाल, रायसेन, विदिशा, सागर और छतरपुर के बीच सीधा संपर्क मजबूत होगा। इस मार्ग के जरिए भोपाल से छतरपुर की दूरी और समय दोनों कम होंगे। मध्यभारत विकासपथ से भीमबैठिका, भोजपुर, सांची, उदयगिरी, चंदेरी, ओरछा और दतिया जैसे प्रमुख पर्यटन स्थल आपस में जुड़ेंगे। यह कॉरिडोर मुरैना से बैतूल तक सीधा मार्ग उपलब्ध कराएगा। वहीं नर्मदा प्रगतिपथ झाबुआ, धार, इंदौर, देवास, सीहोर, रायसेन, नरसिंहपुर, जबलपुर और डिंडोरी सहित करीब दस जिलों से होकर गुजरेगा। यह कॉरिडोर बिलासपुर-रायपुर से शुरू होकर गुजरात तक जुड़ेगा।

ये हैं प्रस्तावित एक्सप्रेस-वे और प्रगतिपथ

- नर्मदा प्रगतिपथ – 867 किमी लंबाई, लागत 5,299 करोड़ रुपए, लक्ष्य जून 2028।
- विंध्य एक्सप्रेस-वे – 676 किमी लंबाई, लागत 3,809 करोड़ रुपए, लक्ष्य जून 2028।
- मालवा-निमाड़ विकासपथ – 450 किमी लंबाई, लागत 7,972 करोड़ रुपए, लक्ष्य दिसंबर 2027।
- अटल प्रगतिपथ – 299 किमी लंबाई, लागत 12,227 करोड़ रुपए, निर्माण जारी।
- बुंदेलखंड विकासपथ – 330 किमी लंबाई, लागत 3,357 करोड़ रुपए, लक्ष्य जून 2028।
- मध्यभारत विकासपथ – 746 किमी लंबाई, लागत 3,819 करोड़ रुपए, लक्ष्य जून 2028।

ताप्ती नदी पर बनेगा उच्च स्तरीय पुल, असीरगढ़ के किले को पर्यटन केंद्र के रूप में करेंगे विकसित

किसानों की तकदीर बदल देगी नेपानगर की दो सिंचाई परियोजनाएं

बुरहानपुर को एग्रो एक्सपोर्ट और प्रोसेसिंग का हब बनाने की योजना

डॉ. हेडगेवार स्मृति उद्यान बनाया जाएगा, बुरहानपुर महाविद्यालय में पढ़ाया जाएगा कृषि संकाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नेपानगर अद्भुत नगरी है। यह कृषि और उद्योग का बेजोड़ संगम है। बुरहानपुर जिला मप्र की सांस्कृतिक विविधता का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि बुरहानपुर के एग्री एक्सपोर्ट और प्रोसेसिंग का हब बनाने की ओर बढ़ रहे हैं। प्रदेश के जनजातीय वर्ग का समग्र विकास हमेशा से ही हमारी पहली प्राथमिकता रही है। जनजातीय समाज के समग्र कल्याण के लिए नए वित्त वर्ष 2026-27 के सालाना बजट में 26 प्रतिशत की वृद्धि कर 47 हजार 428 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान रखा है, जिससे जनजातीय वर्ग के चहुंमुखी विकास और कल्याण में कोई कमी न रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को बुरहानपुर जिले के नेपानगर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनजातीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय पीएम जन-मन योजना और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत कराए जा रहे कार्य प्रदेश में जनजातीय कल्याण का नया अध्याय लिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. हेगड़ेवार स्मृति उद्यान बनाया जाएगा। बुरहानपुर महाविद्यालय में कृषि संकाय की पढ़ाई होगी। इसीतरह ताप्ती नदी पर उच्च स्तरीय पुल बनाने तथा असीरगढ़ के किले को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री का संबोधन।

नेपानगर विस क्षेत्र में आयोजित जनजातीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे मुख्यमंत्री

जनजातीय वर्ग के चहुंमुखी विकास और कल्याण में कोई कमी न रहे

सिंचाई क्षमता में लगातार हो रही वृद्धि

बुरहानपुर जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि ताप्ती बेसिन मेगा ग्राउंड वाटर रिचार्ज परियोजना भी मंजूर हो चुकी है। इससे बुरहानपुर जिले की सिंचाई क्षमता में भारी वृद्धि होगी। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा कि नेपानगर क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में यहां की नेपा मिल का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है। विधायक बुरहानपुर एवं पूर्व मंत्री अर्चना चिटनिस ने कहा कि यह सरकार सामाजिक सरोकारों से जुड़ी है। सरकार के प्रयासों से प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय भी निरंतर बढ़ रही है। नेपानगर विस की विधायक मंजू दादू ने सीएम को तीर कमान भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने असीरगढ़ के प्राचीन किले का जीर्णोद्धार करवाने एवं यहां पर्यटन गतिविधियां विकसित करने का अनुरोध किया।

प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में बनेंगे गीता भवन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इंदौर और जबलपुर की तर्ज पर प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में गीता भवन बनाएँ जा रहे हैं। गीता भवन के माध्यम से दार्शनिक वातावरण निर्मित करने का प्रयास है। इन केन्द्रों में युवा पीढ़ी को गीता के निष्काम कर्म और भारतीय मूल्यों से जोड़ने और शोधार्थियों के लिए विशेष संसाधन उपलब्ध कराना गीता भवन का मुख्य उद्देश्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना को विस्तार देने के लिए 'गीता भवन' परियोजना को अब वृहद स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। प्रदेश के सभी 413 शहरों में गीता भवन निर्माण की योजना के लिए 5 वर्षीय कार्ययोजना के वर्ष 2026-27 के लिए 60 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

4 शहरों में प्रोजेक्ट्स स्वीकृत, 100 निकायों में भूमि चिन्हांकित

योजना के क्रियान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति करते हुए विभाग ने चार प्रमुख शहरों में ब्राउनफील्ड प्रोजेक्ट्स को तकनीकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इनमें रीवा (5 करोड़ रुपए), छिंदवाड़ा (2.5 करोड़ रुपए), कटनी (2.4 करोड़ रुपये) तथा खंडवा (2 करोड़ रुपए) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, 6 नगर निगमों सहित 100 नगर पालिकाओं में 'ग्रीनफील्ड' प्रोजेक्ट्स के लिए भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित हो चुकी है, जिनकी डीपीआर को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शेष 313 नगरीय निकायों में भी भूमि का चिन्हांकन कर लिया गया है।

सिंचाई परियोजनाएं 35 हजार किसान परिवारों की तकदीर और तस्वीर बदल देंगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नेपानगर विधानसभा क्षेत्र में दो प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं (झिरमिट्टी मध्यम सिंचाई परियोजना एवं नावथा वृहद सिंचाई परियोजना) को शासकीय मंजूरी मिलने की जानकारी देते हुए कहा कि यह सिंचाई परियोजनाएं इस क्षेत्र के 34 हजार 400 किसान परिवारों की तकदीर और तस्वीर बदल देंगी। कुल 2598.97 करोड़ रुपए की इन दोनों परियोजनाओं से जनजातीय बहुल क्षेत्र में 51800 हेक्टेयर कृषि रकबे में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। इन परियोजनाओं से 132 गांव लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे किसी के भी अनर्गल प्रलाप से कतई प्रभावित न हों। इन परियोजनाओं के निर्माण में हमारी सरकार किसी भी व्यक्ति या किसान को घर से बेघर नहीं होने देगी। हम सबके हितों का बराबर ध्यान रखेंगे।

तीसरे राउंड में सिर्फ 458 करोड़ की बोली

11,498 करोड़ रुपए के शराब ठेकों पर मिला ठंडा रिस्पॉन्स

फाइल फोटो।

नीलामी में ठेकेदारों की भागीदारी की उम्मीद रही काफी कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए शराब दुकानों के ठेकों की नीलामी का तीसरा राउंड भी ठंडा रहा। आबकारी विभाग ने इस चरण में प्रदेश के 50 जिलों के 407 समूहों के लिए टेंडर जारी किए थे, जिनकी कुल रिजर्व प्राइस 11,498.68 करोड़ रुपए तय की गई थी। लेकिन नीलामी में ठेकेदारों की भागीदारी उम्मीद से काफी कम रही।

सूत्रों के अनुसार शनिवार को पूरे प्रदेश में सिर्फ 15 जिलों के 36 समूहों के लिए ही 60 टेंडर प्राप्त हुए। इन बोलीदाताओं ने कुल 458.38 करोड़ रुपए के ऑफर दिए, जो निर्धारित रिजर्व प्राइस का करीब 4 प्रतिशत ही है।

35 जिलों में सन्नाटा

तीसरे राउंड में प्रदेश के 35 जिलों में एक भी टेंडर दाखिल नहीं हुआ। बड़े शहरों में भी नीलामी को लेकर ठेकेदारों की दिलचस्पी नहीं दिखी। भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन, छिंदवाड़ा, सागर और देवास जैसे प्रमुख जिलों में भी एक भी बोली नहीं आई।

सूत्रों का कहना है कि ठेकों की रिजर्व प्राइस बढ़ने के कारण कई ठेकेदारों ने बोली लगाने से दूरी बनाए रखी। आबकारी ने बदली रणनीति कमजोर रिस्पॉन्स को देखते हुए आबकारी विभाग अब नई रणनीति पर काम कर रहा है।

अगले चरण में शराब दुकानों के छोटे समूह बनाकर नीलामी कराई जाएगी

इसके तहत प्रत्येक समूह में न्यूनतम 2 और अधिकतम 3 दुकानें शामिल होंगी।

एकल दुकान को अलग समूह बनाकर नीलामी में नहीं रखा जाएगा।

बड़े समूह सिर्फ उन्हीं जिलों में बनाए जाएंगे, जहां पर्याप्त इच्छुक टेंडरदाता मौजूद हों।

ठेकेदारों की 'वेट एंड वॉच' की रणनीति

सूत्रों के मुताबिक कई जिलों में ठेकेदार फिलहाल 'वेट एंड वॉच' की रणनीति अपनाए हुए हैं। उनका मानना है कि शुरुआती चरण में सरकार ऊंची कीमतों पर ठेके देना चाहती है, लेकिन कमजोर रिस्पॉन्स के बाद शर्तों में ढील दी जा सकती है। ठेकेदारों की रणनीति ठेकों के भाव कम कराने की भी बताई जा रही है। इसी उम्मीद में कई बड़े ठेकेदार फिलहाल बोली से दूर हैं। कुछ जिलों में यह भी चर्चा है कि स्थानीय स्तर पर सीमित प्रतिस्पर्धा बनाए रखने की कोशिश की जा रही है, ताकि आगे के चरणों में कम बोलीदाताओं के बीच ठेके हासिल किए जा सकें। हालांकि आबकारी विभाग संगठित रणनीति की इन चर्चाओं से इनकार करता है। विभागीय सूत्रों के अनुसार पिछले वर्षों में भी यह देखा गया है कि सरकार एक अप्रैल से पहले कई बार ठेकों की रिजर्व प्राइस में कटौती कर देती है।

जिलों में संगठन की पकड़ मजबूत करने की तैयारी, कांग्रेस के 71 जिला संगठन महामंत्रियों की भोपाल में ट्रेनिंग आज

पीसीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में कांग्रेस अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के लिए अब जिलों में संगठन महामंत्रियों को अधिक अधिकार देने की तैयारी कर रही है। इसी कड़ी में प्रदेश के 71 जिला संगठन महामंत्रियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को भोपाल में आयोजित किया जाएगा। बैठक में जिला संगठन महामंत्रियों को उनके अधिकार, जिम्मेदारियां और संगठन में उनकी भूमिका को विस्तार से समझाया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें एक फोल्डर भी दिया जाएगा, जिसमें उनके अधिकार क्षेत्र और कामकाज की रूपरेखा स्पष्ट की गई है। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश संगठन महामंत्री संजय कामले और प्रशिक्षण प्रभारी महेंद्र जोशी मुख्य रूप से मार्गदर्शन देंगे।

जिलों में एआईसीसी मॉडल पर अधिकार

सूत्रों के अनुसार जिस तरह एआईसीसी में संगठन महामंत्री के पास व्यापक अधिकार होते हैं, उसी तर्ज पर अब जिलों में भी संगठन महामंत्रियों को मजबूत भूमिका दी जाएगी। उन्हें जिला, ब्लॉक, उप-ब्लॉक और मंडल-सेक्टर स्तर पर संगठनात्मक नियुक्तियों से जुड़े आदेश जारी करने का अधिकार भी मिल सकता है। जिला अध्यक्ष के सहयोगी के रूप में भूमिका

प्रशिक्षण में यह भी स्पष्ट किया जाएगा कि जिला अध्यक्ष और संगठन महामंत्री के बीच तालमेल कैसे बनाया जाए, ताकि संगठनात्मक कामों में टकराव की स्थिति न बने।

मीडिया और सोशल मीडिया पर भी फोकस

बैठक में मीडिया और सोशल मीडिया विभाग भी प्रस्तुति देंगे। इसमें बताया जाएगा कि

* संगठनात्मक कार्यक्रमों को सार्वजनिक कैसे किया जाए
* नियुक्तियों और गतिविधियों को मीडिया तक कैसे पहुंचाया जाए
* सोशल मीडिया के जरिए संगठन को कैसे मजबूत बनाया जाए।

विपक्ष पर लगाया भ्रम फैलाने का आरोप, जनता को दिलाया भरोसा

अफवाहों पर न दें ध्यान, छग में गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं: सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में गैस की किल्लत को लेकर प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि सिलेंडर की कोई कमी नहीं है। एक दो दिन में गैस की आपर्ति पूरी तरह से सामान्य हो जाएगी। लोगों को किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। प्रदेश में गैस सिलेंडर की कोई वास्तविक कमी नहीं है। इस संबंध में फैल रही बातें पूरी तरह से अफवाह हैं।

उन्होंने बताया कि दो जहाज ईरान से इंडिया के लिए रवाना हो चुके हैं। संभावना है कि वे एक-दो दिनों में पहुंच जाएंगे। इसके बाद आपूर्ति पूरी तरह सामान्य हो जाएगी। उन्होंने लोगों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि सरकार किसी भी स्थिति में लोगों को परेशान नहीं होने देगी। यदि कहीं थोड़ी बहुत कमी दिखाई देती है, तो उसे जल्द ठीक कर लिया जायेगा। गैस सिलेंडर की परेशानी को लेकर विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए सीएम साय ने कहा कि विपक्ष के कुछ लोग इस मुद्दे को लेकर जनता को गुमराह करने की कोशिश में लगे हुए हैं। इस वजह से जनता में और ज्यादा अफवाहें फैल रही हैं। वास्तविकता ये है कि राज्य में गैस की कोई किल्लत नहीं है।

700 से ज्यादा सिलेंडर जब्त

इधर छत्तीसगढ़ में गैस सिलेंडर की कालाबाजारी और जमाखोरी के खिलाफ खाद्य विभाग की टीमें लगातार कार्रवाई कर रही हैं। राज्य में 700 से ज्यादा सिलेंडरों को जब्त किया गया है। कई गैस एजेंसी के बाहर गैस नहीं के बोर्ड भी लगा दिए गए हैं। इस वजह से आम जनता को परेशानी हो रही है। गैस की किल्लत लगातार बढ़ती जा रही है। गैस एजेंसी के बाहर लंबी-लंबी लाइनें लगी हैं, तो सर्वर डाउन होने के कारण लोगों की ऑनलाइन बुकिंग नहीं हो रही है।

गांधीनगर थाना क्षेत्र की घटना

खुद को आरटीओ अधिकारी बताकर लूट करने का आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरगुजा

जिले के अंबिकापुर शहर में गांधीनगर थाना क्षेत्र में खुद को आरटीओ अधिकारी बताकर युवक से 20 हजार रुपये की लूट करने वाले आरोपी को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटरसाइकिल और 1000 रुपये नगद बरामद किए हैं। आरोपी पहले भी लूट की घटनाओं में संलिप्त रह चुका है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम मरकाडाड थाना राजपुर जिला बलरामपुर निवासी संदीप लकड़ा ने 14 मार्च को गांधीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उसने बताया कि 11 मार्च की शाम करीब 6 बजे वह अपने ससुर के साथ मोटरसाइकिल से अस्पताल से गांधी चौक की ओर जा रहा था।

सरगुजा के उदयपुर थाना क्षेत्र की घटना

दोस्त की हत्या कर कीचड़ से भरी डभरी में फेंका शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरगुजा

उदयपुर थाना क्षेत्र में हत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक युवक ने अपने ही मित्र की हत्या कर शव को गांव के पास स्थित कीचड़ से भरी डभरी में फेंक दिया। जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर डभरी का पानी खाली कराया और शव को बाहर निकालकर कब्जे में लिया। जानकारी के अनुसार घटना बीती रात की बताई जा रही है। मृतक की पहचान शीतल, निवासी हनुमानगढ़, थाना उदयपुर के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक ने किसी कारणवश अपने मित्र शीतल की हत्या कर दी और उसका शव पोतका गांव के पास स्थित एक डभरी में फेंक दिया।

एक इंसास राइफल, 15 जिंदा कारतूस और नक्सली साहित्य जब्त

संदिग्ध गतिविधि देख चलाया था तलाशी अभियान

कोहकाटोला जंगल में नक्सली कैंप ध्वस्त पुलिस, सीएएफ, डीआरजी की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले में पुलिस बल को बड़ी सफलता मिली है। एक संयुक्त अभियान में औंधी थाना क्षेत्र के कोहकाटोला जंगल में नक्सली कैंप ध्वस्त किया गया। इस कार्रवाई में एक इंसास राइफल, 15 जिंदा कारतूस और बड़ी मात्रा में नक्सली साहित्य जब्त हुआ। जिला पुलिस बल, सीएएफ और डीआरजी की संयुक्त टीम ने कोहकाटोला जंगल में तलाशी अभियान चलाया। संदिग्ध गतिविधि दिखने पर पुलिस ने घेराबंदी की, पर नक्सली घने जंगल का फायदा उठाकर भाग निकले। तलाशी में टीम को एक इंसास राइफल मिली, जिसकी मैगजीन में 15 जिंदा कारतूस थे। इसके अतिरिक्त, पावर बैंक, दवाइयां, खाद्य सामग्री और दैनिक उपयोग की अन्य वस्तुएं भी जब्त की गईं। पुलिस ने बड़ी मात्रा में नक्सली साहित्य भी बरामद किया।

दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी पुलिस ने की बरामद

संयुक्त टीम ने नक्सली कैंप से महत्वपूर्ण सामग्री बरामद की। इसमें एक इंसास राइफल शामिल है, जिसमें 15 जिंदा कारतूस वाली मैगजीन लगी थी। नक्सलियों के दैनिक उपयोग की वस्तुएं जैसे पावर बैंक, दवाइयाँ, खाद्य सामग्री और बड़ी मात्रा में साहित्य भी मिला है। यह बरामदगी नक्सलियों की आपूर्ति श्रृंखला पर बड़ा प्रहार मानी जा रही है।

कुकिंग गैस को लेकर हाहाकार

बुकिंग से लेकर वितरण तक सिस्टम फेल

जबलपुर। शहर में कुकिंग गैस को लेकर हालात दिन- ब-दिन बिगड़ते जा रहे हैं। गैस एजेंसियों के बाहर सुबह से लंबी कतारें लग रही हैं, लेकिन उपभोक्ताओं को राहत नहीं मिल पा रही। गैस बुकिंग के लिए फोन करने पर नंबर नहीं लग रहे, ऑनलाइन बुकिंग में सर्वर डाउन की समस्या सामने आ रही है और ओटीपी तक समय पर नहीं पहुंच रही। ऐसे में आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।शहर के विभिन्न इलाकों में उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस बुकिंग के लिए कई-कई बार कॉल करने के बावजूद नंबर नहीं लग रहा। ऑनलाइन बुकिंग के दौरान सर्वर डाउन बता रहा है। जिन लोगों ने किसी तरह बुकिंग कर भी ली, उन्हें ओटीपी नहीं मिलने की शिकायत है। इससे बुकिंग प्रक्रिया अधर में लटक रही है।

एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें

गैस एजेंसियों के बाहर सुबह से ही महिलाओं और बुजुर्गों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। कई लोग खाली सिलेंडर लेकर घंटों इंतजार कर रहे हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि प्रशासन केवल कागजों में व्यवस्था नियंत्रित होने का दावा कर रहा है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही है।

बाजार पर भी असर

गैस संकट का असर बाजार पर भी दिखाई देने लगा है। कोयले के दाम बढ़ गए हैं, जिससे ढाबों और छोटे होटल संचालकों की लागत बढ़ रही है। वहीं इंडक्शन चूल्हे बाजार से लगभग गायब हो गए हैं या ऊंचे दामों पर बिक रहे हैं। लोगों ने वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर इंडक्शन और इलेक्ट्रिक चूल्हों की खरीद बढ़ा दी है।

राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप

संकट को लेकर राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गई है। विपक्ष ने आरोप लगाया है कि प्रशासन दिखावे की कार्रवाई कर रहा है और वास्तविक समस्या के समाधान पर ध्यान नहीं दे रहा। वहीं सत्ता पक्ष का कहना है कि आपूर्ति व्यवस्था सामान्य है और तकनीकी कारणों से अस्थायी दिक्कतें आ रही हैं।

गंभीर हो सकती है स्थिति

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अगले 10–15 दिनों तक हालात नहीं सुधरे, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। शादी-ब्याह और आयोजनों पर असर पड़ने की आशंका है। घरेलू रसोई के साथ-साथ होटल और छोटे व्यवसाय भी प्रभावित होंगे। शहरवासियों की मांग है कि प्रशासन तत्काल सर्वर और बुकिंग सिस्टम की तकनीकी समस्या दूर कर आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करे, ताकि आमजन को राहत मिल सके। फिलहाल, जबलपुर में कुकिंग गैस को लेकर मचा हाहाकार थमता नजर नहीं आ रहा।

गरीब बच्चों को बांटे 200 जोड़ी कपड़े

ईद की खुशियां साझा की

जबलपुर। सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर जबलपुर द्वारा खुशियों के लिबास डिस्ट्रीब्यूशन प्रोग्राम 16 मार्च 2026 को अंसारी बारात घर गोहलपुर में आयोजित किया गया। समाजसेवी संस्था एसबीएफ जबलपुर के द्वारा सोमवार को अंसारी बारात घर में एक सराहनीय सामाजिक कार्यक्रम आयोजित कर गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों को लगभग 200 जोड़ी नए कपड़े वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य गरीब परिवारों के बच्चों की ईद को भी खुशहाल बनाना और समाज में आपसी भाईचारे का संदेश देना था। कपड़े पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कहा कि त्योहारों की खुशियां तभी पूरी होती हैं जब समाज के सभी लोग उसमें शामिल हो सकें। इसी सोच के साथ यह पहल की गई है ताकि जरूरतमंद बच्चों को भी ईद की खुशियों का अनुभव हो सके।

कार्यक्रम में समाजसेवी हाजी कादिर सोनी, मजहर उस्मान, आरिफ पहलवान, परवेज़ अख्तर, पार्षद मतीन, वकील अहमद अंसारी पार्षद, नाजिम ए शहर गुलाम रसूल साहब, हसन अहमद, एस.के. फैज, अबरार अहमद एवं हाजी अनवर, शादान, जोहेब एहतिशाम, सोहेब, सलाम, सोहेब हाफिज, इश्तियाक अहमद, वसीम अहमद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर इस सामाजिक कार्य में सहयोग किया।

माँ कर्मा जयंती पर गढ़ा साहू समाज ने किया भव्य आयोजन

जबलपुर।

साहू समाज की आराध्य माँ कर्मा देवी की जयंती के अवसर पर दानवीर भामाशाह साहू समाज समिति गढ़ा द्वारा बड्डा दद्दा मैदान, पुरवा गढ़ा में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक अभिलाष पांडे, पूर्व महापौर प्रभात साहू, तेलघानी बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष रविकिरण साहू, समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एड. मनीष मिश्रा, आभा साहू, वीरेंद्र साहू तथा सीएसपी सतीश साहू की विशेष उपस्थिति रही।

आमंत्रित अतिथियों ने माँ कर्मा का पूजन एवं आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

दी गई। अतिथियों ने माँ कर्मा जयंती की शुभकामनाएँ देते हुए समाज को उनके भक्ति मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के एड. अर्जुन साहू, अध्यक्ष राहुल साहू, कार्यकारी अध्यक्ष जीतू साहू, विनोद साह, शेखर साहू, राजेश साह, नीलकंठ साहू, अशोक साहू, नयन साहू और अभिनंदन साहू का विशेष योगदान रहा।

14 अप्रेल को मनाई जाएगी डॉ. आम्बेडकर व ज्योतिबा फुले जयंती

जबलपुर। बोधिसत्व डॉ. भीमराव आम्बेडकर संयुक्त जयंती महोत्सव समिति जबलपुर द्वारा डॉ. भीमराव आम्बेडकर चौक हाईकोर्ट पर प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी 14 अप्रेल को डॉ. भीमराव आम्बेडकर की 135वीं जयंती एवं महिला शिक्षा के जनक महत्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती ओजस्वी वक्ताओं की उपस्थिति में धूमधाम से मनाई जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. अपूर्वानंद दिल्ली विवि नई दिल्ली, विशिष्ट अतिथि विजय सुरवाड़े मुंबई होंगे, कार्यक्रम की अध्यक्षता यादवराव मेश्राम करेंगे। समिति के दीपक मेश्राम, धर्मशील चाटे, दीपक वानखेड़े, सिद्धार्थ उरकुडे, वीरेन्द्र बौद्ध, विजय धाबर्डे सहित अन्य सदस्यों ने उपस्थिति की अपील की है।

शब-ए-कद्र पर मस्जिदों में हुई दस्तारबंदी

केंद्रीय जेल में रोज़ा अफ्तार का आयोजन

जबलपुर। मुस्लिम धर्मावलंबियों के पवित्र माह रमज़ान मुबारक की पाक रात शब-ए-कद्र के मौके पर शहर तथा उपनगरीय क्षेत्रों की लगभग 100 से अधिक मस्जिदों और नमाज़गाहों में विशेष धार्मिक आयोजन हुए। रात में इशा की नमाज़ के बाद अदा की गई तरावीह की नमाज़ में परंपरानुसार पवित्र कुरान शरीफ का पाठ पूरा किया गया।

इस अवसर पर तमाम मस्जिदों में हाफिज़ साहिबान की दस्तारबंदी कर उनका इस्तकबाल किया गया। मस्जिद कमेटियों और नमाजियों ने हाफिज़ों को नजराने और तोहफे पेश कर उनका सम्मान किया।

पाक रात की रौनक को देखते हुए मस्जिदों में आकर्षक विद्युत सज्जा की गई और बड़ी संख्या में लोगों ने रातभर इबादत में समय बिताया। मुस्लिम बहुल क्षेत्रों तथा मीना बाजार में देर रात तक चहल-पहल बनी रही, वहीं सुबह फज़्र की नमाज़ के बाद मुस्लिम बंधुओं ने कब्रिस्तानों में पहुंचकर अपने मरहूम रिश्तेदारों के लिए दुआ-ए-मगफिरत की।

शब-ए-कद्र की पाक रात पर जबलपुर केंद्रीय जेल में मुस्लिम बंदियों के लिए रोज़ा अफ्तार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दावत-ए-इस्लामी के डिपार्टमेंट जी.एन.आर.एफ. (गरीब नवाज़ रिलीफ फंड) की जानिब से संपन्न हुआ।

हाजी मोहम्मद जावेद अत्तारी अशरफी ने बताया कि जेल में मौजूद बंदियों को रमज़ान की रहमत और शब-ए-कद्र की बरकतों का लाभ दिलाने के लिए यह अफ्तार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हाजी अज़हर ख़ान, हाफिज इमरान खतीब, इमाम सेफ मस्जिद मोहम्मद जुनेद अत्तारी और हामिद अत्तारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने बंदियों के साथ मिलकर अफ्तार किया और मुल्क की तरक्की व अमन के लिए दुआ की।

सशक्त हस्ताक्षर की 46वीं काव्य गोष्ठी सम्पन्न

सामाजिक समरसता की कविताओं ने किया मोहित

जबलपुर। समसामयिक प्रेरक विषयों के साथ सामाजिक समरसता और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य बोध की रचनाएं प्रस्तुत करके कवियों ने प्रेरणा की अलख जगाई। अवसर था सशक्त हस्ताक्षर संस्था 46वीं मासिक काव्य गोष्ठी का। संस्थापक गणेश श्रीवास्तव प्यासा ने संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। सरस्वती वंदना इंद्राना से पधारे कवि प्रकाश सिंह ठाकुर ने की। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि प्रो.डॉ. शरद नारायण खरे रहे, अध्यक्षता महामहोपाध्याय आचार्य डॉ. हरिशंकर दुबे ने की। विशिष्ट अतिथि नीलम खरे, सुवीर श्रीवास्तव, विजय नेमा अनुज थे। सारस्वत अतिथि राजेश पाठक प्रवीण, संगम त्रिपाठी, संतोष नेमा

संतोष ने सृजन के महत्व पर प्रकाश डाला। दिवाकर शर्मा, दुर्गाप्रसाद श्रीवास्तव, डॉ. पी.आर.एस. चौधरी, अमरनाथ सोनी, अरुण शुक्ल, देवेन्द्र अग्रवाल, महेश स्थापक, के.के. तिवारी, रमाकांत गौतम, दिलीप नीखरा, अर्चना श्रीवास्तव, चंदा श्रीवास्तव, मंजू इंगले, सुनीता जैन, शेखर शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। द्वितीय सोपान में कवि दीनदयाल तिवारी बेताल, कुंजीलाल चक्रवर्ती, जी.एल. जैन, मनोज शुक्ल मनोज, जयप्रकाश श्रीवास्तव, विवेक गुप्ता, लखन लाल रजक, डॉ. आशा श्रीवास्तव, डॉ. एम.एल. शर्मा, सिद्धेश्वरी सराफ शीलू, विजय सिन्हा, कमर इलाहावादी, डॉ. सुरेन्द्रलाल साहू, डॉ. मुकुल तिवारी, निर्मला तिवारी, डॉ. ममता तिवारी, तरुणा खरे तनु, अनुकम्पा नायक, प्रीति नामदेव, बालमुकुंद लखेरा, डॉ. भावना दीक्षित, राजेन्द्र मिश्रा, उर्मिला श्रीवास्तव, ज्योति मिश्रा, ज्योति प्यासी, अमरसिंह वर्मा, विवेक शैलार, संध्या द्विवेदी, सभी ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियाँ दी, संचालन गणेश श्रीवास्तव प्यासा व आभार प्रदर्शन गुलजारी लाल जैन ने किया।

दलित सेना कल्याण महासंघ का सामाजिक समरसता होली मिलन संपन्न

जबलपुर। दलित सेना कल्याण महासंघ कार्यालय बादशाह मंदिर पोलीपाथर में दिनांक 15/3/2026 को सामाजिक समरसता के अंतर्गत सभी वर्गों का होली मिलन कार्यक्रम सांय 7 बजे आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण लोकगीत फाग की प्रस्तुति मगन लाल अहिरवार मंडली द्वारा की गई। कार्यक्रम में डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माला अर्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पं. राममूर्ति मिश्रा, विशिष्ट अतिथि शरद अग्रवाल, विजय कांडा, मधु चौधरी, लक्ष्मी बेन, रवि सक्सेना, अध्यक्षता राजेन्द्र चौधरी, संयोजक एवं आभार दिनेश चौधरी ने किया। सभी अतिथियों का शाल, श्रीफल फूलमाला से स्वागत किया गया, अतिथियों द्वारा संगठन को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर पिंकी ठाकुर, रूप लाल यादव, सुरेश हिरसकर, एमपी प्रजापति, चमन दोहरे, संतोष चौधरी, दलवीर सिंह दस्सल, संजीव वर्मा, दीपक राजपूत, हुकुम चौधरी, सरोज कांडा, यासमीन मोहम्मद, किरण विश्वकर्मा, बीना परिहार, कुमुद मुराव, श्रीलाल, सागर, कृष्ण गोपाल आदिजन इस कार्यक्रम में भारी संख्या में उपस्थित होकर फागों एवं लोकगीतों का आनंद उठाया।

नागार्जुन बौद्ध महाविहार के चुनाव संपन्न

जबलपुर। बोधिसत्व नागार्जुन महाविहार संघ घमापुर में बौद्ध विहार संघ एवं बौद्ध विहार महिला मंडल घमापुर के वर्ष 2026-28 के चुनाव संपन्न हुए। बौद्ध विहार संघ में अध्यक्ष राजेश जनबंधु, उपाध्यक्ष सिद्धार्थ उरकुडे, सुनील गजभिये, सचिव धर्मशील चाटे, उपसचिव जेएन रामटेके, संजय उरकुडे, कोषाध्यक्ष आशीष गजभिए, उपकोषाध्यक्ष नितिन गजभिए, आडिटर उमाकांत गजभिए चुने गए। इसी प्रकार बौद्ध विहार महिला मंडल में अध्यक्ष नंदा पाटिल, उपाध्यक्ष कविता सहारे, अनिता जनबंधु, सचिव सुत्रिता भवते, उपसचिव माधुरी गजभिये, पूर्णिमा वानखेड़े, कोषाध्यक्ष सविता लोखंडे, उप कोषाध्यक्ष मनीषा मेश्राम, ऑडिटर सायंका मेश्रा सर्वसम्मति से चुने गए। बौद्ध समाज ने नवीन कार्यकारिणी के गठन पर सदस्यों को शुभकामनाएं दी।

महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य पर चलाया जागरूकता अभियान

एफपीएआई ने 'Give to Gain' थीम पर छात्रों को किया प्रेरित

जबलपुर। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफपीएआई) की जबलपुर शाखा द्वारा प्रियदर्शनी अंजुमन इस्लामिया कन्या महाविद्यालय, गोहलपुर में रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में छात्राओं के लिए जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बड़ी संख्या में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और महिला स्वास्थ्य व अधिकारों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। कार्यक्रम में एफपीएआई जबलपुर शाखा के ब्रांच मैनेजर रवि शरण गौतम ने संस्था की गतिविधियों और समाज में किए जा रहे जागरूकता कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं बल्कि महिलाओं के अधिकार, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए संकल्प लेने का अवसर है। उन्होंने वर्ष 2026 की थीम "Give to Gain" पर प्रकाश डालते हुए

बताया कि समाज में महिलाओं को अवसर और सहयोग देने से ही समग्र विकास संभव है। संस्था की उपाध्यक्ष डॉ. मुक्ता भटेले ने छात्राओं को महिलाओं के लिए बनाए गए विभिन्न कानूनों, सुरक्षा प्रावधानों और अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं से कहा कि अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना और अन्य महिलाओं को भी जागरूक करना समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम के दौरान संस्था की सदस्य एवं काउंसलर श्रीमती किरण कालवे ने सर्वाइकल कैंसर, प्रजनन स्वास्थ्य तथा उससे जुड़ी बीमारियों के बारे में सरल और रोचक तरीके से जानकारी दी। उन्होंने इन बीमारियों के कारण, लक्षण और बचाव के उपायों पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने और जागरूक रहने की सलाह दी। छात्राओं ने भी पूरे उत्साह के साथ सत्र में भाग लिया और अपनी जिज्ञासाओं के समाधान प्राप्त किए।

कार्यक्रम को सफल बनाने में एफपीएआई जबलपुर शाखा के ब्रांच मैनेजर रवि शरण गौतम, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शबाना अंजुम, एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी रेशमा शेख, महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिकाओं तथा छात्राओं का विशेष योगदान रहा। कार्यशाला के अंत में सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं में स्वास्थ्य, जागरूकता और आत्मविश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

ईद के 4 दिन शेष, सफाई व्यवस्था ठप

पार्षद मुकीमा याकूब अंसारी ने निगमायुक्त से की व्यवस्था की मांग

जबलपुर। डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड पार्षद मुकीमा याकूब अंसारी ने बताया कि मुस्लिम समाज का सबसे पवित्र पर्व रमजान का माह चल रहा है, जिसके खत्म होने में सिर्फ चार दिन बाकी हैं और उसके बाद ईद-उल-फितर का त्यौहार है, मीना बाजार पूरी तरह से अपनी रंगत पर है, लेकिन अभी भी नगर निगम की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चौपट है। उन्होंने बताया मीना बाजार बड़ा बाजार होने से रोजाना 10 से 12 ट्रिपर डिस्पोजल एवं कचरा निकल रहा है, वहीं अंतिम सप्ताह होने की वजह से अफ्तार दावत से भी अधिक कचरा निकल रहा है, लेकिन मुस्लिम बहुल क्षेत्र में ठेकेदारों द्वारा सफाई कर्मचारी उपलब्ध नहीं कराये जा रहे हैं। प्रत्येक वार्ड में 2-3 डोर-टू-डोर गाड़ियों से काम चलाऊ सफाई हो रही है, जिसके कारण पूरे क्षेत्र में गंदगी फैली है, नालियां बजबजा रही हैं। रमजान शुरू होने के पूर्व ही नगर निगम कांग्रेस पार्षद दल ने साफ-सफाई, लाइट, पेयजल व ट्रैफिक व्यवस्था पर निगम आयुक्त का ध्यान आकर्षित कराया था, लेकिन नगर सत्ता द्वारा खुलेआम पक्षपात किया जा रहा है। आम दिनों में कचरा घरों से नियमित कचरा उठाया जाता रहा, लेकिन रमजान शरीफ पर्व पर व्यवस्था में लापरवाही बरती जा रही है। सत्ता पक्ष के इशारे पर बरती गई लापरवाही की कांग्रेस पार्षद दल घोर निंदा करता है।

पार्षद मुकीमा याकूब अंसारी ने 16 मार्च को पुनः निगम आयुक्त से मुलाकात कर तत्काल हस्तक्षेप कर सफाई व्यवस्था को सुधारने और ईद-उल-फित्र पर अतिरिक्त व्यवस्था की मांग की है।

नाम परिवर्तन

मैं, अमित कुमार पांडेय, फ्लैट नंबर 203 प्रेस्टीज पूनम आर्केड, गोलबाजार, जबलपुर यह घोषणा करता हूँ कि मैंने अपना नाम अमित कुमार पांडेय से बदलकर अमित पांडेय कर लिया है। अबसे मैं सभी प्रयोजनों के लिए अमित पांडेय के नाम से जाना जाऊँगा।

सही नाम-
अमित पांडेय
गलत नाम-
अमित कुमार पांडेय

खबर संक्षेप

टाटा मोटर्स के वाणिज्यिक वाहन 1 अप्रैल से होंगे महंगे

नई दिल्ली। टाटा मोटर्स ने सोमवार को कहा कि वह एक अप्रैल से अपने वाणिज्यिक वाहनों की पूरी श्रृंखला की कीमतों में 1.5 प्रतिशत तक की वृद्धि करेगी। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि जिंस की बढ़ती कीमतों और अन्य लागत व्यय के प्रभाव को कम करने के लिए यह फैसला लिया गया है। कंपनी के अनुसार, कीमतों में यह बढ़ोतरी अलग-अलग मॉडल और संस्करणों के आधार पर भिन्न-भिन्न होगी।

फोनपे ने आईपीओ को सूचीबद्ध होने से रोका

नई दिल्ली। डिजिटल भुगतान एवं वित्तीय सेवा मंच फोनपे ने वर्तमान भू-राजनीतिक संघर्ष और बाजार में उतार-चढ़ाव के कारण अपनी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने की प्रक्रिया को फिलहाल अस्थायी रूप से टाल दिया है। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि वैश्विक पूंजी बाजारों में कुछ स्थिरता आने के बाद वह सूचीबद्ध होने की प्रक्रिया को फिर से शुरू करेगी। फोनपे के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) समीर निगम ने कहा, 'हम प्रभावित सभी क्षेत्रों में जल्द शांति बहाल होने की उम्मीद करते हैं।

मैमन फिर एटीएमए के चेयरमैन चुने गए

नई दिल्ली। वाहन टायर विनिर्माता संघ (एटीएमए) ने एमआरएफ लिमिटेड के वाइस चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अरुण मैमन को फिर से एटीएमए का चेयरमैन चुना है। एसोसिएशन ने सोमवार को बयान में कहा, अन्य शीर्ष नेतृत्व बदलावों में, ब्रिजस्टोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजर्षि मोइत्रा को एटीएमए का नया वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया है।

आरईसी के अंतरिम लाभांश को निदेशक मंडल की मंजूरी

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की आरईसी लि. के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 32 प्रतिशत यानी 10 रुपये अंकित मूल्य के प्रत्येक शेयर पर 3.20 रुपये प्रति शेयर अंतरिम लाभांश को मंजूरी दी है। यह कंपनी का चालू वित्त वर्ष के लिए चौथा अंतरिम लाभांश है। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उक्त अंतरिम लाभांश के लिए रिकॉर्ड तिथि शुक्रवार, 20 मार्च, 2026 निर्धारित की गई है।

भारत में एक साल में बढ़े 24 अरबपति, अब कुल संख्या बढ़कर हुई 229

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वर्ष 2026 में भारत का अरबपति क्लब एक नए मील के पत्थर पर पहुँच गया है। फोर्ब्स की फोर्ब्स वर्ल्ड की अरबपतियों की सूची के अनुसार अब भारत में 229 अरबपति हो गए हैं, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 205 थी। शेयर बाजार के मजबूत प्रदर्शन और कई नई कंपनियों की लिस्टिंग के कारण कई उद्यमियों की संपत्ति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। भारत के शीर्ष 10 सबसे अमीर व्यक्तियों 2026 की सूची के अनुसार भारतीय अरबपतियों की कुल संपत्ति 1 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो गई है, जबकि 2025 में यह लगभग 941 अरब डॉलर थी।

फोर्ब्स वर्ल्ड्स बिलियनेयर्स 2026 की सूची जारी

मुकेश अंबानी भारत के सबसे अमीर व्यक्ति

मुकेश अंबानी वर्ष 2026 में भी भारत के सबसे अमीर व्यक्ति बने हुए हैं। वह एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति भी हैं। पिछले वर्ष के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में वृद्धि होने से उनकी संपत्ति में बढ़ोतरी हुई और उनकी शीर्ष स्थिति और मजबूत हुई। वर्तमान में उनकी कुल संपत्ति लगभग 100 अरब डॉलर के आसपास बताई जाती है।

दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति गौतम अदाणी

गौतम अदाणी इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। वह अदाणी समूह के अध्यक्ष हैं। भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इंफ्रास्ट्रक्चर और ऊर्जा क्षेत्रों में विस्तार के कारण उनकी संपत्ति में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी ने मिलकर इस वर्ष अपनी संयुक्त संपत्ति में लगभग 14.7 अरब डॉलर की वृद्धि की है।

उदय कोटक ने भी शीर्ष सूची में जगह बनाई

इसके साथ ही उदय कोटक, जो कोटक महिंद्रा बैंक के संस्थापक हैं, ने भी भारत के शीर्ष 10 सबसे अमीर व्यक्तियों की सूची में अपनी जगह बनाई। उनकी संपत्ति में वृद्धि बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में मजबूत प्रदर्शन और विस्तार के कारण हुई है।

सावित्री जिंदल भारत की सबसे अमीर महिला

भारत के शीर्ष 10 सबसे अमीर व्यक्तियों 2026 की सूची में सावित्री जिंदल, जो ओपी जिंदल समूह की चेयरपर्सन हैं, तीसरे स्थान पर हैं। वह भारत की सबसे अमीर महिला बनी हुई हैं और देश के प्रमुख अरबपतियों में अपनी मजबूत स्थिति बनाए हुए हैं। यह सूची भारत के अरबपति समुदाय में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को भी दर्शाती है। फोर्ब्स के अनुसार अब भारत में 20 महिला अरबपति हैं, जिनमें सावित्री जिंदल इस समूह का नेतृत्व कर रही हैं।

कमजोर वैश्विक रुझानों से बाजार में आई गिरावट

ईरान जंग का असर, चांदी 9,000 रुपए लुढ़की, सोना 2,950 रुपए हुआ सस्ता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमतें 9,000 रुपए लुढ़ककर 2.56 लाख रुपए प्रति किलोग्राम रह गईं, जबकि सोना 2,950 रुपए टूटकर 1.60 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। विश्लेषकों ने कहा कि कमज़ोर वैश्विक रुझानों और मज़बूत डॉलर के साथ ईरान युद्ध ने कीमती धातुओं की कीमतों को प्रभावित किया। चांदी 9,000 रुपये, या 3.4 प्रतिशत लुढ़ककर 2,56,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जो शुक्रवार के बंद भाव 2,65,500 रुपये प्रति किलोग्राम से कम है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने में लगातार तीसरे दिन गिरावट जारी रही और यह 2,950 रुपये या 1.81 प्रतिशत टूटकर 1,60,250 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया।

मजबूत डॉलर ने कीमतों को किया प्रभावित

चांदी लुढ़ककर 2.56 लाख रुपए प्रति किलोग्राम रह गई

निवेशक डॉलर और बांड की ओर मुड़े

कारोबारियों ने सराफा कीमतों में गिरावट का कारण मुनाफावसूली और सुरक्षित निवेश की मांग के डॉलर और बॉन्ड की ओर मुड़ने को बताया। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया हुआ है।

कच्चे तेल की कीमतों में उछाल

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, "सोने की कीमतें फिलहाल नीचे आ रही हैं, क्योंकि कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण बाजार में लंबे सौदों की तेजी से कटान की जा रही है। हम सुरक्षित निवेश की मांग में एक स्पष्ट बदलाव देख रहे हैं। निवेशक कीमती धातुओं से अपना पैसा निकालकर डॉलर और बॉन्ड में लगा रहे हैं।"

मजबूत डॉलर ने कीमतों पर डाला दबाव

मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक, प्रवीण सिंह ने बताया कि विदेशी बाजारों में सोना लगभग 4,992 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा है। इसकी वजह यह है कि मजबूत डॉलर ने कीमतों पर दबाव डाला है। साथ ही, ऊर्जा की बढ़ती कीमतों के कारण मुद्रास्फीति (महंगाई) की चिंताओं में बढ़ोतरी हुई है, जिससे फेडरल रिजर्व द्वारा निकट भविष्य में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें कम हो गई हैं।

चांदी 80 डॉलर प्रति औंस से नीचे आई

अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सराफा कीमतें नीचे ही रहीं, जो घरेलू बाजार जैसे ही रुझान दिखा रही थीं। यहां हाजिर सोना 5,000 डॉलर प्रति औंस के स्तर से नीचे फिसल गया, जबकि चांदी 80 डॉलर प्रति औंस से नीचे आ गई। सोना 20.94 डॉलर या 0.42 प्रतिशत गिरकर 4,998.31 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी 1.81, या 2.25 प्रतिशत टूटकर 78.76 डॉलर प्रति औंस रह गई।

निकट भविष्य में सराफा की कीमतें रहेंगी नरम

कोटक सिक्योरिटीज की एवीपी (जिंस शोध), कायनात चैनवाला ने कहा कि निकट भविष्य में सर्राफा (सोना-चांदी) की कीमतें नरम रह सकती हैं। जब तक भू-राजनीतिक या नीतिगत दृष्टिकोण में कोई बड़ा बदलाव नहीं होता, तब तक कीमतों में किसी भी दिशा में कोई बड़ा उतार-चढ़ाव होने की संभावना कम है। उन्होंने कहा कि कारोबारी, फेडरल ओपन मार्केट कमेटी की आगामी नीतिगत बैठक पर नजर रखे हुए हैं।

फेड ब्याज दरों में नहीं करेगा बदलाव

चैनवाला इस बैठक से मिलने वाले नए आर्थिक अनुमानों के आधार पर नीतिगत दृष्टिकोण के बारे में संकेत तलाश रहे हैं, क्योंकि व्यापक रूप से यह उम्मीद की जा रही है कि फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करेगा।

खाने-पीने की चीजें महंगी होने से थोक महंगाई बढ़ी

फरवरी में बढ़कर 11 महीने के उच्चतम स्तर 2.13 प्रतिशत पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दाल, आलू, मछली जैसे खाने के सामान और अन्य वस्तुओं के दाम में तेजी से थोक मुद्रास्फीति फरवरी में बढ़कर 11 महीने के उच्चतम स्तर 2.13 प्रतिशत पर रही। हालांकि, मासिक आधार पर इस दौरान सब्जियों की कीमतों में नरमी आई। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

यह लगातार चौथा महीना है जब थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति में तेजी आई है। यह इस साल जनवरी में 1.81 प्रतिशत जबकि पिछले साल फरवरी में 2.45 प्रतिशत थी। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि अगर कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि जारी रहती है, तो थोक महंगाई में और तेजी आ सकती है और इसका असर अन्य वस्तुओं (उर्वरक, एल्युमीनियम) पर भी

पड़ेगा। इसका कारण यह उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की तुलना में अंतरराष्ट्रीय कीमतों के अधिक करीब है। डब्ल्यूपीआई आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में खाद्य पदार्थों की महंगाई 2.19 प्रतिशत रही, जबकि पिछले महीने यह 1.55 प्रतिशत थी। हालांकि, सब्जियों की महंगाई फरवरी में घटकर 4.73 प्रतिशत हो गई, जबकि जनवरी में यह 6.78 प्रतिशत थी। लेकिन दाल, आलू, अंडे, मांस और मछली की मुद्रास्फीति में फरवरी में वृद्धि देखी गई।

कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का असर

बार्कलेज ने कहा, "16 मार्च तक कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से अधिक हो गयी है। इसका प्रभाव थोक मुद्रास्फीति के मार्च के आंकड़ों में दिखेगा।" इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च का कहना है कि अमेरिका-ईरान युद्ध के बाद से कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का असर मार्च, 2026 से थोक मुद्रास्फीति पर पड़ेगा। जब तक आपूर्ति पक्ष की समस्याएं हल नहीं हो जातीं, इसमें वृद्धि बनी रह सकती है।

ऑस्कर के रेड कार्पेट पर, ब्रांडी कार्लाइल और कैथरीन शेफर्ड ने स्वदेश द्वारा निर्मित उत्कृष्ट आभूषण पहने

नई दिल्ली। ऑस्कर के रेड कार्पेट पर, ब्रांडी कार्लाइल और कैथरीन शेफर्ड ने स्वदेश द्वारा निर्मित उत्कृष्ट आभूषण पहने, जिससे हॉलीवुड के सबसे प्रतिष्ठित मंच पर भारतीय शिल्प कौशल की चमक दिखाई दी। ब्रांडी कार्लाइल ने पेटल प्रिज्म ब्रोच पहना था, जो सूरजमुखी की प्राकृतिक ज्यामिति से प्रेरित है। सोने से हस्तनिर्मित और बीच में एक चमकदार अंडाकार तराशे हुए पन्ना से जड़ा यह ब्रोच, पैवे-सेट हीरे से सजा है, जिसे खुली सेटिंग तकनीक से व्यवस्थित किया गया है जिससे प्रकाश पत्थरों के बीच से स्वतंत्र रूप से गुजर सके। प्रत्येक पंखुड़ी और हीरे जड़े तने को सटीकता से आकार दिया गया है, जिसके लिए तेलंगाना के कुशल कारीगरों द्वारा 100 से अधिक घंटों की कारीगरी की आवश्यकता पड़ी, जिनकी सुनार कला की परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है। कैथरीन शेफर्ड ने असाधारण लचीलेपन से निर्मित हीरे का हार पहना था, जिसे कपड़े की कोमलता के साथ लिपटने और बहने के लिए डिजाइन किया गया था। इसकी सुगठित संरचना पंख के नाजुक कांटे की तरह है, जिससे प्रत्येक खंड सामंजस्य में हिलता है और गर्दन के साथ एक तरल, भारहीन आकृति बनाता है।

हाथ से जड़े हीरों की एक निरंतर पट्टी इस आभूषण में फैली हुई है, जो एक परिष्कृत शेवरॉन-प्रेरित पैटर्न में व्यवस्थित हैं और इसमें विक्टोरियन युग की सूक्ष्म बारीकियां हैं जो इसे एक प्राचीन आकर्षण प्रदान करती हैं। स्वदेश की भावना से प्रेरित होकर, ये रचनाएँ भारत की समृद्ध शिल्प कला विरासत का सम्मान करती हैं—उन शिल्पकारों की विरासत में मिली महारत का जश्न मनाती हैं जो कीमती सामग्रियों को कला के स्थायी कार्यों में परिवर्तित करते हैं।

पुष्प ब्रांड ने की छापामारी कार्रवाई नकली उत्पादों पर लगी लगाम

इंदौर। पुष्प ब्रांड इंडिया लिमिटेड ने मध्य प्रदेश के सिंघाना तह. मनावर जिला धार में स्थित सिंघाना फार्मर्स ब्रांड (कृष सर्जन किसान उत्पादक प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड) के परिसर पर सफल छापामारी की है। इस छापामारी का उद्देश्य अवैध रूप से नकली उत्पादों का निर्माण और वितरण करने वाले तत्वों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करना था।कंपनी ने अपनी प्रतिष्ठा और बाजार में अधिकारों की रक्षा के लिए अपने लीगल सलाहकार किंशुक लीगल के माध्यम से मप्र के इंदौर स्थित वाणिज्यिक न्यायालय में वाद दायर किया था। न्यायालय ने इस मामले में कंपनी की मूल कलाकृतियों और प्रतिवादी की कलाकृतियों के बीच अत्यधिक समानता पाई। इसके बाद न्यायालय ने कंपनी के पक्ष में अंतरिम स्थगन आदेश (स्टे) जारी किया और कोर्ट कमिश्नर की नियुक्ति की, ताकि मामले की त्वरित जांच की जा सके।न्यायालय के आदेशानुसार, मनिष नागर अधिवक्ता को न्यायालय आयुक्त नियुक्त किया गया और उन्हें प्रतिवादियों के परिसर पर तलाशी और जब्ती की कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। छापामारी के परिणामस्वरूप बड़ी मात्रा में नकली उत्पाद जब्त किए गए। इस कार्यवाही से पुष्प ब्रांड इंडिया लिमिटेड ने यह संदेश दिया है कि वह अपने उत्पादों की गुणवत्ता और कंपनी की प्रतिष्ठा को बचाने के लिए कड़ी कार्रवाई करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

देश के निर्यात में फरवरी में मामूली गिरावट दर्ज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश का माल निर्यात फरवरी में सालाना आधार पर 0.81 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 36.61 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। व्यापार घाटा मासिक आधार पर घटकर 27.1 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया। पश्चिम एशिया संकट का प्रभाव मार्च महीने के आंकड़ों में सामने आएगा क्योंकि युद्ध 28 फरवरी को शुरू हुआ था। ये आंकड़े मई के मध्य तक जारी किए जाएंगे। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव के बीच लॉजिस्टिक संबंधी चुनौतियों के कारण मार्च में निर्यात में गिरावट का रुझान देखने को मिलेगा। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए संयुक्त हमले से अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में माल ढुलाई बाधित हो गई है। इसके परिणामस्वरूप कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया है जिससे हवाई एवं समुद्री माल ढुलाई में भी तेजी से वृद्धि हुई है। फरवरी में सोने और चांदी के आयात में भारी वृद्धि के कारण आयात 24.11 प्रतिशत बढ़कर 63.71 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। सोने का आयात 218.55 प्रतिशत बढ़कर 7.44 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया जबकि चांदी का आयात 285.23 प्रतिशत बढ़कर 1.66 अरब डॉलर हो गया।

- सालाना आधार पर 36.61 डॉलर रहा

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

राशिफल

मेष शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

वृष व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

मिथुन अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

कर्क आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं

सिंह शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

कन्या क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के ववादों से बचने का प्रयास

तुला पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

वृश्चिक घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

धनु पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

मकर परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

कुंभ परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

मीन वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

देश में बेरोजगारी दर में मामूली गिरावट

नई दिल्ली। देश में 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के लोगों के बीच कुल बेरोजगारी दर फरवरी में मासिक आधार पर मामूली घटकर 4.9 प्रतिशत रह गई। यह जनवरी में पांच प्रतिशत थी। सोमवार को जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से यह जानकारी मिली। सर्वेक्षण के अनुसार, जनवरी, 2026 में बढ़ोतरी के बाद शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के लोगों के बीच बेरोजगारी दर फरवरी, 2026 में घटकर 6.6 प्रतिशत रह गई, जो

दिसंबर, 2025 के 6.7 प्रतिशत के स्तर से भी कम है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह बेरोजगारी दर फरवरी, 2026 में 4.2 प्रतिशत पर स्थिर रही। फरवरी, 2026 में 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की महिलाओं में कुल बेरोजगारी दर घटकर 5.1 प्रतिशत रह गई जबकि जनवरी, 2026 में यह 5.6 प्रतिशत थी। ग्रामीण तथा शहरी दोनों क्षेत्रों में गिरावट देखी गई। शहरी महिलाओं की बेरोजगारी दर जनवरी, 2026 के 9.8 प्रतिशत से घटकर फरवरी, 2026 में 8.7 प्रतिशत रह गई, जबकि ग्रामीण महिलाओं की बेरोजगारी दर इसी अवधि में 4.3 प्रतिशत से घटकर चार प्रतिशत हो गई।

ग्रामीण महिलाओं की भागीदारी में सुधार

ग्रामीण क्षेत्रों में महिला समग्र श्रम बल सहभागिता दर (एलएफपीआर) जनवरी, 2026 के 39.7 प्रतिशत से बढ़कर फरवरी, 2026 में 40 प्रतिशत हो गई जो ग्रामीण महिलाओं की भागीदारी में सुधार दर्शाता है। वहीं शहरी महिलाओं में एलएफपीआर 25.5 प्रतिशत पर स्थिर रही।

शब्द पहेली - 6167



बाएँ से दाएँ
1.शरीफ,नेकनीयत-5
4.जिसे सुनाई न दे-3
6.मां का भाई-2
7.एकमात्र,सिर्फ एक-3
8.अधिकार-2
10.सिर झुकाना-3
11.दुर्घटना-4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ-3
16.राजदार-4
17.राजा की पत्नी-2
18.वीज, वीर्य-2
19.मीठा पेय पदार्थ-4
21.पानी की बूंद-3
22.अवरोध,बाधा-4
24.मैला,अस्वच्छ-3
25.पानी,जल-2
27.पुत्र,लड़का-3
28.लाश,पार्थिव देह-2
29.थकावट-3
30.मन मोहने वाला-5

ऊपर से नीचे
1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी-5
2.अस्थमा-2
3.राज्य,सल्तनत-4
4.तन,काया,देह-3
5.रास्ता,मार्ग-2
7.नखरा,भुगतान-2
9.डोली उठाने वाले-3
12.बिजली,विद्युत रश्मि-3
13.भद्रता,नेकनियत -4
15.कमल,पंकज-3
16.बुखरा,ज्वर ताप-4
17.आराम,मदद-3
18.घना वन-3
20.मन को भाने वाला -2,3
21.कथा,गाथा-3
22.कहासुनी-4
23.मनन करना-3
24.शराब-2
26.घोड़ागाड़ी-2
28.बढ़ावा देना-2

शब्द पहेली-6166 का हल

■	रा	ह	ज	ली	■	फि	स	ल	ना	■
अ	■	क	हा	र	■	त	न	य	■	बु
ह	क	■	न	व	■	र	म	■	फ	न
म	न	ता	■	ता	क	त	■	या	त	क
क	र	त	ब	■	म	■	त	ल	वा	र
■	■	■	ल	ह	र	दा	र	■	■	■
ला	व	ज	मा	■	बं	■	स	ह	ल	ज
ज	त	न	■	म	द	द	■	म	ग	न
वा	न	■	क	न	■	ह	म	■	न	म
ब	■	त	म	स	■	ली	ट	र	■	त
■	मे	ह	रा	ब	■	ज	र	ब	पत्त	■

सूडोकु नवताल - 6177

कठिनतम

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6176 का हल

2	3	6	8	5	1	4	9	7
9	4	5	7	6	3	8	2	1
1	7	8	2	9	4	6	5	3
3	1	9	6	7	2	5	4	8
5	6	2	1	4	8	3	7	9
7	8	4	5	3	9	1	6	2
4	9	1	3	2	5	7	8	6
8	2	7	4	1	6	9	3	5
6	5	3	9	8	7	2	1	4

MANGAL SEMACHA, BANGALORE

चैत्र नवरात्र का पर्व हम तब मनाते हैं, जब शीत ऋतु का प्रस्थान, ग्रीष्म ऋतु का आगमन हो रहा होता है। यह वसंत ऋतु का समय होता है, जब वृक्षों पर नव कोंपल आ रही होती हैं, बागों में फूल महक बिखेर रहे होते हैं। प्रकृति के इस नवीन वातावरण में हम मां शक्ति की नौ दिन पूरी आस्था के साथ पूजन करते हैं, अपने भीतर आध्यात्मिक चेतना जगाते हैं। यह समय मां शक्ति की उपासना करते हुए, स्त्री की सृजनशक्ति को मान देने का भाव जगाता है।

मां शक्ति की उपासना के साथ नवजीवन का उत्सव

आवरण कथा
डॉ. मोनिका शर्मा

बदलाव की स्वीकार्यता, जीवन को सहज बना देती है। यह पाठ प्रकृति से ज्यादा और कौन पढ़ा सकता है? समय के साथ आगत के स्वागत का भाव एक ओर भावनाओं के मोर्चे पर सुकून देता है तो दूसरी ओर जीवन को गति। मानवीय अनुभूतियों को आस्था के भाव संग जोड़ने का संदेश देते चैत्र नवरात्र, नएपन के ऐसे ही स्वागत-सत्कार का संदेश देते हैं। वासंतिक नवरात्र का यह समय प्रकृति के आंगन में नई कोंपलों के फूटने और रंग-बिरंगे फूलों के खिलने का समय होता है। मां भगवती के अर्चन के इन दिनों में स्त्रियां नवीनता को सहजता से आत्मसात करने का आशीष भी मांगती हैं।

समय के साथ चलने का सुख

आस्था और पूजन-अर्चन से जुड़ीं हमारी परंपराएं प्रकृति से भी गहराई से जुड़ी हैं। यही वजह है कि हर रीत समय के साथ चलने की प्यारी सीख देती है। आस्था की यह राह मन को साधने का भी काम करती है। नई कोंपलों के स्वागत के इस मौसम में मां भगवती की उपासना के नौ दिन आध्यात्मिक चेतना के साथ और शारीरिक नवीनीकरण के दिन होते हैं। नवरात्र में उपवास करने की बात हो या दिनचर्या में सहज बदलाव कर, मां दुर्गा के नौ रूपों की साधना करते हुए मन-जीवन में नयापन लाने के प्रयास, सब कुछ नकारात्मक ऊर्जा के घेरे को कम करने से जुड़ा है। यह समय चेतनामयी आभा को पोसने वाला है। यह चेतना और सकारात्मकता, नई बातों और हालातों को अपनाकर नई शुरुआत करने की मनःस्थिति बनाती है। आमतौर पर स्त्रियां नएपन को स्वीकारने में जरा झिझकती हैं। महिलाओं के लिए समय के साथ सहजता से ढलना-बदलना मुश्किल होता है, जबकि प्रकृति और परंपराओं के इन रंगों को सबसे अधिक स्त्रियां ही जीती, निभाती और मानती हैं। ऐसे में धरा के पोर-पोर में खिलते नएपन और उल्लास के बीच चैत्र नवरात्र में अपनी भीतरी ऊर्जा को जगाने की राह जरूर पकड़ें। सशक्त मन और सजग मस्तिष्क की धनी बन, मां आदिशक्ति से जीवन के हर पड़ाव पर सहजता से जीने और नएपन से जुड़ने का आशीष भी मांगें।

मन को आधार देती आस्था

वैज्ञानिक अध्ययन भी बताते हैं कि रंग, रस और सुगंध में डूबे संपूर्ण पर्यावरण और परिवेश में इंसानी मन में भी नई ऊर्जा का संचार होता है। चैत्र प्रतिपदा से शुरू होने वाले वासंतिक नवरात्र को परिवर्तन का भी काल जाता है। इस दौरान प्रकृति नवीन हो जाती है। धरा का कोना-कोना महकता और सजा-धजा नजर आता है। कोयल की कूक से लेकर खिलते पलाश तक, सब कुछ नवजीवन का सुंदर संदेश देता-सा लगता है। बदलते मौसम के इसी पड़ाव पर मां शक्ति की उपासना से जुड़े श्रद्धा के भाव मन को नया आधार देते हैं। नववर्ष की इस दस्तक पर कई दूसरे सार्थक रिवाज निभाए जाते हैं। ईश्वरीय शक्ति में विश्वास के संग प्रकृति को सहेजना इन परंपराओं का हिस्सा है। नदियों में स्नान करने से लेकर बरगद, पीपल सींचने तक, प्रकृति से जोड़ने वाले कई प्रण नव वर्ष के अवसर पर लिए जाते हैं। इन रिवाजों को निभाने और धरती के सहेजने वाले प्रयासों संग हर स्त्री अपने जीवन में भी नई ऊर्जा उपार्जित कर सकती है। मन की शक्ति को साधते हुए अपने व्यक्तित्व को नए रंग में ढाल सकती है।

श्रद्धा और सृजनशीलता का उत्सव

नवरात्र के नौ दिन एक अनुष्ठान के समान होते हैं। मानसिक ऊर्जा को सहेजने का संकल्प लेने के विशेष दिन। श्रद्धा भाव से जुड़ी यह शक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से रिचार्ज करती है। नवसृजन की सोच को बल देती है। हर मन को नई ऊर्जा देने वाले इस मौसम में ऊर्जामयी प्रकृति से सीखते हुए आगे बढ़ने का प्रेरणादायी सूत्र आध्यात्मिक ही नहीं, व्यावहारिक जीवन की बेहतरी से भी जुड़ा है। यही वजह है कि मां दुर्गा की आराधना और धरती पर हर ओर फैले नएपन के उत्सव में शक्ति को साधने और मन जीवन को नई ऊर्जा देने की रीत घर-घर में रही है। यह समय धरती और मां शक्ति की उपासना करते हुए स्त्री की सृजनशक्ति को मान देने के भाव जगाता है। भारतीय संस्कृति में मातृशक्ति को ही प्राणशक्ति कहा गया है। हर घर में मां की भूमिका बहुत अहम होती है। जीवन देने वाली मां का स्थान सबसे ऊपर माना गया है। नवरात्र का आध्यात्मिक और पारंपरिक पर्व प्रभु श्रीराम द्वारा मां आदिशक्ति की उपासना कर बुराई से लड़ने की शक्ति पाने से भी जुड़ा है। स्त्रियों के लिए भी मां भगवती का पूजन-अर्चन अपने सामर्थ्य को पहचानने का उत्सव ही है। नवरात्र, मुसीबतों के आगे डट कर शक्ति का आह्वान करने का अनुष्ठान है। अपने व्यक्तित्व की प्रफुल्लता, स्फूर्ति और तेजस्विता को बल देते हुए सृजनशील रहने का भाव जगाने का अवसर भी है। a

अपनाएं सही डाइट प्लान व्रत में नहीं बिगड़ेगी सेहत

डाइट सजेशन
शीला सहरावत, डाइटीशियन

आने वाले नवरात्र के दौरान आप अगर एक-दो दिन या पूरे नौ दिन व्रत रखने वाली हैं तो आपको अपने डाइट प्लान पर ध्यान देना चाहिए। इससे आप पूरे दिन एनर्जेटिक रहेंगी और आपकी तबियत भी नहीं बिगड़ेगी।

- फैट के लिए थोड़ा-सा घी या कोल्ड प्रेस्ड ऑयल में व्यंजन पकाएं।
- पूरे दिन में 2-3 सीजनल फ्रूट्स, थोड़ी सब्जी और दूध या दही जरूर खाएं।
- ज्यादा कैलोरी वाली तली हुई चीजों जैसे कुट्टू के पकौड़े, आलू के चिप्स या साबुदाना पापड़ से परहेज करें।
- फलाहार बनाने में सेंधा नमक ज्यादा न डालें क्योंकि यह पानी रिटेंशन बढ़ाता है और सूजन आती है।

नवरात्र के दौरान आप भी जरूर व्रत रखेंगी। लेकिन इस दौरान अगर आप अपनी डाइट का ध्यान नहीं रखेंगी तो कुछ हेल्थ प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। जैसे-कई महिलाओं को व्रत में अन्न और नमक न लेने से एनर्जी में कमी महसूस होने लगती है। शुगर या बीपी की पेशेंट्स भी समझ नहीं पातीं कि व्रत में क्या खाना सही रहेगा। इसलिए हम आपको ऐसा डाइट प्लान बता रहे हैं, जिससे व्रत के दौरान भी आप फिट रहेंगी और आपको कमजोरी या सुस्ती भी महसूस नहीं होगी।

डाइट प्लान बनाएं ऐसा

- नीबू पानी और शहद मिला पानी पीने के साथ ही भिगोए हुए ड्राय फ्रूट्स से दिन की शुरुआत करें।
- लंच से पहले शरीर के टॉक्सिंस निकालने के लिए एक गिलास डिटॉक्स ड्रिंक जैसे नीबू पानी, छाछ या नारियल पानी को डाइट में अवश्य शामिल करें।
- रात के खाने में आप अंगूर, आम, अनानास जैसे खट्टे फल न खाएं। ये एसिडिटी की समस्या को बढ़ा सकते हैं।
- व्रत की डाइट में कार्ब्स, प्रोटीन, फाइबर और हेल्दी फैट का बैलेंस बनाएं।
- ज्यादा तेल या चीनी डाइट में न शामिल करें। ज्यादा चीनी वाले या क्रीमी डेजर्ट्स से भी बचें।
- कार्ब्स के लिए हल्के और कम कैलोरी वाले सामक के चावल शामिल करें।
- फाइबर से भरपूर कुट्टू की रोटी शामिल करें, इससे भूख कंट्रोल रहती है।
- फाइबर से भरपूर और कम कैलोरी वाली सब्जियां जैसे लौकी, कद्दू, शकरकंद, खीरा या टमाटर को अपनी डाइट में शामिल करें।
- फलों में नेचुरल शुगर देने वाले सेब, पपीता, अनार या केला शामिल करें।
- प्रोटीन के लिए राजगिरा का दलिया, लो फैट पनीर, दही या नट्स जैसे बादाम, अखरोट लें। ये भूख कंट्रोल करते हैं।
- आलू ज्यादा न खाएं क्योंकि ये स्टार्च से भरपूर है और कैलोरी बढ़ाता है।
- पैकेज्ड फूड अवॉइड करें, क्योंकि उनमें चीनी और नमक ज्यादा होता है।
- व्रत के दौरान चाय-कॉफी ज्यादा न पिएं, इसके बजाय हर्बल टी लें।

डायबिटिक-बीपी पेशेंट्स की डाइट

डायबिटीज और हाई बीपी (हाइपरटेंशन) के मरीजों को व्रत के दौरान विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

क्या खाएं: डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर के मरीज, दिन में थोड़ा-थोड़ा खाकर, हाइड्रेटेड रहकर और तले-भुने से बचकर व्रत रख सकती हैं। कुट्टू, सिंघाड़े के आटे की रोटी, सामक के चावल, दही, मखाना, पनीर और लौकी, कद्दू की सब्जी का सेवन करें। भोजन में लो-फैट दही, छाछ, पनीर और दूध शामिल करें। स्नैक्स में भुने हुए मखाने, बादाम, अखरोट लें।

क्या न खाएं: डीप फ्राइड भोजन जैसे कुट्टू, सिंघाड़े के आटे की पूड़ी, पकौड़े खाने से परहेज करें। डायबिटीज के मरीज ज्यादा मीठे फल जैसे केला, लीची, चीकू, अनानास, सूखे खजूर (ड्राय डेट्स) और खोए की मिठाई न खाएं। हाई बीपी के मरीज सेंधा नमक भी कम मात्रा में लें। साबूदाना न खाएं क्योंकि इसमें हाई ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाला पदार्थ होता है, जिसके कारण इसमें कार्ब्स ज्यादा और फाइबर कम होते हैं, जिससे शुगर बढ़ सकता है। डायबिटीज के मरीज पैक्ड फ्रूट्स जूस से दूरी बनाएं। a प्रस्तुतिः ललिता गोयल

भावनात्मक रूप से बनिए मजबूत

सलाह
प्रतिभा अग्निहोत्री

आज महिलाएं हर क्षेत्र में बड़ी कुशलता से काम कर रही हैं, देश के विकास में अपना योगदान दे रही हैं। वे घर-परिवार, करियर और अन्य जिम्मेदारियों को एक साथ निभा रही हैं। इन सभी जिम्मेदारियों के बीच अकसर उन्हें अनेक प्रकार के मानसिक-भावनात्मक दबाब का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अगर महिलाएं भावनात्मक रूप से मजबूत होंगी तो वे हर परिस्थिति का सामना आसानी से कर सकेंगी, वहीं दूसरी ओर भावनात्मक रूप से कमजोर महिलाएं छोटी-छोटी बात पर घबरा जाएंगी। कई बार तो वे अंदर-अंदर घुटती रहती हैं, तनाव का शिकार हो जाती हैं, जिससे उनकी सेहत पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। कभी-कभी वे अनेक बीमारियों का शिकार हो जाती हैं। इस दृष्टि से नवरात्र में आप नौ दिन माता की पूजा करें। अध्यात्म, ईमान की आत्मशक्ति को बढ़ाता है, भावनात्मक रूप से मजबूत बनाता है, इससे आप जीवन में आने वाली कठिनाइयों का मुकाबला आसानी से कर सकेंगी।

अपनी भावनाओं को स्वीकार करें: हमारा समाज महिलाओं से दूसरों का ध्यान रखने और अपनी भावनाओं को दबाकर रखने की उम्मीद करता है। कई बार महिलाएं न चाहते हुए, मन मारकर थके शरीर से भी दूसरों के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करती हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। इसलिए आप अपनी भावनाएं समझें और तनाव से बचें। यदि आवश्यकता हो तो किसी भरोसेमंद व्यक्ति से साझा करें ताकि आपका मन हल्का हो।

बढ़ाएं आत्मविश्वास: अकसर आत्मविश्वास के अभाव में महिलाएं सही निर्णय नहीं ले पातीं, उन्हें अपने आप पर भरोसा नहीं होता। इससे बचने के लिए आप अपने शौक, रुचि और क्षमता को पहचानकर उसका विकास करें। संभव है तो इसे अपना प्रोफेशन बनाएं। अपनी छोटी-छोटी उपलब्धियों पर गर्व करें, खुश हों।

सोच सकारात्मक रखें: जीवन में सुख-दुःख आते-जाते रहते हैं। ऐसे में हर परिस्थिति में खुद को सकारात्मक रखकर आप बड़ी से बड़ी समस्या का समाधान निकाल सकती हैं। नकारात्मक सोच आपको भावनात्मक रूप से कमजोर बनाती है, वहीं सकारात्मक सोच आपके आत्मविश्वास में वृद्धि करती है।

घर के सदस्यों से लें सहयोग: घर-बाहर के सभी काम खुद ना करके परिवार के अन्य सदस्यों से उनकी क्षमता के अनुसार सहयोग लें। इससे उनकी कार्यक्षमता का तो विकास होगा, वहीं आपका काम आसान हो जाएगा। आप अपने लिए कुछ समय निकाल सकेंगी।

मन का करें: लोग क्या कहेंगे, यह सोचकर अपने मन को बार-बार मारने की जगह अपने मन के काम भी जरूर करें। मन का पहनें, मन का खाएं अगर सिंगिंग, डांसिंग या राइटिंग का शौक हो तो अपने रूटीन में से समय निकालकर उसे पूरा करें। इससे शरीर में डोपामाइन हार्मोन रिलीज होगा और आप भावनात्मक रूप से मजबूत बनेंगी। a

स्किन केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

गर्मी के मौसम में बढ़ते तापमान, धूप और पसीने की वजह से कई स्किन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इनसे बचने के लिए स्किन का हाइड्रेटेड होना जरूरी है। जानिएं ऐसे तरीके, जिनसे आपकी स्किन हाइड्रेट रहेगी।

गर्मी में भी स्किन बनी रहेगी हाइड्रेटेड

अब धीरे-धीरे तापमान बढ़ने के साथ गर्मी के मौसम का प्रभाव बढ़ने लगा है। इसका असर आपकी स्किन को भी नुकसान पहुंचा सकता है। धूप से होने वाली टैनिंग और सनबर्न से त्वचा काली पड़ने लगती है। गर्मियों में चिलचिलाती धूप, प्रदूषण, आद्रता और धूल-मिट्टी, चेहरे की नेचुरल ग्लो को खत्म कर देती है, जिससे त्वचा बेजान दिखाई देने लगती है। अगर आप चाहती हैं कि आने वाले दिनों में भी आपका चेहरा ग्लो करे और स्किन संबंधी समस्याएं नहीं हों तो यहां बताए जा रहे टिप्स अपनाने होंगे।

सनस्क्रीनः धूप में घर से बाहर जाने से पहले स्किन पर सनस्क्रीन का इस्तेमाल आपको सनबर्न से बचाएगा। तेज धूप में 30 एसपीएफ या इससे ऊपर वाली सनस्क्रीन का इस्तेमाल फायदेमंद होता है। चेहरे को ढंक कर तेज धूप में बाहर निकलना चाहिए। अगर संभव हो तो आने वाले दिनों में दोपहर 11 बजे से शाम 4 बजे तक घर से बाहर निकलने से परहेज करें, क्योंकि इस दौरान ज्यादा गर्मी और धूप होती है। सनस्क्रीन के साथ-साथ मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल जरूर करें। दरअसल, इसका प्रयोग न करने से चेहरे की नमी खोने लगती है, इससे कील-मुंहासों संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ता है।

ग्लिसरीन-शहद-कच्चा दूधः एक चम्मच ग्लिसरीन, एक चम्मच शहद और एक चम्मच कच्चा दूध लेकर पेस्ट बना लें। इसे चेहरे पर लगाकर कुछ समय बाद ताजे साफ पानी से धो डालिए। इससे आपकी त्वचा कोमल और चमकदार बनी रहेगी।

खीरा-पुदीना-डिस्टिल्ड वॉटरः खीरे को 4 या 5 लंबे टुकड़ों में काट लें। डिस्टिल्ड वॉटर और पुदीने की पत्तियों के साथ एयर टाइट डिब्बे में पैक करके 1 घंटे के लिए फ्रिज में रख दें। इस पानी को छानकर अलग स्प्रे बॉटल में डाल लें। फ्रिज में स्टोर करें और स्किन पर इसे अप्लाई करें। यह मिस्ट स्प्रे गर्मी में स्किन को कूल और फ्रेश रखेगा। रैशेज से भी बचाएगा।

खीरा और नारियल पानीः खीरे को कद्दूकस कर उसका जूस निकाल लें। इसे ठंडा होने के लिए फ्रिज में 20-25 मिनट के लिए रख दें। इसके बाद इसमें 1 कप नारियल पानी मिलाएं और अच्छी तरह से मिक्स करके स्प्रे बॉटल में भर लें। यह मिस्ट स्किन टोनर का काम करेगा।

गुलाब जल टोनरः एक खीरे के जूस, एक चम्मच गुलाब जल को एक कप मिनरल वॉटर में डालकर स्किन टोनर बना लें। इसके उपयोग से स्किन टोनिंग के अलावा त्वचा मुलायम हो जाएगी।

आइसिंग है कारगरः गर्मी के मौसम में चेहरे पर बर्फ लगाने से स्किन को पोषण मिलता है, जिससे त्वचा फ्रेश नजर आती है। इससे रिंकल्स और फाइन लाइंस कम नजर आती हैं। कील मुंहासे कम होते हैं। आइसिंग करने से त्वचा को हाइड्रेटेड रहती है।

मेकअप करें रिमूवः सोने से पहले मेकअप उचित तरीके से हटाने से त्वचा स्वस्थ और चमकदार बनी रहती है। इससे मुंहासे और अन्य त्वचा संबंधी समस्याओं का खतरा कम हो जाता है। मेकअप हटाने के लिए आप नारियल तेल, ऑलिव ऑयल, एलोवेरा जैल, दूध या शहद का उपयोग कर सकती हैं। a

सिनर ने मेदवेदेव को हराकर जीता इंडियन वेल्स खिताब, एरिना सबालेंका बनीं पहली बार चैंपियन

इंडियन वेल्स। यानिक सिनर ने दूसरे सेट के टाइब्रेकर में लगातार सात अंक बनाकर पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दानिल मेदवेदेव को 7-6, 7-6 से हराकर पहली बार एक भी सेट गंवाए बिना इंडियन वेल्स खिताब जीता । दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर ने मेदवेदेव को पिछले दस मुकाबलों में नौवीं बार हराया। मेदवेदेव ने सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज को मात दी थी। वहीं महिला वर्ग में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने एलेना रिबाकिना को 3-6, 6-3, 7-6 से हराकर खिताब जीता। इससे पहले 2023 और 2025 में उपविजेता रही सबालेंका का यह पहला खिताब है।

सिनर ने पूरे मैच में बनाए रखा दबदबा

कैलिफोर्निया के रेगिस्तानी मौसम में खेले गए इस मुकाबले में सिनर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा। उन्होंने मैच के दौरान 28 विनर्स और 10 ऐस लगाए तथा नेट पर खेले गए सभी आठ अंकों में सफलता हासिल की। पहला सेट काफी रोमांचक रहा। मेदवेदेव ने आक्रामक शुरुआत करते हुए सिनर पर लगातार दबाव बनाया और स्कोर 6-5 तक पहुंचाया, लेकिन सिनर ने वापसी करते हुए मुकाबले को टाइब्रेक तक पहुंचा दिया। टाइब्रेक में इतालवी खिलाड़ी ज्यादा सटीक साबित हुए और 7-6(6) से पहला सेट अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में भी दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। सिनर ने पांचवें गेम में बिना कोई अंक गंवाए ब्रेक लेकर 3-2 की बढ़त बनाई, लेकिन मेदवेदेव ने हार नहीं मानी और स्कोर 6-6 कर दिया, जिससे मैच एक और टाइब्रेक में पहुंच गया। टाइब्रेक में मेदवेदेव ने 4-0 की बढ़त बना ली थी, लेकिन सिनर ने शानदार वापसी करते हुए लगातार अंक हासिल किए और 7-4 से टाइब्रेक जीतकर मैच अपने नाम कर लिया।

जोकोविच-फेडरर के विशेष क्लब में सिनर शामिल

इस जीत के साथ सिनर इतिहास में ऐसे तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने सभी छह एटीपी मास्टर्स 1000 हार्ड-कोर्ट खिताब जीते हैं। इस उपलब्धि के साथ वह टेनिस के दिग्गज नोवाक जोकोविच और रोजर फेडरर के विशेष क्लब में शामिल हो गए। साल का यह उनका पहला खिताब है। इसके साथ ही वह 1990 के बाद पहले खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने लगातार दो मास्टर्स 1000 खिताब बिना एक भी सेट गंवाए जीते हैं। पेरिस में पिछले वर्ष जीते खिताब से शुरू हुई उनकी जीत की लय इस श्रेणी में 11 मैचों तक पहुंच गई है।

सिनर ने मेदवेदेव को पिछले दस मुकाबलों में नौवीं बार हराया

मैंने लगातार विश्वास बनाए रखा : सिनर

मैच के बाद सिनर ने कहा, मैं लगातार विश्वास बनाए रखता रहा और अपने शॉट्स खेलने की कोशिश करता रहा। अगर तीसरा सेट होता तो मुकाबला बराबरी से शुरू होता, इसलिए मैंने मैच खत्म करने की पूरी कोशिश की और इस जीत से बेहद खुश हूं।"

सबालेंका ने रोमांचक मुकाबले में जीता मैच

यह मुकाबला बेहद रोमांचक रहा और निर्णायक सेट का फैसला टाइब्रेक में हुआ। गर्म मौसम में खेले गए इस मैच में सबालेंका ने तीसरे सेट में 5-4 पर जीत का मौका गंवा दिया था, लेकिन टाइब्रेक में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए बैकहैंड विनर के साथ मैच अपने नाम कर लिया।

हेड-टू-हेड में सबालेंका को बढ़त : यह दोनों खिलाड़ियों के बीच 16वां मुकाबला था, जिसमें अब सबालेंका 9-7 से आगे हो गई हैं। इससे पहले रिबाकिना ने 2025 के डब्ल्यूटीए फाइनल्स और इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन में सबालेंका को हराया था। खिताब जीतने के बाद सबालेंका के पास जश्न मनाने के लिए ज्यादा समय नहीं है। उन्हें मियामी ओपन के लिए रवाना होना था, जहां वे डिफेंडिंग चैंपियन हैं। उन्होंने मजाक में कहा कि शायद फ्लाइट में एक-दो ड्रिंक के साथ जश्न मना लें, क्योंकि मियामी में खिताब बचाने के लिए उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलना होगा। 27 वर्षीय सबालेंका ने अपने खिताबी सफर के दौरान छह मैच में सिर्फ एक सेट गंवाया। यह उनके 11 साल के प्रोफेशनल कॅरियर का 23वां एकल खिताब है। इनमें चार ग्रैंड स्लैम शामिल हैं। इसके अलावा उनके नाम छह युगल खिताब भी हैं।

सबालेंका ने रिबाकिना को 3-6 6-3 7-6 से दी मात

मानसिक मजबूती बनी जीत की कुंजी : सबालेंका

मैच के बाद सबालेंका ने कहा कि उनका लक्ष्य पूरे मुकाबले में मानसिक रूप से मजबूत बने रहना था। उन्होंने बताया कि चाहे परिस्थिति कैसी भी हो, उन्हें अपने बॉडी लैंग्वेज से यह दिखाना था कि वे लड़ाई जारी रखेंगी। सबालेंका के लिए यह समय खास रहा है।

खबर संक्षेप

एफआईएच हॉकी नेशन कप में भाग लेगी महिला हॉकी टीम

लुसाने। भारतीय महिला हॉकी टीम न्यूजीलैंड के आकलैंड में 15 से 21 जून तक होने वाले एफआईएच नेशंस कप में भाग लेगी। हॉकी नेशंस कप की शुरुआत 2021 में हुई थी, जो हॉकी प्रो लीग से बाहर सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाली टीमों का शीर्ष स्तरीय टूर्नामेंट है। इसमें विजयी टीम को अगले सत्र में प्रो लीग में जगह मिलती है। भारत के अलावा इसमें मेजबान न्यूजीलैंड, अमेरिका, जापान, कोरिया, चिली, स्कॉटलैंड और फ्रांस भी भाग लेंगे। पुरुषों का टूर्नामेंट केपटाउन में खेला जाएगा, जिसमें दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, फ्रांस, कोरिया, जापान, वेल्स, मलेशिया , आयरलैंड और स्कॉटलैंड की टीमें हिस्सा लेंगी। यह टूर्नामेंट 11 से 20 जून तक खेला जाएगा।

इंडियन ओपन को पीडब्ल्यूआर 1000 स्पर्धा के रूप में मान्यता

नई दिल्ली। भारतीय पिकलबॉल संघ (आईपीए) ने अप्रैल में हैदराबाद में होने वाले इंडियन ओपन के चौथे सत्र को पीडब्ल्यूआर 1000 स्पर्धा के रूप में मान्यता दी है। ग्लोबल स्पोर्ट्स की ओर से आयोजित इस टूर्नामेंट के पिछले तीन सत्र में सभी वर्गों में 19 देशों के चार हजार से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले चुके हैं। चौथे सत्र में 1500 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे और 56 वर्गों में इसकी कुल इनामी राशि 50 हजार डॉलर है। आयोजकों ने कहा,'आईपीए से मंजूरी मिलने से उस व्यवस्था को वैधता मिल गई है,जिसकी भारतीय पिकलबॉल के पारिस्थितिकी तंत्र में कमी थी।'

भारतीय क्रिकेट का दबदबा का समय आ गया : मिताली

नई दिल्ली। मिताली राज ने कहा है कि विश्व स्तर पर भारतीय क्रिकेट के दबदबे का उनका बरसों पुराना सपना सच हो रहा है जबकि पुरुष टीम, महिला टीम और जूनियर टीमों ने हाल ही के वर्षों में बड़े आईसीसी खिताब जीते हैं। पिछले कुछ साल में भारतीय पुरुष टीम ने 2024 और 2026 टी20 विश्व कप, महिला टीम ने पहला वनडे विश्व कप जीता। मिताली ने कहा,' मैं बरसों से चाहती थी कि भारतीय क्रिकेट का दबदबा हो और अब वह समय आ गया है।'

आईपीएल : मुंबई इंडियंस ने शुरू की प्रैक्टिस

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई इंडियंस ने आईपीएल की तैयारी शुरु कर दी है। मुख्य कोच महेला जयवर्धने की देखरेख में टीम ने पहला सीजन का पहला ट्रेनिंग सेशन पूरा किया। जयवर्धने ने गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे, लसिथ मलिंगा और फील्डिंग कोच कार्ल हॉपकिंसन के साथ अभ्यास सत्र को संचालित किया। टीम के स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग और फिजियोथेरेपी स्टाफ भी मौजूद थे।

पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस आईपीएल 2026 का पहला मुकाबला 29 मार्च को अपने होम ग्राउंड वानखेड़े स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेलेगी। कोच जयवर्धने ने कहा, प्री-सीजन के पहले दिन हमेशा कुछ खास होता है। आप देखते हैं कि खिलाड़ी अंदर आते हैं, एनर्जी बनती है। मकसद मजबूत शुरुआत करना होता है। हमारे पास ऐसे लड़के हैं, जो इस फ्रेंचाइजी को बेहतर तरीके से जानते हैं। कुछ नए चेहरे भी आए हैं। पहला दिन पूरे कैंपेन का माहौल तय करता है। हम चाहते थे कि हर कोई पहले सेशन से ही यह महसूस करे कि हम कैसे ट्रेनिंग करते हैं, कैसे तैयारी करते हैं, और हम एक-दूसरे के लिए कैसे पेश आते हैं।

29 मार्च को पहला मुकाबला

सीरियस काम की शुरुआत

जयवर्धने ने कहा, ओपनिंग सेशन टूर्नामेंट से पहले सीरियस काम की शुरुआत है। पहला सेशन हमेशा रोमांचक होता है, लेकिन यह गंभीरता की शुरुआत भी है। हम जानते हैं कि हम किस ओर बढ़ रहे हैं। सेशन निर्धारित शेड्यूल के मुताबिक हुआ। स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग स्टाफ ने खिलाड़ियों को मूवमेंट ड्रिल, एजिलिटी रूटीन और फिटनेस असेसमेंट से गुजारा ताकि मुश्किल सीजन से पहले उनकी तैयारी का अंदाजा लगाया जा सके। नए आईपीएल कैंपेन से पहले तैयारियों के तेज होने के साथ ही आने वाले दिनों में बाकी टीम के कैंप में शामिल होने की उम्मीद है। मुंबई इंडियंस ने अपने सोशल मीडिया पेज पर ट्रेनिंग सेशन की कुछ झलकियां साझा की हैं। सेशन में शामिल होने वाले खिलाड़ियों में शार्दुल ठाकुर, मयंक मारकंडे, अल्लाह गजनफर, नमन धीर, राजा अंगद बावा, रॉबिन मिंज, शर्मा, मयंक रावत, मालेवार, मोहम्मद इजहार और अश्विनी कुमार शामिल रहे।

चिन्नास्वामी स्टेडियम में होंगे आईपीएल मैच

बेंगलुरु। कर्नाटक सरकार ने कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में इस साल होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैचों की मेजबानी करने की औपचारिक मंजूरी दे दी। इसके साथ ही इस स्टेडियम में आईपीएल मैचों के आयोजन को लेकर पिछले लंबे समय से चली आ रही अनिश्चितता भी समाप्त हो गई। पिछले साल आरसीबी के चैंपियन बनने के बाद यहां आयोजित किए गए समारोह के दौरान मची भगदड़ में कुछ लोगों की जान चली गई थी। आईपीएल 28 मार्च से शुरू होगा, जिसमें मौजूदा चैंपियन आरसीबी उद्घाटन मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना करेगा। यह मैच पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। केएससीए के प्रवक्ता विनय मृत्युंजय ने कहा, 'बैठक के दौरान विशेषज्ञ समिति ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में की गई तैयारियों और उपायों के संबंध में रिपोर्ट पेश की।

क्रिकेट

सूर्या ने कहा- टी-20 में हाथ सेट, टेस्ट की ख्वाहिश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सूर्यकुमार यादव का कहना है कि वह टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहते हैं, वनडे क्रिकेट उन्हें रास नहीं आता, लेकिन टी20 उनकी ताकत है क्योंकि ''उसमें उनका हाथ सेट हो गया है।' सूर्यकुमार ने कहा, 'आपकी किस्मत में जो लिखा होता है, आपको वही मिलता है। मैंने भी लाल गेंद से क्रिकेट खेलना शुरू किया था और 10-12 साल तक रणजी ट्राफी खेली। मैंने मुंबई में लाल गेंद से बहुत क्रिकेट खेली है क्योंकि अगर आप मुंबई में पले बढ़े होते हैं तो आप लाल गेंद से ही शुरुआत करते हैं, इसलिए सब कुछ लाल गेंद के इर्द-गिर्द ही घूमता है।' उन्होंने कहा, 'लेकिन धीरे-धीरे जब हमने सफेद गेंद से क्रिकेट खेलना शुरू की तो मेरा झुकाव थोड़ा उसकी तरफ हो गया। इसके बाद मैं इस प्रारुप (टी20) में दिलचस्पी लेने लगा। मैंने वनडे (50 ओवर की क्रिकेट) में भी अच्छा खेलने की बहुत कोशिश की लेकिन कुछ खास नहीं कर पाया।' भारतीय कप्तान ने कहा, 'टी20 क्रिकेट में जैसा चल रहा था, उसमें अपना हाथ सेट हो गया है, ऐसा बोल सकते हैं।'

टीसीएस वर्ल्ड 10के में हिस्सा लेंगे किबेट और एड्रिस

बेंगलुरु। युगांडा के हार्बर्ट किबेट और इथियोपिया के 5000 मीटर में दो बार के विश्व चैंपियन मुख्तार एड्रिस 26 अप्रैल को होने वाली टीसीएस वर्ल्ड 10के (10 किमी) बेंगलुरु प्रतियोगिता के मुख्य आकर्षण होंगे। इस प्रतियोगिता को विश्व एथलेटिक्स से गोल्ड लेवल का दर्जा हासिल है। इसकी कुल पुरस्कार राशि 210000 अमेरिकी डॉलर है। इसमें पुरुष और महिला वर्ग में विजेता रहने वाले खिलाड़ी को 26000 अमेरिकी डॉलर के अलावा कोर्स रिकॉर्ड बनाने पर बोनस धनराशि भी मिलेगी। पुरुष वर्ग में किबेट पर सबकी नजर रहेगी। इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने दो साल पहले विश्व जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई थी।

न्यूजीलैंड को झटका, साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 मैच नहीं खेलेंगे जैकब्स

हैमिल्टन। न्यूजीलैंड को साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के बीच झटका लगा है। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने बताया कि बल्लेबाज बेवन जैकब्स घुटने में चोट लगने के कारण सेडन पार्क में साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 मैच से बाहर हो गए हैं। बेवन जैकब्स की जगह ब्लैककैप्स टीम में कैप्टेन क्लार्क को शामिल किया जाएगा। क्लार्क को पहले डेन क्लीवर, जेडन लेनोक्स और टॉम लैथम के साथ चौथे और पांचवें टी20 मुकाबलों के लिए न्यूजीलैंड की टीम में शामिल किया जाना था। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा, पहले टी20 मैच के दौरान फील्डिंग करते समय जैकब्स अपने बाएं घुटने के बल गिर गए थे, जिसके बाद उन्हें मैदान से बाहर ले जाना पड़ा। स्कैन से पता चला कि उनके घुटने के किनारे की हड्डी में चोट (बोन ब्रूजिंग) लगी है। जैकब्स के दोबारा खेलने के समय का पता लगाने के लिए अभी और जांच की आवश्यकता है। न्यूजीलैंड ने बे ओवल में खेले गए सीरीज के पहले मैच को 7 विकेट से गंवा दिया था।



ऑरलियन्स मास्टर्स : आयुष और तन्वी करेंगे भारतीय चुनौती की अगुवाई, प्रणय हटे

एजेंसी ▶▶| ऑरलियन्स

एचएस प्रणय के कंधे की चोट के कारण टूर्नामेंट से हटने के बाद युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी और तन्वी शर्मा मंगलवार से शुरू होने वाले 250,000 अमेरिकी डॉलर इनामी ऑरलियन्स मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। प्रणय को पहले दौर में चीनी ताइपे के शीर्ष वरीयता प्राप्त चाउ टिएन चेन से भिड़ना था, लेकिन पिछले सप्ताह बासेल में स्विस ओपन के दौरान उनके कंधे में काफी दर्द हो गया था, जिसके कारण उन्हें इस टूर्नामेंट से हटना पड़ा। उन्होंने कहा, 'मुझे तब कंधे में दर्द का कारण पता नहीं था और इसलिए मैंने टूर्नामेंट से नाम वापस लेने और स्वदेश लौटने का फैसला किया।

कार्यालय नगर पालिका परिषद् हरदा जिला हरदा (म.प्र.)

Email-cmoharda@mpurban.gov.in
https://nagarpalikaharda.org
conn. 07577222238
Toll free No 18002331353

क्रमांक ...../जनस्वास्थ्य/2026 हरदा दिनांक 13.03.2026

प्रारूप - 28
(नियम 91 (1) (क) (ii)
ई नगर पालिका आमंत्रण सूचना का प्रारूप
मध्यप्रदेश शासन
नगर पालिका का नाम - नगर पालिका परिषद हरदा

एन.आई.टी संख्या संख्या 1411/ ई-टेंडरिंग

निम्नलिखित निर्माण/आपूर्ति / सेवाओं के लिए निविदा मापदंडो को पूरा करने वाले ठेकेदारों / कंसल्टेंट्स और प्राप्त फर्म्स से ऑनलाईन निविदा आंमत्रित है।

क्रं. सं. / पैकेज	निर्माण कार्य / आपूर्तियों / सेवाऐं	जिला	संभावित राशि	समापन अवधि (माह)
2026_UAD_490035_1	नगर पालिका परिषद हरदा में स्वच्छ भारत मिशन 2.0 (शहरी) अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण केन्द्र में मटेरियल रिकवरी फेसिलिटी हेतु विभिन्न प्रकार की मशीनरी क्रय (with Installation & Testing Complete)	हरदा	70.00 लाख रू.	01 माह

1. इच्छुक बोलीदाता www.mptenders.gov.in वेबसाइट पर एनआईटी देख सकता हैं।
2. निविदा दस्तावेज सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर दिनांक 13.03.2026 समय 10:10 AM से 13.04.2026 समय 5:30 PM बजे तक ऑलनाईन क्रय किये जा सकते हैं।
3. एनआईटी में संशोधन, यदि कोई होता है, तो केवल, वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्र में नहीं।
4. किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो कृपया श्री विवेक दुबे उपयंत्री मोबाईल नं 9425044254 पर संपर्क करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद हरदा | अंशुल आलोक गोयल उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद हरदा | भारती राजू कमेडिया अध्यक्ष नगर पालिका परिषद हरदा

कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)

// निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

क्रं.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी.	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1.	PRO- 983 DATE - 16.03.2026 2026_UAD_491200_1	सं.क्रं.-06 अंतर्गत पं. गोविंद वल्लभ पंत वार्ड में पंचशील के पीछे चौरसिया से लेकर बंसत पैगवार तक सड़क का निर्माण कार्य (अध्यक्ष मद)	तीन माह / 8.65 लाख	2000/- / 8654/-	01/04/2026
2.	PRO- 983 DATE - 16.03.2026 2026_UAD_491200_2	सं.क्रं.-06 अंतर्गत पं. गोविंद वल्लभ पंत वार्ड में धुबियाना मोहल्ला गोहलपुर रोड राजा रजक निवास से विनय जानोकर निवास तक क्षतिग्रस्त रोड का सीमेंटीकरण	तीन माह / 3.69 लाख	2000/- / 3692/-	

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन-लाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर निगम, जबलपुर

जिला सत्र न्यायालय के कोर्ट नं. 2 के समीप ही हुई घटना

हाईकोर्ट में भ्रूण के बाद अब धमाका

बम फटने से वकीलों और पक्षकारों में मची अफरातफरी

हरिभूमि जबलपुर।

न्यायालय की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पर सवाल उठने लगे। अभी हाल ही में एक याचिकाकर्ता भ्रूण लेकर प्रवेश कर गया था, जिससे हाईकोर्ट में हड़कंप मच गया था। इस घटना के बाद सोमवार को जिला कोर्ट में बम के धमाके ने सनसनी फैला दी। घटना की जानकारी मिलते ही ओमती पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। बताया गया है कि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गेट नंबर 2 के पास सोमवार की दोपहर अचानक एक धमाका हुआ, मौके पर सुअरमार बम फटने के संकेत मिले। मामले की गंभीरता को देखते हुए रजिस्ट्रार ने सीसीटीवी फुटेज की जांच के निर्देश दिए हैं।

धमाके की आवाज सुनते ही परिसर में मौजूद वकीलों, कर्मचारियों और पक्षकारों में दहशत फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक फटने वाली वस्तु बम जैसी लग रही थी। हालांकि कुछ ही देर में हालात काबू में कर लिए गए। एहतियात के तौर पर कोर्ट कक्ष खाली करा लिया गया और आसपास का इलाका सुरक्षित किया गया। घटना के बाद न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं, क्योंकि धमाका संवेदनशील क्षेत्र में हुआ। ओमती पुलिस घटना की जांच कर रही है।

पुराने विद्यालय की जगह मंगल भवन एवं चौपाटी के निर्माण को चुनौती खारिज

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया जिसमें पुराने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को गिराकर उस पर मंगल भवन सामुदायिक भवन एवं चौपाटी के निर्माण को चुनौती दी गई थी। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा एवं जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने पाया कि मंगल भवन का निर्माण शासन की स्वीकृत योजना है और इसके लिए विभागों से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है, ऐसे में जनहित याचिका निराधार प्रतीत होती है। याचिकाकर्ता ने याचिका वापस लेने का अनुरोध किया, जिसे स्वीकार कर लिया गया। अनूपपुर के बिजुरी में रहने वाले विजय कुमार गुप्ता ने नगर पालिका बिजुरी द्वारा किए गए निर्माण को चुनौती दी थी। आरोप लगाया गया कि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल के मैदान पर अतिक्रमण करके मंगल भवन एवं चौपाटी का निर्माण किया जा रहा है। अनावेदक नगर पालिका बिजुरी की ओर से अधिवक्ता मनोज कुशवाहा ने दलील दी कि उक्त मंगल भवन मुख्यमंत्री नगरीय अधोसंरचना निर्माण योजना के अंतर्गत बनाया जा रहा है। इसके लिए आयुक्त नगर प्रशासन एवं विकास भोपाल के द्वारा स्वीकृत दी गई है। साथ ही नगर पालिका परिषद बिजुरी के द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पारित किया गया। इसके अलावा क्षतिग्रस्त और जर्जर हो चुके कन्या शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को कलेक्टर के आदेश के द्वारा गिराया गया। स्कूल को अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया गया है। मंगल भवन आमजन की सुविधा के लिए बनाया जा रहा है जिसका प्लान सभी विभागों द्वारा स्वीकृत है। इसके अलावा मंगल भवन निर्माण के अलावा भी खेल का मैदान बचा हुआ है।

500 घनमीटर रेत नदी में बहाकर की नष्ट

भड़पुरा में अवैध रेत भंडारण पर बड़ी कार्रवाई

जबलपुर। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार अनुविभागीय राजस्व अधिकारी शहपुरा मदन सिंह रघुवंशी एवं खनि अधिकारी ए के राय के नेतृत्व में खनिज एवं राजस्व विभाग के संयुक्त दल द्वारा शहपुरा तहसील के ग्राम भड़पुरा में नर्मदा नदी घाट क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान नदी तट के समीप विभिन्न स्थानों पर करीब 500 घन मीटर बजरी (रेत) का बेतरतीब ढंग से किया गया अवैध भंडारण पाया गया। दल द्वारा मौके पर उपस्थित लोगों एवं स्थानीय स्तर पर भंडारित रेत के मालिकाना हक के संबंध में साक्ष्य तथा वैध दस्तावेज मांगे गए। पर्याप्त समय व्यतीत होने के बाद भी किसी भी व्यक्ति और संस्था द्वारा स्वामित्व अथवा वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये जाने पर पंचनामा तैयार कर भंडारित रेत की कुछ मात्रा को पुनः नदी में प्रवाहित कर दिया गया तथा शेष बजरीयुक्त रेत को मौके पर ही मटियामेट कर नष्ट करने की कार्यवाही की गई ताकि इसका पुनः अवैध विक्रय न किया जा सके। निरीक्षण दल में नायब तहसीलदार राघवेंद्र पटेल, खनिज निगम के कनिष्ठ प्रबंधक जितेंद्र सिंह चंदेल, खनि निरीक्षक विवेकानंद यादव सहित राजस्व एवं खनिज विभाग का मैदानी अमला शामिल था।

2 आरोपियों से पुलिस ने बरामद किए 15 वाहन

चोरी के वाहनों के पार्टस बदलता था मैकेनिक

जबलपुर। माढ़ोताल पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया। उससे पूछताछ के बाद पता चला कि एक वाहन मैकेनिक के यहां चोरी के वाहनों को खड़ा करके बेच दिया जाता था और उसके पार्टस निकालकर बेच दिए जाते थे। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर चोरी के 15 वाहन जब्त किए हैं। आरोपी ने 12 वाहन जबलपुर से और 3 वाहन रायपुर छत्तीसगढ़ से चोरी करना स्वीकार किया । इन आरोपियों के कब्जे से चोरी के कई वाहन और कलपुर्जे बरामद हुए हैं।

इस तरह पुलिस के हाथ लगा मुख्य आरोपी

माढ़ोताल पुलिस के मुताबिक वाहन चोरी के मामलों की गहन जांच के दौरान पुलिस ने शहर के विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। इन फुटेज के आधार पर पुलिस ने पाटन बायपास क्षेत्र में घेराबंदी कर राजीव गांधी नगर माढोताल निवासी 48 वर्षीय राकेश श्रीवास को पकड़ा। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह लंबे समय से शहर के अलग-अलग इलाकों से दोपहिया वाहनों की चोरी कर रहा है।

पाटन बायपास की दुकान पर की छापेमारी

राकेश श्रीवास से की गई पूछताछ के आधार पर पुलिस ने वाहन मैकेनिक 30 वर्षीय राजेश साहू को भी गिरफ्तार किया, जो चोरी की गई गाड़ियों को ठिकाने लगाने में मुख्य भूमिका निभाता था। आरोपी राकेश गाड़ियां चोरी करके राजेश के पास लाता था, जिसके बाद राजेश उन वाहनों के पार्ट्स अलग कर देता था। पुलिस ने दोनों आरोपियों की निशानदेही पर पाटन बायपास और उनकी दुकान पर छापेमारी की। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 15 चोरी के दोपहिया वाहन और भारी मात्रा में खुले हुए इंजन पार्ट्स बरामद किए हैं।

सेवा में कमी पर इंटीरियर कंपनी को उपभोक्ता आयोग का नोटिस

जबलपुर। जिला उपभोक्ता आयोग ने इंटीरियर डिजाइन कंपनी व उसके मालिक सिद्धार्थ खरे को सेवा में कमी के लिए नोटिस जारी किया है । आयोग ने एक परिवाद पर अनावेदकों से जवाब-तलब किया है। परिवादी निखिल भट्ट की ओर से अधिवक्ता कार्तिक जग्गी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि संबंधित इंटीरियर कंपनी ने पहले कम दर पर कार्य करने का अनुबंध किया, लेकिन बाद में अपने ही अनुबंध से पलटते हुए उससे इनकार कर दिया। अधिवक्ता के अनुसार कंपनी ने अनुचित व्यापार प्रथा अपनाते हुए परिवादी को भ्रमित किया और कार्य को लेकर लगातार टालमटोल करती रही। निर्धारित समयावधि में काम पूरा नहीं किया गया। इतना ही नहीं, कंपनी की ओर से परिवादी के फोन काल और संदेशों का जवाब देना भी बंद कर दिया गया। अधिवक्ता ने यह भी कहा कि कंपनी द्वारा जो आंशिक कार्य किया गया, वह भी सेवा में कमी (डिफिशिएंसी आफ सर्विस) की श्रेणी में आता है। अधिवक्ता के तर्कों का संज्ञान लेते हुए उपभोक्ता न्यायालय ने कंपनी और उसके मालिक को नोटिस जारी कर मामले में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

जमतरा घाट में 13 मार्च को नहाते समय डूबे थे 2 युवक

64 घंटे बाद मिला एक छात्र का शव, दूसरे की तलाश

हरिभूमि जबलपुर।

गौर पुलिस चौकी क्षेत्र में नर्मदा नदी के जमतरा घाट पर डूबे दो युवकों में से एक का शव सोमवार सुबह बरामद कर लिया गया। करीब 64 घंटे तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद रेस्क्यू टीम को जॉनी इक्का का शव भटौली घाट के पास मिला। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। दूसरे युवक एडविन जॉर्ज की तलाश अब भी जारी है। गौर पुलिस चौकी प्रभारी नितिन पांडे ने बताया कि 13 मार्च की शाम करीब चार बजे जमतरा घाट पर स्नान के दौरान दो छात्र तेज बहाव में बह गए थे। सूचना मिलते ही गोताखोरों और रेस्क्यू टीम को लगाया गया था। नदी में तेज धारा और पत्थरीले हिस्से के कारण तलाश अभियान में दिक्कतें आ रही थीं, फिर भी टीम लगातार सर्चिंग कर रही थी।

22 वर्षीय जॉनी इक्का सेंट अलॉयसियस इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज का छात्र था और गौर स्थित हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा था। वह मूल रूप से अंबिकापुर का रहने वाला था। उसका मित्र 22 वर्षीय एडविन जॉर्ज विंज , जो अनूपपुर का निवासी बताया गया है, उससे मिलने जबलपुर आया था। घटना के दिन जॉनी अपने दोस्तों के साथ नर्मदा स्नान के लिए गया था। नहाते समय तेज बहाव में तीन युवक फंस गए। एडविन ने साहस दिखाते हुए दो साथियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन तीसरे साथी को बचाने के प्रयास में वह खुद भी गहराई में चला गया और बह गया।

पुलिस ने मामले में गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू की थी। फिलहाल एडविन की खोज के लिए रेस्क्यू टीम भटौली घाट और आसपास के इलाकों में तलाश अभियान चला रही है।

मुकादम गंज में खड़े ऑटो में लगी आग, बड़ा हादसा टला



जबलपुर। व्यस्त व्यावसायिक क्षेत्र मुकादम गंज में मंगलवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सड़क किनारे खड़े एक ऑटो में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग तेजी से फैल गई और ऑटो धू-धू कर जलने लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ऑटो खड़ा था तभी उसमें से धुआं निकलता दिखाई दिया। कुछ ही मिनटों में लपटें उठने लगीं, जिससे आसपास के दुकानदारों और राहगीरों में दहशत फैल गई। लोगों ने बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक वाहन का अधिकांश हिस्सा जल चुका था। घटना के समय ऑटो में कोई सवार नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

व्यवसाय का झांसा देकर सवा 7 लाख हड़पे

आरोपी जालसाज के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

जबलपुर। कोतवाली थानान्तर्गत चंडाल भाटा के सामने स्थित एक व्यवसायी काम्पलेक्स में एक व्यक्ति ने किराये पर दुकान लेने के बाद दुकान मालिक को ई बाईक, बल्ब के कारोबार में अच्छा मुनाफा कमाने का झांसा देकर उसे कम्पनी से सीधे माल की आपूर्ति करने की बात कहकर सवा सात लाख रूपए ले लिये। समय बीतने पर जब उक्त व्यक्ति पर दुकान मालिक को संदेह होने लगा तो वह उसे लगातार अपनी बातों के जरिए टलता रहा। कुछ दिनों बाद दुकान मालिक को पता चला कि उसे उसके किराये दार ने कारोबार का झांसा देकर सवा सात लाख रूपए की चपत लगा दी है। आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी व अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। कोतवाली पुलिस ने घटना के संबंध में बताया कि जयप्रकाश नगर आधारताल निवासी आलोक जैन की चंडाल भाटा के सामने समदड़िया अभिनंदन काम्पलेस शॉप नंबर-४ की दुकान है। इस दुकान को जय सिंह महोबिया ने पांच वर्ष पूर्व स्वयं को मदन तारा इन्ड्रस्टीज दिल्ली का डायरेक्टर बताकर किराये पर लिया था। ११ माह का एर्गीमेंट समाप्त होने के बाद जयसिंह ने दुकान को छोड़ते हुए आलोक जैन से कहा कि मुझे इस धंधे में घाटा हो गया है। यदि तुम इस विजनेस को आगे चलाना चाहते हो तो मैं तुम्हारी मदद कर सकता हूं। जयसिंह ने कहा कि हमारी कम्पनी आपको ई-बाईक व बल्ब प्रोडक्ट उपलब्ध करायेगी इसके लिए पहले एडवांस देना पड़ेगा। जयसिंह की बातों में आकर आलोक जैन ने अलग-अलग तिथियों में उसे सात लाख २५ हजार रूपए का भुगतान बैंक खातों के माध्यम से किया। तीन-चार माह बीतने पर जब आलोक जैन को प्रोडक्ट की सप्लाई नहीं हुई तो उसने जयसिंह से सम्पर्क साधा जय सिंह बोला कि तीन-चार माह की अवधि तक कम्पनी का ब्याज देगी आलोक को जयसिंह की बातों पर शक गहराने लगा वह पैसा वापिस मांगने पर हमेशा टालमटोल करता। इस तरह जयसिंह ने आलोक जैन को कारोबार में मुनाफा का झांसा देकर सवा सात लाख रूपए हड़प लिये।

पमरे ने 8 हजार 186 करोड़ का ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल में वाणिज्य परिचालन विभाग के प्रमुख एवं वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा किए गए समन्वित प्रयासों के परिणामस्वरूप पश्चिम मध्य रेलवे ने चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 तक यानि ग्यारह माह में रूपये 8186 करोड़ का कुल प्राम्भिक राजस्व अर्जित किया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि (रूपये 7390 करोड़ 65 लाख) की तुलना में 10.76 प्रतिशत अधिक है, तथा रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य (7849 करोड़ 38 लाख रूपये) ऑरिजनेटिंग रेवन्यू से 4 प्रतिशत अधिक है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No. : MPHIN/2008/24240